आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी 04:32 तक उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
वर्ष 3, अंक 314, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम 14

बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी 12

## गिल बने इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई टेस्ट कप्तान



बर्मिंघम, एजेंसी

शुभमन गिल (नाबाद 265 रन) इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। गुरुवार को एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले वे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्र्स पर बनाए थे। गिल भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में 7 दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (द. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन द्वारा बनाए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर था। सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज गिल हैं।

## मजबूत भारत समृद्ध विश्व के निर्माण में देगा योगदान

### घाना की संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी- हम दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ

अक्रा (घाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है।

मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।



मोदी को सम्मानित करते घाना के राष्ट्रपति महामा।

### मोदी को घाना का राष्ट्रीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शासन कौशल और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

## एक नजर

### दिल्ली जल बोर्ड मामले में पूर्व मंत्री जैन से पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। जैन पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया गया।

### एम्स ट्रॉमा सेंटर के निकट ट्रांसफार्मर में धमाका

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर के निकट गुरुवार दोपहर को एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा कि हमें अपराह्न 3:34 बजे एम्स ट्रॉमा सेंटर में एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लगने की सूचना मिली।

### समिक पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष बने

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य को गुरुवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष आधिकारिक रूप से घोषित किया गया और वह 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

## उप्र रोजगार मिशन बनेगा, युवाओं को देश-विदेश में मिलेगी नौकरी

**योगी मंत्रिमंडल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, हर हाथ को काम देने की दिशा में एक और कदम**

### एक वर्ष में देश के अंदर एक लाख और विदेशों में 25-30 हजार निजी क्षेत्र में रोजगार का लक्ष्य

- श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधीन बनेगा मिशन, पांच स्तरीय संरचना के साथ पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है। यह कार्य कोई कंपनी नहीं बल्कि सीधे राज्य सरकार करेगी। बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई।

राज्य सरकार की ताजा पहल उत्तर प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र (ग्लोबल एचआर हब) बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। वहीं सरकार के हर हाथ को काम देने के वायदे को भी धार मिलेगी। कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है।

अनिल राजभर के मुताबिक, अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा। श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा। इस कड़ी में देश-विदेश में रोजगार मांग का सर्वेक्षण करना, प्रतिष्ठित कंपनियों की सूची तैयार कर उनकी डिमांड लेना, स्किल गैप का आकलन और आवश्यक प्रशिक्षण, भाषा प्रशिक्षण और प्रिडिपार्चर ओरिएंटेशन, करियर काउंसलिंग और कैम्पस प्लेसमेंट, प्लेसमेंट के बाद सहायता व फॉलोअप सेवा देना मिशन की प्रमुख गतिविधियों में शामिल होगा। वहीं मिशन की संगठनात्मक संरचना देखें तो उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी।



कैबिनेट की बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अन्य प्रमुख निर्णय

- खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम
- व्यापारियों पर जीएसटी अपील की राशि का बोझ किया कम
- अयोध्या में एनएसजी हब के लिए भूमि 99 वर्ष की लीज पर
- 21500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सौर ऊर्जा को 19 हजार करोड़

### ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को हरी झंडी दिखाई है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये व्यय किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा।

## भारत में एशिया कप खेल सकेगी पाकिस्तान की टीम

- जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा
- अगले महीने से बिहार के राजगीर में होगा आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।

सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। इसी तरह हम पाकिस्तान की भागीदारी वाले किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

मंत्रालय के इस फैसले से सितंबर में यहां होने वाले निशानेबाजी जूनियर विश्व कप और सितंबर-अक्टूबर में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान की भागीदारी का रास्ता भी साफ हो गया है। सूत्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खेल की मांग है कि हम भागीदारी से पीछे नहीं हट सकते।



### एशिया कप क्रिकेट में खेलने पर भी अटकलें

यह पूछने पर कि क्या सितंबर में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी जाएगी, सूत्र ने कहा कि बीसीसीआई ने अभी इस मसले पर संपर्क नहीं किया है। जब वे संपर्क करेंगे तो हम इस मसले पर बात करेंगे। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारत और पाकिस्तान महाद्वीपीय टूर्नामेंट के दौरान राउंड रॉबिन मैच में एक-दूसरे से खेलेंगे जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) या श्रीलंका में आयोजित होने वाला है हालांकि मूल मेजबान भारत ही है।

## जैकलीन की प्राथमिकी रद्द करने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने याचिका खारिज कर दी जिसमें मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दूसरे पूरक आरोपपत्र और दिल्ली की एक निचली अदालत में लंबित कार्यवाही को भी रद्द करने का निवेदन किया गया था। ईडी के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि एक विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत (आरोपपत्र) का संज्ञान लिया है और प्रथम दृष्टया मामला पाया है। वकील ने कहा कि संज्ञान आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। फर्नांडीज चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में आरोपी हैं और जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुई थीं।



## डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ विज्ञापन प्रसारित करने पर रोक

- दिल्ली हाईकोर्ट ने विज्ञापन में पतंजलि के दावों को माना भ्रामक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से पतंजलि पर गुरुवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पतंजलि को विज्ञापन प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध करने वाली डाबर की अंतरिम याचिका को स्वीकार कर लिया।

डाबर की याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश' यह दावा करके विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है। याचिका के अनुसार, यह दावा अन्य ब्रांड के लिए अपमानजनक है। याचिका में दावा किया गया है कि इसके अलावा, विज्ञापन में झूठे और भ्रामक बयान दिए गए हैं, जिनमें डाबर च्यवनप्राश के साथ अपमानजनक तरीके से तुलना की गई है। अधिवक्ता जवाहर लाला और मेघना कुमार डाबर की ओर से पेश हुए। याचिका में दावा किया गया है कि विज्ञापन में अन्य सभी च्यवनप्राश के संदर्भ में साधारण शब्द का इस्तेमाल किया गया और दर्शाया गया कि वे निम्न हैं। विज्ञापन में यह झूठा दावा भी किया गया कि अन्य सभी निर्माताओं को आयुर्वेदिक ग्रंथों और च्यवनप्राश तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूला के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सौदे को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य हार्डवेयर और प्लेटफार्मों के लिए पूंजीगत अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी। पूंजीगत अधिग्रहण से आशय उस व्यय से है, जो बजट में पूंजीगत मद में वर्णित होता है। डीएसी ने बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, एकीकृत सामान्य इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी।

## अब सहायक आचार्य के लिए परीक्षा

- राजकीय महाविद्यालयों में अभी तक साक्षात्कार के आधार पर होता था चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा (सब्जेक्टिव टाइप) एवं साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

इसके लिए उप्र. उच्चतर शिक्षा (समूह क) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली-2025 को प्रख्यापित किए जाने को मंजूरी दी गई। लोकभवन लखनऊ में गुरुवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ा यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया उप्र. उच्चतर शिक्षा (समूह क) सेवा नियमावली, 1985 के नियम 15(3) के अंतर्गत केवल इंटरव्यू के माध्यम से की जाती थी। यह पद समूह क श्रेणी का महत्वपूर्ण पद है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा, शोध और उनके भविष्य को प्रभावित करता है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया था कि चयन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष तथा गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन में पक्षपात की संभावनाएं बनी रहती थीं, जिससे कई बार योग्य अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल पाता था। नई संशोधित व्यवस्था में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के माध्यम से अभ्यर्थियों का समग्र मूल्यांकन होगा, जिससे न केवल उनके विषय ज्ञान की परख हो सकेगी, बल्कि उनके शिक्षण कौशल एवं शोध क्षमता का भी आकलन किया जा सकेगा। इससे राजकीय महाविद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों का चयन संभव हो सकेगा, जो शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होगा। यह संशोधन उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा नियमावली, 1985 के भाग-5 के नियम 15(3) में किया गया है, और संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग को प्राप्त अधिकारों के तहत पारित किया गया है।

## न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाने पर प्रमुख विपक्षी दल सहमत : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रस्ताव पर जल्द लिए जाएंगे सांसदों के हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जाएगा, हस्ताक्षर कराए जाएंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है।

समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है।

## सौरमंडल में घुसे अज्ञात खतरनाक पिंड ने मचाई हलचल

### पड़ताल में जुटे एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक, ए11पीएल3जेड दिया गया इस पिंड का अस्थायी नाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** किसी दूसरे सौर मंडल से हमारे सौर मंडल में घुस आए खतरनाक (इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट) पिंड ने हलचल पैदा कर दी है जिसे लेकर दुनिया भर के एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक पड़ताल में जुट गए हैं। यह तीसरा अवसर है, जब किसी दूसरे सौर मंडल का सदस्य हमारे सौर मंडल में घुस आया है। इसका अस्थायी नाम ए11पीएल3जेड दिया गया है।

यह बाहरी पिंड लगभग 20 किलोमीटर चौड़ा है और वर्तमान में 66 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह इटली के वैज्ञानिक अर्नेस्टो गुइडो के नेतृत्व में खगोलविदों ने ऑस्ट्रेलिया में रिमोट नियंत्रित दूरबीन के जरिए इसकी तस्वीर खींची है। इसकी खोज 14 जून को नासा के एटलस क्षुद्रग्रह प्रणाली वेधशाला से की गई थी। यह एक रहस्यमय पिंड है। वर्ष 2017 में इसी तरह का एक रहस्यमय पिंड इम्यूमुआ को पहली बार देखा गया था और इसके दो साल बाद 2019 में धूमकेतु बोरिसोव को देखा गया था। बोरिसोव के बाद हमारे सौर मंडल से गुजरने वाला यह तीसरा इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिक अगले कुछ महीने इस पिंड के ऑब्जर्वेशन में बिताएंगे। प्रारंभिक गणना के अनुसार यह अक्टूबर 2025 में पृथ्वी और मंगल के बीच से गुजरने वाला है। फिलहाल वैज्ञानिकों का मानना है कि इस पिंड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी इसकी कक्षा को लेकर सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।



अज्ञात पिंड ए11पीएल3जेड की ताज़ा तस्वीर।

- **20** किलोमीटर चौड़ा है पिंड
- **66** किमी प्रति सेकेंड की गति
- **2017** में आया था इम्यूमुआ
- **2019** में धूमकेतु बोरिसोव

### वापस अपने सौर परिवार में चला जाएगा

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार, हम अपने सौर परिवार के सभी पिंडों से अवगत हैं, लेकिन किसी दूसरे सौर प्रणाली से आने वाले पिंड के प्रकार, प्रकृति व कक्षा से अनभिज्ञ होते हैं। संभव है कि वह हमारे लिए बड़ा खतरा हो सकता है, जिस कारण इन पर नजर रखना जरूरी हो जाता है। प्राथमिक अध्ययन के अनुसार यह ए11पीएल3जेड पृथ्वी के करीब तो आ रहा है, लेकिन दूर से गुजर जाएगा। इससे किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। यह वापस अपने सौर मंडल में वापस लौट जाएगा।

# पति, सास-ससुर और जेठ को दहेज हत्या में 9 साल की कैद

## एडीजे तृतीय पूर्णिमा पाठक ने दिया 5 साल पुराने केस में फैसला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



पुलिस अभिरक्षा में खड़े दहेज हत्या के दोषी अभियुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब 5 साल पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता पर पेट्रोल डालकर आग लगाकर मारने के आरोप सिद्ध होने पर पति, सास, ससुर व जेठ को 9-9 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही 20-20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड न देने पर 6-6 महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई जाएगी।

शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि गुरुवार को यह फैसला एडीजे तृतीय पूर्णिमा पाठक ने दिया। घटनाक्रम के मुताबिक जगदीश उर्फ लड्डे पुत्र रामलाल निवासी रावण पुर्वा चौराहा थाना बिलग्राम जिला हरदोई ने तिर्वा कोतवाली में 21 मई 2020 को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 25 वर्षीय पुत्री सुमिता की शादी तिर्वा इलाके के गांव कोडर निवासी देवेंद्र पुत्र धनीराम के साथ 2017 में की थी। दहेज में बाइक, भैंस व एक लाख

● **20-20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया, न देने पर अतिरिक्त कैद**

रुपये की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके साथ मारपीट की गई। दहेज न देने पर 20 मई को पेट्रोल डालकर आग लगा दी जिससे सुमिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोडर गांव में ही ब्याही दूसरी पुत्री ममता को जब आग लगाने की खबर मिली तो वह राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर गई थी। सूचना पर जगदीश भी पत्नी सूरजमुखी व पुत्र नौरंग के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। मामले की विवेचना तत्कालीन सीओ श्रीकांत प्रजापति के बाद सीओ दीपक दुबे ने की। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोडर निवासी कलावती (सास) पत्नी धनीराम, धनीराम (ससुर) पुत्र कालीचरन, देवेंद्र (पति) व मुकेश (जेठ) पुत्रगण धनीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सभी पर आरोप सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई।

## दबंगों ने नाबालिग से की मारपीट

**तिर्वा,कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के कनौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने नाबालिग से मारपीट कर दी। शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे नाराज पीड़ित किशोर की मां ने सीओ से न्याय की गुहार लगाई है।

कनौली गांव निवासी सरमन की पत्नी पार्वती ने बताया कि गांव के ही विपक्षी पक्ष से पुराना विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते बुधवार को विपक्षियों ने उसके नाबालिग बेटे को अकेला पाकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। घायल अवस्था में जब बेटा घर पहुंचा तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पार्वती उलाहना देने विपक्षी के घर गई तो वहां भी उसे अपशब्द कहकर भगा दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे विपक्षियों के हौसले और बढ़ गए हैं। पुलिस की निष्क्रियता से क्षुब्ध पार्वती ने सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले में न्याय की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



छात्र को प्रमाण पत्र देते संयुक्त बीडीओ दिनेश चंद्र, साथ में बीएसए संदीप कुमार व बीईओ मधुलिका बाजपेयी। अमृत विचार

## सबसे ज्यादा स्कूल जाने वाले विद्यार्थी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विद्यालयों में छात्र संख्या व उनकी हाजिरी बढ़ाने की पहल बेसिक शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। सबसे अधिक स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नए प्रवेश बढ़ाने की बात कही गई।

स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लॉक सदर क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय दंदौरा खुर्द में बीएसए संदीप कुमार, संयुक्त बीडीओ दिनेश चंद्र व बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने संयुक्त रूप से जागरुकता रैली का शुभारंभ किया। अधिकारियों व शिक्षकों ने गांव में जाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराने व नियमित स्कूल भेजने की बात कही। इससे पहले विद्यालय परिसर में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में सर्वाधिक उपस्थिति वाले व मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय परिसर में कायाकल्प हुए कक्ष का लोकार्पण और पौधरोपण किया गया। अधिकारियों ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता चखी। भोजन बेहतर होने पर रसोइयों की सराहना की।

## सार-संक्षेप

### पिता-भाई को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म

**तिर्वा, कन्नौज।** चल रहे प्रेम प्रसंग के बीच दो माह से प्रेमिका से विवाद हो गया। इससे प्रेमिका को अकेला पाकर प्रेमी ने उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी दी। पहले की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए युवती के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली के गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि गांव के ही एक युवक से उसका ढेड साल से प्रेम प्रंसग चल रहा था। करीब दो माह से युवक से विवाद हो जाने के बाद बोलचाल बंद थी। युवक ने कई बार उससे बोलने का दबाव बनाया पर युवती ने मना कर दिया। दो जुलाई को युवती घर पर थी तभी प्रेमी आया और उसे उठाकर ले गया। जब उसने विरोध किया तो उसको पहले की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। उसके पिता और भाई को जान से मार देने को कहा। धमकी से वह डर गई। इसका फायदा उठाकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत उसने अपने घर वालों से की। इस बात से नाराज होकर युवक ने उसके साथ मारपीट की। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दलित को पीटा

**सौरिख,कन्नौज।** क्षेत्र के उड़ेलापुर गांव निवासी श्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ जाटव ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 1 जुलाई की रात समय लगभग 11 बजे पड़ोसी गांव खानपुर निवासी प्रशांत पुत्र मेहरबान पुरानी रंजिश को लेकर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मेरे दरवाजे आए और जाति सूचक गाली गलौज देने लगे जब गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगे। शोर को सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों मौके से भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रशांत व दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को पीट, घर से निकाला

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के कबीरपुर निवासी दिलदार हुसैन ने अपनी बेटी मंतशा की शादी 10 दिसम्बर 21 को फर्रुखाबाद जनपद के जहानगंज थाना क्षेत्र के भड़ौसा निवासी गुलाम गौस पुत्र नफीस सिद्दीकी के साथ दान दहेज देकर की थी। शादी में दिए गए दहेज से पति गुलाम गौस, ससुर नफीस सिद्दीकी, ननद रूबीना और जेठ गुड्डू ने सोने की चैन और दो लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। 11 जुलाई 24 को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। मंतशा ने मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### विद्यालय में गंदगी देख वीओ ने दिए साफ सफाई के निर्देश

**तिर्वा, कन्नौज।** प्राथमिक विधालय में गंदगी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद निरीक्षण के लिए पहुचे वीओ ने साफ सफाई के साथ छात्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उमर्दा विकास खंड के बढनपुर वीरहार गांव में खुले कंपोजिट विद्यालय खुले दो दिन बीतने के बाद स्कूल में पानी, शौचालय खराब के साथ गंदगी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गुरुवार को निरीक्षण के लिए पहुंचे वीओ विपिन कुमार चौधरी ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में पडी गंदगी को देखकर साफ सफाई के निर्देश दिए। विद्यालय में निरीक्षण के दौरान 61 छात्र पाए गए। कंपोजिट विधालय में छात्रों की संख्या कम देखकर उन्होंने तैनात शिक्षकों को छात्रों की संख्या अधिक से अधिक बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षको को निर्देश दिए कि गांव गांव लोगों से सपंर्क करके जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहे उन बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करते हुए उनका स्कूल में नामांकन करके शिक्षा दी जाए।

### सीएचसी जलालाबाद का संयुक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

**जलालाबाद, कन्नौज।** गुरुवार की दोपहर लगभग 01 बजे संयुक्त निदेशक, कानपुर मंडल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जसपुरापुर तथा आयुष्मान आरोग्य मंद्दिर अटारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक के मिश्रा ने सीएचसी के इमरजेंसी कक्ष, ओपीडी कक्ष, लैब, नेत्र परीक्षण कक्ष, कोल्ड रूम, स्टोर रूम, उपस्थित पंजिका आदि का सघन निरीक्षण किया। उपस्थित स्टाफ से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के पश्चात निदेशक ने किये गए प्रयासों की सराहना करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार सीएचसी की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और बेहतर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार, फार्मासिस्ट सतेन्द्र यादव, शशांक कटियार, लैब टेक्नीशियन सुशील कुमार, आदि रहे।

## उप महानिरीक्षक जेल ने किया निरीक्षण

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** उपमहानिरीक्षक कानपुर द्वारा कारागार में चंदन का पेड़ लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम आगमन पर जेल अधीक्षक ने उप महानिरीक्षक का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।

गुरुवार को उपमहानिरीक्षक प्रदीप गुप्ता कानपुर के द्वारा अपने प्रथम आगमन पर जिला कारागार का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान लगे सुरक्षा उपकरण सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र, वाटर हाइड्रेट पॉइंट, मुलाकात, महिला बैरक, पाकशाला, बाल बैरक, अस्पताल व बंदियों की परेड

● **चंदन का पेड़ लगाकर किया अभियान का शुभारंभ**

शास्त्र आधार की सुरक्षा गौशाला बंदियों के व्यायाम, ओपन जिम, आदि के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपमहानिरीक्षक प्रदीप गुप्ता के द्वारा जेल परिसर में चंदन के पेड़ का वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि ओडीओपीके अंतर्गत जनपद में इत्र का कारोबार है। इसी से संबंधित कार्य जेल में लेमनग्रास की खेती व चंदन के पेड़ लगाए जाएंगे। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एसबीएस कॉलेज में 19 को होगी कंपार्टमेंट परीक्षा

**कन्नौज।** प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि 19 जुलाई को हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/ कंपार्टमेंट परीक्षा सुबह साढ़े 8 से पौने 12 बजे तक होगी। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा भी 19 तारीख को ही दोपहर 2 से शाम सवा 5 बजे तक होगी। इसके लिए शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

वर्ष 2025 में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रभारी डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले परीक्षार्थियों का केंद्र पर पहुंचना जरूरी है।

## चार बच्चे लापता, परिजन परेशान

संवाददाता तिर्वा,कन्नौज



बच्चे जाने के बाद दुखी बैठे परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक ही गांव क़े चार किशोर घर से चले जाने क़े मामले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इससे परिजनो पर दुखों का पहाड टूट गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने तहरीर क़े आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

थाना इंदरगढ़ के हाजीपुर गांव निवासी रिषु (15) पुत्र कमल, कुस (14) पुत्र विनोद, मंजीत (15) पुत्र राजकुमार, मनीष (14) पुत्र हरिनारायण चारों किशोर आपस में अच्छे मित्र थे। बुधवार की दोपहर चारो किशोर अपने अपने घरों से बकरी लेकर चराने के लिए गांव के बाहर खेतो की और गए थे। शाम के समय सभी लोग बकरी लाकर अपने अपने घरों में बांधकर खाना खाकर घर से एक ही समय पर बाहर टहलने की कहकर निकल गए। जब देर रात तक सभी बच्चे वापस नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। किशोरों के परिजन उनकी खोज में जुट गए। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लगा। हरिनारायण की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने बताया कि चारों बच्चे घर पर कोई न कोई बहाना बताकर निकले हैं। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमेरे खंगाले जा रहे हैं। तहरीर क़े आधार पर घर से चले जाने की रिपोर्ट दर्ज की।

## जलभराव से निपटने को 5 पंप लगे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



हर्षनगर में पंप से जल निकासी की व्यवस्था परखते ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी।

**अमृत विचार।** शहर में बरसात के समय लोगों को कई स्थानों पर जलभराव की समस्या से इसको लेकर नगर पालिका परिषद की ओर से पांच पंप लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की गई है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि सरायमीरा के मोहल्ला हर्ष नगर का पानी अंधा मोड़ स्थित तालाब में जाता है। बरसात होने पर स्लो होने की स्थिति में यह सारा पानी मोहल्ला स्थित घरों में जाता है जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए दो पंपों की व्यवस्था कर पानी निकलवाया जा रहा है जिससे बरसात होने पर मोहल्ले के लोगों को परेशानी से न जूझना पड़े। इसके अलावा धीरातल के पास स्थित मोहल्ला कृष्णा नगर में लंबे समय से जल भराव की समस्या है जो बरसात के समय और गंभीर हो जाती है। इसको दूर करने के लिए मोहल्ले के पास एक पंप तथा दूसरा पंप जीटी रोड के किनारे होटल के सामने लगाया गया है। दोनों पंपों के माध्यम से मोहल्ले का पानी खींचकर पाटा नाला तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कलेक्ट्रेट परिसर में भी जल भराव की समस्या है जिसको दूर करने के लिए यहां स्थित टंकी के पास भी एक पंप लगाकर जल निकासी की व्यवस्था कर दी गई है। उनका कहना है इन व्यवस्थाओं के बाद संबंधित मोहल्ले में जल भराव की समस्या से काफी हद तक छुटकारा मिलने की उम्मीद है। और कहीं इस तरह की दिक्कत आती है तो पालिका की ओर से पंप लगाकर जल भराव को समाप्त कराया जाएगा।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**कन्नौज।** हरदोई रोड पर डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत तीन लोग घायल हो गये।

कानपुर देहात जनपद के रसूलाबाद के मोहल्ला आजादनगर निवासी सुहैल (25), नाजिम (28), नाजिमा(25) पुत्री अजहर हसन एक ही बाइक पर सवार होकर गुरुवार की दोपहर हरदोई जनपद के कस्बा बिलग्राम किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही इनकी बाइक हरदोई रोड पर सदर कोतवाली के गांव कासिमपुर के निकट पहुंची उसी समय तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों लोग गिर पड़े। जानकारी पर लोगों की भीड मौके पर लग गई। लोगों ने एंबुलेंस को बुला कर तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को कानपुर रेफर किया।

## टीम ने किया नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य टीम ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इसमें अस्पताल की सुविधाओं व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ की। अस्पताल में मौजूद अव्यवस्थाओं को दूर करने के निर्देश दिए। उपकरण व स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से आ रही परेशानी को दूर करने की बात कही।

गुरुवार की दोपहर स्वास्थ्य टीम ने नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। जिसमें डा. शशांक चन्द्रा, एआरओ सर्वेश कुमार व चीफ फार्मासिस्ट आशीष स्वरूप ने अस्पताल की व्यवस्थाओं व सुविधाओं की जांच की। अस्पताल में मौजूद मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ की। अस्पताल में फैली दवाओं को एक स्थान पर रखने के निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल में पंखा, बेड आदि की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। जबकि जरूरी स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य व सुविधाएं देने के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। अस्पताल में स्वच्छ जल के लिए आरओ फ्रीजर लगवाने की बात कही। इस दौरान डॉ. अजीत कुमार, फार्मासिस्ट अजय कुमार, सर्पोटिंग स्टाफ से प्रभात कुमार, पवन दुबे, पूनम सिंह, अभिलाषा पाठक मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मै **सत्य भामा सिंह उर्फ पप्पी देवी पत्नी शैलेन्द्र बहादुर सिंह गांव जोगापुर तहसील लालगंज थाना खीरों जनपद रायबरेली** की निवासिनी हूं। मेरी भारतीय जीवन पॉलिसी संख्या 236526771 में मेरा नाम पप्पी देवी अंकित है। जबकि मेरा नाम सत्य भामा सिंह उर्फ पप्पी देवी के नाम से जानी पहचानी जाती हैं।

**सूचना**

मैं **विशनू गुप्ता पुत्र गौरी शंकर निवासी मो0 बहरा सौदागर, हरदोई** का हूँ। यह कि मेरे पुत्र नाम पूर्व में जीत गुप्ता था, जिसके नाम से आधार कार्ड जारी हुआ था। मैंने अपने पुत्र का नाम जीत गुप्ता से दस्तावेजों में परिवर्तित करके हार्दिक गुप्ता कर दिया है। अब मेरे पुत्र को हार्दिक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम RAMSHA से बदलकर RAMSHA ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME - SHAHZAD ALI ADD-10, GAUTAM BUDH MARG, AMINABAD PARK, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ROHAAN से बदलकर ROHAAN ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME, SHAHZAD ALI ADD-10, GAUTAM BUDH MARG, AMINABAD PARK, DIST-LUCKNOW -226018 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ZAINAB से बदलकर ZAINAB RAFI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME , MOHAMMAD RAFI ADD-117/84,JAMBOOR KHANA, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P)

**सूचना**

मैने अपना नाम ZAINAB से बदलकर ZAINAB RAFI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME , MOHAMMAD RAFI ADD-117/84,JAMBOOR KHANA, DIST-LUCKNOW-226001 (U.P)

**सूचना**

मैं **कु. रागिनी शर्मा पुत्री श्री भगर्वत शर्मा निवासिनी– ए–7, अवधपुरी खंड–2, खरगापुर, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226010** की हूँ, मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका क्रमांक संख्या– 1188790 सत्र 2014–15 अनुक्रमांक– 1228432 प्रमाण पत्र क्रमांक– 34020299 दिनांक– 23.06.2025 वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1407550 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226044045 वास्तव में कहीं खो गया है । **विवेक कुमार पुत्र अरविंद कुमार, पता–विकास कुंज दिबियापुर औरैया**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कैलाशा देवी उर्फ राजेश्वरी पत्नी स्व. कैलाश नि0 ग्राम सुखईपुरवा प्रताप नगर बेनीगंज देहात पो0 बेनीगंज जिला हरदोई।** मेरा नाम आधार कार्ड नं0– 5667 5198 0097 पर राजेश्वरी अंकित है तथा पिन कोड नं0–241304 है। मेरी बीमा पालिसी सं0–224434977 जिसमें कैलाशा देवी अंकित है, तथा पहचान पत्र पर कैलाशा देवी अंकित है। कैलाशा देवी व राजेशवरी दोनों नाम एक ही महिला के है अन्य किसी के नहीं है। उक्त बीमा पालिसी का भुगतान राजेश्वरी उर्फ कैलाशा देवी पत्नी स्व कैलाश के खाते में कर दिया जाये। पंजाब नैशनल बैंक शाखा बेनी गंज जिला हरदोई जिसकी खाता सं0– 1862000100147268 है।

**सूचना**

मै बेचन सुत बिशम्भर पांडे निवासी साई की तकिया नयी बाजार दोस्तपुर अपने छोटे पुत्र मोहित पांडे व बहू टिंकल के आचरण व चाल चलन से संतुष्ट नहीं हूं शादी के बाद से मुझसे अलग रह रहे हैं इन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है मै अपनी चल अचल संपत्ति से इन दोनों को बेदखल करता हूँ। **बेचन सुत बिशम्भर पांडे साई की तकिया पंडा टोला, दोस्तपुर, कादीपुर, सुल्तानपुर**

**सूचना**

मैं **शैलजा त्रिपाठी पत्नी श्री ज्ञानेश्वर त्रिपाठी निवासिनी–सी–37, बटलर पैलेस कालोनी, लखनऊ उ0प्र0** की हूँ । मेरा विवाह से पूर्व नाम शैलजा पाठक पुत्री शिव नारायण पाठक था जो कि विवाह के बाद शैलजा त्रिपाठी पत्नी ज्ञानेश्वर त्रिपाठी हो गया है। शैलजा पाठक व शैलजा त्रिपाठी दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही नाम हैं। यहकि भविष्य में मुझे शैलजा त्रिपाठी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शर्मा देवी मौर्य पत्नी दयाराम मौर्य मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या–218548983 में शर्मा देवी मौर्या पत्नी दयाराम मौर्या दर्ज है। मेरा वास्तविक नाम रेखा देवी है। मेरे पॉलिसी में दर्ज नाम शर्मा देवी मौर्या को रेखा देवी के नाम से जाना जाए। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। **शर्मा देवी मौर्य उर्फ रेखा देवी पत्नी दयाराम मौर्य, निवासी– त्योना पोस्ट बेरुआ तहसील संडीला, जिला–हरदोई**

**मोहर्रम** | जुलूस को इमाम चौक से नगर के मुख्य मार्गों सहित गलियों में निकाला गया, जुलूस में जगह–जगह बांटा गया शरबत

# मातमी धुनों के साथ निकाला अलम का जुलूस, उमड़े लोग

संवाददाता गुरसहायगंज/जलालाबाद



नगर में अलम का जुलूस निकालते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम को लेकर नगर में मातमी धुनों के साथ अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए लोगों ने करबला की शहादत को याद किया। जुलूस को इमाम चौक से नगर के मुख्य मार्गों सहित गलियों में निकाला गया।

गुरुवार की दोपहर मोहर्रम की सातवीं तारीख पर अलम का जुलूस मातमी धुनों व गमगीन माहौन में सादगी से निकाला गया। जुलूस की शुरुआत नगर के मुहल्ला किदवई नगर, गांधी नगर जीटी रोड स्थित इमाम चौक से की गई। इसके बाद अलम का जुलूस नगर के जीटी रोड, मो. अफसरी, चकोर गली, तिर्वा रोड होता हुआ मुरादगंज पहुंचा। यहां से इमाम चौक पर जुलूस का समापन कर दिया गया। इसी तरह कस्बा जलालाबाद में भी मातमी दोनों के साथ अलम का जुलूस निकाला गया। इमाम चौक से चलकर जीटी रोड, सदर बाजार, तुर्कियान मोहल्ला में पहुंचा। अकीदतमंद करबला में शहीद हुए लोगों को याद कर जुलूस में शामिल हुए। नगर के विभिन्न स्थानों पर जुलूस में शरबत बांटा गया। जबकि ईमाम चौक पर देर रात तक अकीदतमंद फातिहा व इबादत के लिए पहुंचते रहे। जुलूस में शहर काजी हाफिज जुम्मन, अध्यक्ष लालमियां, मुन्ना, सूफी कमर, शकील फारूखी, राशिद, फैजान, मुनीर कुरैशी, मुकीम खां मोहम्मद तालिब, प्रिंस टेलर, नियाज कुरैशी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## मोहर्रम की सातवीं तारीख को निकला अलम का जुलूस

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** अलम का जुलूस दो बजे कबीरपुर से राजापुर पहुंचा। वहां पर मजलिस हुई उसके बाद अलम का जुलूस राजापुर इमामबाड़ा से सौरिख बस्ती का भ्रमण करता हुआ पाल तिराहे से कबीरपुर ,राजापुर व सौरिख का जुलूस अपने अपने गंतव्य स्थानों (इमामबाड़ों) पर समाप्त हुआ ,जुलूस से पहले कबीरपुर व राजापुर की मस्जिदों में मजलिस का एहतमाम किया गया ।

मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास ने कहा कि क्या आप जानते हैं मोहर्रम क्या है मोहर्रम हमें भ्रष्टाचार, अत्याचार, आतंकवाद ज़ालिम के खिलाफ आवाज उठाने का हौसला देता है। जुलूस में कबीरपुर, राजापुर व सौरिख की अंजुमने नौहा ख्वानी और मातम करते हुऐ चल रहे थे। या हुसैन की सदायें बुलंद हो रही थीं। जुलूस में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अली अब्बास,एवं भारतीय जनता पार्टी के सह प्रभारी दिलदार हुसैन, मौलाना मोहम्मद मेहदी, मौलाना सैय्यद रिजवान हुसैन,मौलाना वसीम अब्बास साहब, तौसीफ यूसुफ, गुलाम अब्बास, निशात हुसैन, हुसैन हैदर आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

शुक्रवार को हल्के बादल छाए रहेंगे हल्की बारिश होने की संभावना बनी रहेगी।

34.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 20 | सूर्यास्त 07 : 09

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# मुश्किल हालातों में जी रहे बच्चों के लिए स्पॉन्शरसिप योजना

## प्रति परिवार अधिकतम 2 बच्चों को हर महीने मिलता 4-4 हजार रुपये का लाभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुश्किल हालातों में जी रहे बच्चों के जीवनयापन व पढ़ाई के लिए स्पॉन्सरशिप योजना चल रही है। योजना के तहत प्रति बच्चे के हिसाब से 4 हजार रुपये मासिक लाभ मिलता है। एक परिवार के अधिकतम 2 बच्चों को लाभ मिलता है। अब तक ऑफलाइन आवेदन लिए जाते रहे, जल्द ही ऑनलाइन व्यवस्था शुरू हो जाएगी।

महिला कल्याण विभाग (प्रोबेशन विभाग) से मिशन वात्सल्य के तहत स्पॉन्सरशिप योजना चल रही है। इसके तहत बच्चे के 18 साल होने तक प्रति महीने 4 हजार रुपये के हिसाब से लाभ दिया जाता है। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मार्च तक 463 लाभार्थियों को योजना के तहत भुगतान किया गया था।

वर्तमान में 679 बच्चों के लिए अनुमोदन मिल चुका है। 20 आवेदन विकास खंड व तहसील में लंबित हैं। बताया गया है कि योजना शुरू होने पर लक्ष्य 100 का ही आया था, लेकिन पात्रों की संख्या अधिक होने पर आवेदन बढ़ गए। लाभ पाने के लिए गांव क्षेत्र में रहने वाले परिवार की सालाना आय 72 हजार रुपये और शहरी इलाके के परिवारों के लिए आमदनी 96 हजार रुपये से कम होनी चाहिए। अगर माता-पिता दोनों ही जीवित नहीं हैं तो आय सीमा का नियम लागू नहीं होगा। मां तलाकशुदा हो तो भी लाभ मिलेगा।



विकास भवन में दूसरी मंजिल स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय। अमृत विचार

**यह लगेगा आवेदन में**

माता-पिता का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, स्कूल में पढ़ने का प्रमाण पत्र व अभिभावक के साथ संयुक्त बैंक खाता की फोटो कॉपी आवेदन में लगती हैं।

- **ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी, अब तक लिए गए ऑफलाइन आवेदन**

प्रदेश में 40 हजार हजार आवेदनों का लक्ष्य था, उसके सापेक्ष 60 हजार आवेदन आ गए। अब ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू होने वाली है इसके लिए पोर्टल विकसित हो चुका है। जिनके आवेदन स्वीकृत हैं या लाभ मिल रहा है उनकी फीडिंग चल रही है। आगे चलकर कोई भी पात्र परिवार ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। ऑफलाइन आवेदन नहीं लिए जाएंगे।

**–महेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी**

अगर माता या पिता में कोई एक गंभीर या जानलेवा बीमारी से पीड़ित है, जो बच्चे बेघर हैं या निराश्रित तो भी पात्रता के दायरे में आते हैं। जेल में बंद सजायाफ्ता या दिव्यांग माता-पिता के बच्चे भी आवेदन कर सकते हैं।

## विशुनगढ़ में विजिलेंस की छापामारी से बिजली चोरों में हड़कंप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरुवार की सुबह विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी पकडने के लिये छापामारी की। इससे हड़कंप मच गया। विशुनगढ़ कस्बा कुशलपुर, और सरदामई गांवों में बिजली चोरी की शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

विजिलेंस टीम ने कई घरों की जांच की, जिसमें अवैध कनेक्शनों और बिजली चोरी के मामले सामने आए। छापामारी के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो। विजिलेंस टीम प्रभारी समर पाल, जेई दिलीप शर्मा, और जेई रमेश कुमार मोर्या ने बताया कि कई घरों में अवैध कनेक्शन पाए गए हैं, जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी कनेक्शनों की जांच की जा रही है, और जिन उपभोक्ताओं के पास वैध कनेक्शन नहीं होगा, उनके खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएंगे। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ऐसी छापामारी आगे भी जारी रहेगी, और बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।




**एक नजर**

### बाइकों की भिड़ंत में किशोर व किशोरी घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घटना कुंवरपुर बनवारी में हुई जब ग्राम बहवलपुर निवासी राजकुमार की पुत्री पारुल और कुंवरपुर बनवारी निवासी जुल्फेकार पुत्र हलीब की बाइकें आपस में टकरा गईं। बताया जा रहा है कि पारुल सुनील शर्मा पुत्र विजय शर्मा निवासी महमूद खास को उनके घर छोड़ने के लिए महमूदपुर जा रही थी। सुनील जो आवास विकास स्थित प्रज्ञा पीवीसी हाउस में कार्यरत हैं। पारुल उनसे अपने घर का गेट ठीक करवाने के बाद सुनील को छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान जुल्फेकार अपनी गली से निकल रहे थे। तभी उनकी बाइक पारुल की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने पारुल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं जुल्फेकार का इलाज सौ शैय्या अस्पताल में चल रहा है, लेकिन उनकी स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है।

### पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम तथा अपराधियों की धर पकड़ अभियान में थाना विशुनगढ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी 19 वर्षीय विश्व पुत्र राजू निवासी अकना थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

# भीम आर्मी, कांग्रेस ने स्कूल मर्ज किये जाने का जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** भीम अर्मी व कांग्रेस ने सरकार की स्कूल मर्ज करने की व्यवस्था का विरोध जताया है। इस को लेकर उन्होंने कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम गुरुवार को कई कार्यकर्ताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेश को सौपा। इस में कहा गया है कि सरकार की ओर से फ्राथमिक स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इसे गरीबों के बच्चे कहां शिक्षाध्यन करेंगे। उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग की है। इसी तरह कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन की अगुवाईमें कांग्रेसी कलक्ट्रेट में जुटे। यहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा। इस में कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के लिये पूरी तरह से उदासीन है। बच्चों को हर तरह से प्रताडित करने का काम सरकार कर रही है।

सरकार ने स्कूलों को मर्जकरने का जो निर्णय लिया है वह बच्चों के हित में नहीं है। यब युवाओ को वेरोजगार करने का निर्णय है। इस निर्णय का असर सुदूर गांव के बच्चों पर पडेगा। जहां स्कूल मर्ज करने पर काफी दूर हो गया है। वहां बच्चों को पहुंचना संभव नहीं होगा। इससे वह घर बैठे जायेंगे। यही नहीं जो लोग बच्चों के लिये खाना बनाते हैं वह भी वेरोजगार हो जायेंगे।

बीएड, बीटीसी के बच्चे वेरोजगार हो जायेंगे। उन्होंने राज्य पाल से मांग की है कि इस आदेश को निरस्त किया जाये। जिससे लोग वेरोजगार होने से बच सकें। इस मौके पर आकाश बाबू कटियार, अनीस, रामू, सरफराज हुसेन, लियाकत अली, राम शंकर राठौर, पिरदोस खां, चमन, घनश्याम सिंह यादव, सलमान, अयूब, रूबी, सत्य प्रकाश, हरमोहन समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।


ज्ञापन देते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- **कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा**


कलक्ट्रेट में विरोध जताते कांग्रेसी। अमृत विचार

# कहीं भी सड़कों के आसपास कचरा डंप नहीं होगा : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **डीएम ने बैठक में दिए आरआरसी केंद्र सक्रिय रखने के निर्देश**
- **विशेष अभियान चलाकर ई-वेस्ट संग्रहण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि गंगा ग्रामों में स्थापित आरआरसी केंद्र निरंतर सक्रिय रहना चाहिए। गंगा स्वच्छता, जैव विविधता संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाए। कहीं भी सड़कों के आस पास कचरा डंप होता दिखना नहीं चाहिए।

डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण, संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए कार्य पूरे करने का समय, लागत, डिजाइन, जनभागीदारी एवं पर्यावरणीय लाभों पर आधारित विस्तृत प्रजेंटेशन तैयार कर उपलब्ध कराएं। उन्होंने ने निर्देश दिए कि ई-वेस्ट चैनलाइजेशन की प्रक्रिया के तहत पहले कार्यालयों से प्रयुक्त/ पुराने बल्व, मोबाइल, कंप्यूटर, प्रिंटर, टीवी, बैटरियों आदि का संगठित रूप से संग्रहण करने का कार्य शुरू किया जाए। साथ ही आम नागरिकों, दुकानदारों एवं सरकारी संस्थाओं को ई-वेस्ट निस्तारण की सही प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। विशेष अभियान चलाकर ई-वेस्ट संग्रहण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट (कूड़ा) के प्रभावी निस्तारण के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करें, जिसमें कूड़े का संग्रहण, परिवहन, पृथक्करण, पुनः उपयोग और वैज्ञानिक निस्तारण की पूरी प्रक्रिया सम्मिलित हो। साथ ही कूड़े के अंतरिम निस्तारण अनुभवी फाइबर/ रिसाइक्लिंग कंपनी एवं बायो-एनर्जी डेवेलपर्स की पहचान की जाए, जो तकनीकी रूप से सक्षम हों।

# अवैध स्कूली वाहनों के चालान काटे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** डीएम के निर्देश पर एआरटीओ ने अवैध रुप से चल रहे स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कई अवैध वाहनों के चालान काटे। इस दौरान इन वाहनों से उतारे गये स्कूली बच्चे तेज धूप में बिलबिलाते नजर आये। बाद में इन बच्चों को घर भेजा गया।

स्कूली वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये जिलाधिकारी ने एआरटीओ इज्या तिवारी को फोन कर अवैध रुप से चल रहे स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिये। इसी के तहत गुरुवार को एआरटीओ ने स्कूली वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कई वाहनों से स्कूली बच्चों को लाते व ले जाते पकडा गया। इन के एआरटीओ ने चालान कर दिये। वहीं स्कूली बच्चों को इन वाहनों से नीचे उतार कर खडा कर दिया गया।

तेज धूप होने से यह बच्चे भूखे प्यासे धूप में खड़े रहे। बाद में इन बच्चों को एआरटीओ ने घर भिजवाया। बताया जाता है कि जिले में कई स्कूलों में अबैध रुप से वाहन लगाये गये हैं। इन वाहनों से बच्चों को घर से स्कूल लाने व उन को घर छोड़ने की जिम्मेदारी इन अवैध स्कूली वाहनों के पास है। इन वाहनों को न तो स्कूल की तरफ से रजिस्ट्रेशन कराया गया है न ही इन में पीला पेंट किया गया है। यह पूरे दिन स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने का काम करते रहते हैं। खास बात तो यह है कि इन वाहनों पर एआरटीओ की पूरी मेहरवानी है।


अवैध स्कूली वाहनों से उतारे गये स्कूली बच्चे तेज धूप में खड़े व मौजूद एआरटीओ ।

## रोडवेज बस में जहर खुरानों ने युवक को बेहोश कर लूटा

**कन्नौज।** रोडवेज बस में युवक को जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर नकदी व सामान लूट लिया।

शहजहांपुर जनपद के थाना जलालाबाद के गांव तिलहिया निवासी सचिन(26) पुत्र राम नरेश रोडवेज बस पर बैठकर कही से आ रहा था। रास्ते में जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। इससे उसकी हालत बिगड गई। इसके बाद गिरोह के सदस्यों ने उसके पास मौजूद नकदी व सामान लूट लिया। रोडवेज बस के परिचालक ने युवक को बेहोशी की हालत में रोडवेज बस स्टैंड पर उतार दिया पुलिस ने एंबुलेंस को फोन कर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद उस की हालत में सुधार आया।

# डाककर्मी पर हमला, टेंपो से खींचकर की गई मारपीट

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- **पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर, कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार।** डाकघर में तैनात एक डाककर्मी पर टेंपो से खींचकर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि दबंगों ने उसे लाठी-डंडों और चाकू से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल डाककर्मी ने पुलिस को तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कमालगंज कस्बा निवासी अर्जुन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह उमर्दा स्थित डाकघर में पैकर पद पर कार्यरत है। डाकघर मालिक से विवाद चल रहा है। बुधवार शाम वह डाकघर बंद कर अपने घर लौट रहा था। तभी पूर्व नियोजित साजिश के तहत विपक्षी मालिक का पुत्र अपने 8-10 साथियों के साथ चार बाइकों पर उसका पीछा करने लगा। ईशन नदी पुल के पास तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर हमलावरों ने उसकी टेंपो को घेरकर रोक लिया और उसे टेंपो से नीचे खींच लिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडों व चाकू से उस पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान मौके पर राहगीरों के पहुंचने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना में अर्जुन को गंभीर चोटें आईं। वह किसी तरह कोतवाली पहुंचा और पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपा। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**सार-संक्षेप**


जलूस में मौजूद समुदाय के लोग। अमृत विचार

### शोक और श्रद्धा के साथ याद किए गए इमाम हुसैन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुरुवार की सुबह मोहल्ला विरतिया से अलम का जुलूस पूरे अदब और एहतराम के साथ निकाला गया। यह जुलूस अपने तयशुदा मार्ग से होते हुए बैंक ऑफ इंडिया के सामने स्थित भोंदू शाह बाबा की दरगाह पर सलामी देकर कर्बला पहुंचा। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर रंग-बिरंगे शरबत का इंतजाम किया गया, जिसने समुदाय के बीच एकता और भाईचारे का संदेश दिया। पुलिस ने सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है, जो 26 जून से शुरू हुआ है। यह महीना शोक और गम का प्रतीक है, जिसमें मुस्लिम समुदाय शादी या अन्य शुभ आयोजनों से परहेज करता है। इस दौरान रोजा, नमाज और इबादत के जरिए इमाम हुसैन और उनके परिवार की शहादत को याद किया जाता है। गुरुवार को चांद की सातवीं तारीख को निकले इस जुलूस में श्रद्धालुओं ने शरबत वितरण के साथ अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मुहर्रम का सबसे महत्वपूर्ण दिन अशुरा है, जो इस बार 6 जुलाई, रविवार को मनाया जाएगा। यह दिन इमाम हुसैन की शहादत को समर्पित है, जो 680 ईस्वी में कर्बला की जंग में अपने परिवार के साथ शहीद हुए थे। अशुरा के दिन ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें लोग उनकी कुर्बानी को याद करेंगे। इस अवसर पर समुदाय एकजुट होकर शोक और श्रद्धा के साथ इबादत करता है। पुलिस ने आगामी आयोजनों के लिए भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण हो सके।


बैठक करते प्रभारी डीआईओएस पप्पू सरोज, साथ में जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता व डीसी समग्र शिक्षा अजय यादव। अमृत विचार

### शैक्षिक पंचांग के तहत विद्यालयों में पढ़ाई कराएं

**कन्नौज।** कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने जिलेभर के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं कन्नौज तहसील इलाके के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक की। निर्देश दिए कि शैक्षिक पंचांग के तहत विद्यालयों में पढ़ाई कराई जाए। गुरुवार को डीआईओएस कार्यालय सभागार में हुई बैठक में तहसील, विकास खंड एवं जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों की ग्रीष्मावकाश के बाद पहली बैठक हुई। प्रभारी डीआईओएस का प्रधानाचार्यों से परिचय हुआ। आगामी दिनों में शैक्षिक पंचांग के अनुसार कार्यक्रम और शैक्षणिक गतिविधियां आयोजन कराने के निर्देश दिए गए। विद्यालय स्तर की गतिविधियों में सहयोग प्राप्त करने की अपेक्षा की गई। साथ ही विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने एवं ड्रॉप आउट छात्र-छात्राओं की संख्या में कमी लाने के प्रयास करने को कहा गया। प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्यों की समस्याएं भी सुनीं। साथ ही उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। निर्देश दिए कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के आने का मकसद सार्थक होना चाहिए। बैठक में जीआईसी उमर्दा प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा अजय यादव, डॉ. सुनील चतुर्वेदी, शिवमोहन कुशवाहा, रीना कनौजिया, आदि लोग मौजूद रहे।

**पहल** | जिलेभर में 9 जुलाई को बड़े पैमाने पर रोपित होंगे पौधे, 5 सितंबर तक चलेगा अभियान

# पहली बार अटल वन, गोपाल वन, सहजन भंडारा व ग्राम वन लगेंगे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में बड़े स्तर पर अभियान के तहत 09 जुलाई को पौधरोपण किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम से बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए जाएंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, गंगा समिति एवं पर्यावरण समिति की बैठक में निर्देश दिए कि रोपित पौधों की जियो टैगिंग हरितिमा एप पर जरूर की जाए। पहली बार पवित्र धारा पौधरोपण, अटल वन की स्थापना, गोपालवन, सहजन भंडारा, ग्राम वन, त्रिवेदी वन, एकता वन, शौर्य वन, भाई-बहन पौधरोपण व एक पेड़ गुरू के नाम से कार्यक्रम होंगे।

डीएम ने कहा कि पौधों की जियो टैगिंग के लिए जो आईडी पासवर्ड बने हुए हैं, वहीं काम करेंगे। पौधरोपण की जितनी साइडें हैं, उतनी ही आईडी बनाने के निर्देश दिए। जियो टैगिंग की रिपोर्ट प्रत्येक घंटे में देनी होगी। पोर्टल पर यह भी भरना होगा, कि किस प्रजाति के कितने पौधे लगे हैं। सभी विभाग डीएफओ के संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार नदियां जिन ग्राम पंचायतों से होकर गुजर रही हैं, वहां पर वृहद स्तर पर पौधे लगाए जाएं। नदियों के किनारे लगभग 74,156 पौधे रोपित किए जाने का प्रस्ताव है। बताया गया है कि वन महोत्सव 01-07 जुलाई तक चलेगा। वृहद पौधरोपण, पवित्र धारा पौधरोपण-गंगा नदी के किनारे 09 जुलाई एवं अटल वन की स्थापना 16 जुलाई, गोपालवन की स्थापना 18 जुलाई और सहजन भंडारा 20 जुलाई को को होगा। इस दिन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवासीय योजना के लाभार्थियों को 2-2 सहजन के पौधे दिए जाएंगे। इसी प्रकार त्रिवेणी वन की स्थापना 21 जुलाई, ग्राम वन 26-30 जुलाई, एकता वन की स्थापना 31 जुलाई, भाई-बहन पौधरोपण 09 अगस्त के साथ ही शौर्य वन की स्थापना 15 अगस्त और एक पेड़ गुरू के नाम 05 सितंबर को कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा इन अभियानों के तहत 3 वर्षों तक रोपित पौधों की सुरक्षा करने वाले किसानों की आय में वृद्धि आएगी। किसानों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्बन फाईनेंस/ क्रेडिट के माध्यम से कृषकों की आय को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2070 तक देश को कार्बन शून्य बनाने की घोषणा की है। रोपित पौधों को 3 वर्ष तक सुरक्षित रखने वाले किसानों के खाते में धनराशि भेजकर योजना से लाभान्वित किया जाएगा। बैठक में एडीएम आशीष सिंह, सीडीओ राम कृपाल चौधरी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री साथ में एडीएम आशीष सिंह व सीडीओ राम कृपाल चौधरी। अमृत विचार

- **त्रिवेदी वन, एकता वन, शौर्य वन, भाई-बहन पौधरोपण व एक पेड़ गुरू के नाम भी लगेंगे**

## जामुन के पेड़ से गिरकर कक्षा चार का छात्र घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगा तेज राम धमे के ताल निवासी राकेश कुमार का 10 वर्षीय पुत्र देव नगला दिलु स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र है। गुरुवार को स्कूल खत्म होने के बाद देव जामुन के पेड़ पर चढ़ गया। तभी किसी प्रकार पेड़ की डाल टूटने के कारण वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत सौ शैय्या अस्पताल ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में चिंता पैदा कर दी है, और लोग देव के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। यह हादसा बच्चों की सुरक्षा और स्कूल के आसपास निगरानी की आवश्यकता को उजागर करता है।

# छात्रा को अगवा कर रेप में सिपाही निलंबित, जांच सीओ को सौंपी

## कार से किशोरी को अगवा करने में एफआईआर दर्ज, आरोपी सिपाही गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- फतेहगढ़ महिला थाने में तैनात आरोपी सिपाही
- आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है

**अमृत विचार।** किशोरी को कार से अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने फतेहगढ़ महिला थाने में तैनात आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की जांच मोहम्मदाबाद सीओ को सौंप दी है। आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

नवाबगंज में बुधवार की सुबह साढ़े बजे स्कूल पढ़ने जा रही छात्रा को फतेहगढ़ के महिला थाने में तैनात सिपाही विनय चौहान ने धमका कर कार में बैठा लिया और फिर कुछ दूर ले जाकर तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के स्कूल से घर न पहुंचने पर परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। बताते हैं कि मदर इंडिया स्कूल के पास परिवार वालों के साथ कुछ लोगों ने सिपाही को कार से छात्रा को उतारते देखा। जब परिवार के लोग उसके पास पहुंचे तो चालक ने कार भगाने का प्रयास किया।

परिवार के साथ पहुंचे कुछ लोगों ने बाइक को कार के आगे खड़ी कर रास्ता रोका तो कार चालक भाग गया, लेकिन लोगों ने सिपाही को दबोच लिया। इसके बाद छात्रा ने परिवार वालों को आपबीती बताई। गुरुवार को छात्रा के पिता ने आरोपी सिपाही और कार चालक के खिलाफ नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस सनसनीखेज मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे।

पुलिस अधीक्षक ने प्रारंभिक छानबीन में प्रथमदृष्ट्या दोषी मिले आरोपी सिपाही विनय चौहान को निलंबित कर दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच मोहम्मदाबाद सीओ राकेश कुमार द्विवेदी कौ सौंपी है। आरोपी सिपाही को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी सिपाही फतेहगढ़ महिला थाने में काफी समय से तैनात था। उधर, पीड़ित छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।

> आरोपी सिपाही विनय चौहान के खिलाफ अपहरण और रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच मोहम्दाबाद सीओ को सौंपी गई है। पीड़त छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है।
>
> –संजय कुमार, एएसपी



# शिक्षक की पत्नी ने स्कूल पहुंचकर किया हंगामा

संवाददाता कायमगंज

- कंम्पिल थाना क्षेत्र के राईपुर चिन्हटपुर के विद्यालय का मामला
- जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने संभाला मामला

**अमृत विचार** । कायमगंज - कंम्पिल थाना क्षेत्र में एक शिक्षक की पत्नी ने विद्यालय पहुंचकर अपने शिक्षक पति के साथ की मारपीट। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

कंम्पिल थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय राईपुर चिन्हटपुर की प्रधानाध्यापक किशवर ने थाना पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि कंम्पिल नगर के मोहल्ला मझगांव पूर्व की निवासी है। और मैं राईपुर चिन्हटपुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के रूप में कार्यरत है। एक जुलाई को समय करीब 8 बजे सुबह विद्यालय में विधिवत रूप से शिक्षण कार्य चल रहा था। समस्त स्टाफ स्कूल चलो अभियान रैली की तैयारी में जुटा हुआ था। तभी हमारे सहायक अध्यापक रोमेश कुमार की पत्नी श्रद्धा सिंह अपनी मां बहन व अन्य अराजक तत्वों के साथ विद्यालय में आई और आते ही शिक्षक के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। उक्त सभी ने शिक्षण कार्य में बाधा पहुंचाई व मेज पर रखे हुए शैक्षिक अभिलेखों को फाड़ दिया।

तथा उपस्थित अन्य स्टाफ के साथ भी अभद्रता की उक्त लोगों द्वारा अचानक अंजाम दी गई। इस घटना को देखकर स्कूल के बच्चे सहम गए और भयभीत हो गए। तभी प्रधानाध्यापक ने अपने पति को फोन से सूचना दी। तब उसके पति रावेज खान पुलिस को लेकर मौके पहुंचे। तभी वह लोंग जान से मारने की धमकीं देकर विद्यालय से चले गए। रिपोर्ट दर्ज कर उक्त सभी लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की।

## सार-संक्षेप



हिंदी साहित्य भारती की नई कार्यकारिणी। अमृत विचार

### हिंदी साहित्य भारती की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**फर्रुखाबाद** । हिंदी साहित्य भारती कार्यकारिणी की बैठक डॉ. चंद्र प्रकाश मिश्र के फतेहगढ़ स्थित गीतापुरम् निवास पर संपन्न हुई। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष के कहने पर चंद्र प्रकाश मिश्रा को जिलाध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया। अन्य पदाधिकारीयों के दायित्वों में बदलाव निवर्तमान अध्यक्ष की सहमति एवं सर्वसम्मति के आधार पर किया गया। बैठक में हिंदी साहित्य भारती प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभात अवस्थी के निर्देशन में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में डॉक्टर आलोक बिहारी शुक्ला व भारती मिश्रा को महामंत्री का दायित्व दिया गया। अमृतपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक व साहित्यकार डॉ पी डी शुक्ला को जिला कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, इसके अलावा कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, चार संयुक्त महामंत्री, 10 मंत्री, संरक्षक मंडल के सदस्य साथ विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए। संस्था के मीडिया संयोजक के पद की जिम्मेदारी उपकार मणि उपकार व पंकज शुक्ला को सर्वसम्मति से दी गयी।यह जानकारी देते हुए जिला महामंत्री आलोक बिहारी शुक्ला ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी के कुशल मार्ग निर्देशन एवं नेतृत्व में ' हिंदी साहित्य भारती ' जनपद में एक नई दिशा प्राप्त करेगी।

### समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य

फर्रुखाबाद। ग्रामीण आजीविका मिशन के परियोजना निदेशक ने बताया कि आजीविका मिशन के तत्वाधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ ही साथ उद्योग सखी के रूप में जोड़ने के लिए उनकी परीक्षा महीषी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा उनके आत्मविश्वास के लिए कराई जा रही है क्योंकि जो महिलाएं परीक्षा दे रही है बहुत सभी समूह से जुड़ी हुई है । उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के लिए 200 समूह की महिलाओं को पंजीकरण किया गया था लेकिन परीक्षा में सिर्फ 132 महिलाएं सम्मिलित हुई है उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से समूह की महिलाओं को और अधिक आत्मनिर्भर बनाना है।

### एसपी ने दो चालकों सहित 19 सिपाही किए लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद**। जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दो थानों के चालकों सहित 19 सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है| एसपी ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनानें के लिए कड़े कदम उठा दिये है| मिली जानकारी के मुताबिक खुफिया रिपोर्ट के आधार पर दागी सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है| जिसमे कोतवाली कायमगंज से दो, थाना शमसाबाद से एक, कम्पिल से दो, मोहम्मदाबाद से दो, नवाबगंज थाना से दो जिसमे चालक कृष्ण पाल, कादरी गेट से तीन सिपाही, शहर कोतवाली से एक, थाना जहानगंज से चालक अमलेश, थाना कमालगंज से दो, कोतवाली फतेहगढ़ से एक, पुलिस अधीक्षक कार्यलय से एक महिला सिपाही व एक अन्य सिपाही को लाइन हाजिर किया ।

### पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश दबोचे

**माधौगढ़**। कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात महाराजपुरा पुल के पास खड़े 25-25 हजार के दो इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तलाशी में उनके पास से दो हजार रुपये बरामद किए गए। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह को सूचना मिली कि दो संदिग्ध लोग पुल के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े है। सूचना मिलने पर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, दरोगा शिवकरन सिंह, दरोगा सदीप सिंह, पुलिस फोर्स के साथ महाराजपुरा पुल पर पहुंच गए। पुलिस को देख बदमाश भागने लगे लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पूछने पर अपना नाम मध्यप्रदेश के भिंड क्षेत्र के थाना इंडोरी के गांव भूरे का पुरा निवासी राजकुमार गुर्जर, व दलवीर सिंह बताया। तलाशी में उसके पास से पुलिस को दो हजार रुपये मिले। कोतवाल का कहना है कि दोनों लोगों पर कोतवाली में 3 चोरी के मामले दर्ज है। जिनपर इनाम भी घोषित किया गया था और दोनों 2 साल से वांछित चल रहे थे। बताया कि मध्यप्रदेश के थाना मिहोना, रौन व लहार में लगभग 23 मामले दर्ज है।

### सांप के डसने से छात्र की मौत

**राजपुर (कानपुर देहात)**। रसूलपुर गांव में अलमारी से सामान निकाल रहे छात्र को सांप ने डस लिया। परिजन झांड-फूंक कराने में लगे रहे। हालत बिगड़ने पर सिकंदरा सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जालौन जिले के चुर्खी थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी धर्मेन्द्र का बेटा किशन (16) राजपुर क्षेत्र के रसूलपुर गांव में नाना विश्वनाथ के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। बुधवार शाम वह घर के कमरे में अलमारी से सामान निकाल रहा था। इसी दौरान सांप ने डस लिया। परिजन झाड़-फूंक कराते रहे, इससे छात्र की हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे सिकंदरा सीएचसी ले गए, जहां डॉ. पूनम मौर्या ने मृत घोषित कर दिया। किशन के मामा अजय सिंह ने बताया कि वह राजपुर के एक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र था। किशन की मौत की सूचना पर मां मधु, पिता धर्मेन्द्र सिंह, नाना विश्वनाथ, नानी सत्यवती बिलखते रहे। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

**कालपी जालौन** । विवाहित महिला से एक लाख रुपये तथा मोटर साइकिल के रूप में अतिरिक्त दहेज की मांग करके उत्पीड़न करने की घटना को लेकर ससुराल पक्ष के 4 लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण को लेकर वादिया सामिया पत्नी आदिल निवासी कालपी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थिनी की शादी दिनांक 2-मार्च 2023 को मुस्लिम आदिल खान पुत्र जलाल खान निवासी रमईपुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद लड़के के घर वालों ने एक लाख रुपये तथा मोटर साइकिल की मांग करने लगे। लड़की 9 महीने से अपने घर पर रह रही, जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक जालौन से की गई थी। परिजनों ने 2024 में समझौता कराया गया था। लेकिन पति मेरे पास नहीं आया। मेरी ननद मेहरीन नुसरत मुझे बहुत परेशान करती है और मेरे पति मुझसे कहते है कि एक लाख रुपये और मोटर साइकिल लेकर आओ नहीं तो तीन तलाक दे दूंगा। पीड़ित महिला ने पति एवं ननद के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जनपद स्तरीय शिकायत प्रकोष्ठ के माध्यम से कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं पुलिस मामले करने की जांच करने में जुट गई है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# स्कूलों को मर्ज किए जाने से रसोइया होंगी बेरोजगार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता प्राथमिक शिक्षा के स्कूलों को मर्ज किए जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया।

बाद में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी न्यायिक को दिया है। अपर जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश सरकार ने 5000 से अधिक प्राथमिक और जूनियर स्कूलों को मर्ज किए जाने की कवायद शुरू की है जो गलत है इससे बेरोजगारी बढ़ेगी। बच्चों का भविष्य स्थाई नहीं होगा। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए स्कूलों को बंद न कर कर उन्हें उनमें छात्र संख्या बढ़ाए जाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया जाए ,उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए जिससे साथ संख्या बढ़ सके। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वहां काम करने वाले लोग बेरोजगार ना हो ऐसा कार्य करें।

**आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने ज्ञापन सौंपा: फर्रुखाबाद** । गुरुवार को आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला अध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पर पदधिकारियों ने प्रदेश सरकार पर शिक्षा के अधिनियम का खुला उल्लंघन कर रही है और गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर करने का काम यह सरकार कर रही है। इसके विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को दिया है। उन्होंने कहा कि जो ज्ञापन दिया गया है उसमें प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के अधिनियम का खुला उल्लंघन किया जा रहा है।

# किशोर की करंट लगने से मौत

**कायमगंज** । कंम्पिल थाना क्षेत्र में एक किशोर की विद्युत लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी नईम खां का 13 वर्षीय पुत्र सूफियान घर से बकरियां लेकर चराने गया था। घर से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर वह बकरियों को चरा रहा था। वहीं पर सड़क के किनारे बिजली का पोल था। बताया गया कि पोल में करंट आ रहा था। जैसे ही उस पोल पर उसने हाथ रखा वह चिपक गया। जब वहीं आसपास मौजूद ग्रामीणों ने किशोर को पोल से चिपका देखा तभी इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर आए जहां डॉक्टर विपिन कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया। मां अफसाना का रो रो कर बुरा हाल था।

# गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों की धड़कनें तेज

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है जिससे तटवर्ती इलाकों के खेतों मे गंगा नदी का पानी घुसने लगा है। किसानों की मक्का, मूंगफली, घुइयां, सब्जी आदि की फसलों का नुकसान हो रहा है।

गुरुवार को सुबह गंगा नदी मे नरौरा बांध से 42107 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 37 हजार क्यूसेक, हरिद्वार बैराज से 55370 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे गंगा नदी का जलस्तर 136.60 मीटर तक पहुंच गया है और रात में बढ़ने की संभावना है। गंगा नदी का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ने से तहसील प्रशासन ने अपने कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर कर दिया है। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने बताया तहसील मे बाढ़ कंट्रोल रूम शुरू कर दिया गया है। संबंधित लेखपालों को गांवों मे रुककर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से महोलिया घाट पर बना अस्थाई पैंटून पुल उखाड़ लिया गया है।

जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन मे असुविधा का सामना करना पड़ेगा। गंगा नदी का जलस्तर पंचालघाट पर 136.60 मीटर पर दर्ज किया गया।



गंगा की बाढ़ में डूबी फसल। अमृत विचार

- पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते बढ़ रहा जलस्तर
- गंगा का जलस्तर 136.6 मीटर पर पहुंचा

# वन महोत्सव के तहत चुर्खी वन क्षेत्र में चला पौधरोपण अभियान

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** वन महोत्सव सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई के तहत जालौन रेंज के चुर्खी वन क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम ने लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय वनाधिकारी हरीकिशोर शुक्ला और उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मुबारक अली ने किया। इस दौरान वनरक्षक अजीत कुमार, पुनीत कुमार, जितेंद्र प्रताप सिंह, माली परशुराम और राघवराम सहित वन विभाग की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख महेबा दुर्गेश प्रताप सिंह, चुर्खी ग्राम प्रधान तुलसीराम, सिकरी प्रधान बाबाई और प्रधान अरविंद कुशवाहा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में पौधे रोपे गए जिनमें प्रमुख रूप से सागौन, अशोक, जामुन, शीशम, नीम और कदंब के पौधे शामिल रहे। क्षेत्रीय वनाधिकारी हरीकिशोर शुक्ला ने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पूरे जालौन रेंज में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। जनता से अपील है कि वे इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें।




पौधरोपण करते कर्मचारी। अमृत विचार

# सभी लोग पौधे रोपें और करें सुरक्षा

**कालपी जालौन** । गुरुवार को धर्म स्थल मां वनखंडी देवी शक्ति पीठ कालपी धाम के प्रांगण में अरविंद सिंह चौहान प्रतिनिधि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने आंवले के पौधे का रोपण किया। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने मातेश्वरी के प्रसाद स्वरूप दाल भोज का आनंद लिया गया।

मंदिर के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण के लिये धरती में वृक्षों का होना आवश्यक है। इसलिए सभी लोग पौधे लगाकर उनको सुरक्षा प्रदान करनी चाहिये। कार्यक्रम में शशिकांत सिंह चौहान पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा ,दिग्विजय सिंह पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा, राजेश द्विवेदी पूर्व सभासद, बाबू सिंह यादव पूर्व सभासद , कमलेश यादव ,लाला यादव ,गगन गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं के अलावा माता के सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, 3 लोग घायल

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रजपुरा के पास लोडर को बचाने के प्रयास में दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पोस्टमैन की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार तीन लोगों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

कानपुर देहात के थाना मूसानगर क्षेत्र के ग्राम शेरपुर गुढा निवासी दिव्यांशु उर्फ सनी यादव 25 वर्ष पुत्र राजकिशोर यादव उरई में रहकर पोस्ट आफिस से डाक उठाने का काम करता था। बताया गया कि गुरुवार की दोपहर वह जगम्मनपुर से डाक लेकर लौट रहा था। पोस्टमैन की बाइक जैसे ही रजपुरा के पास पहुंची थी कि तभी लोडर को बचाने के प्रयास में सड़क से निकल रहे रजपुरा निवासी महेश दीक्षित 64 वर्ष की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसपर सवार राकेश 63 वर्ष, फूल सिंह 62 वर्ष व महेश व पोस्टमैन सहित चारों लोग रोड के दूसरी ओर जा गिरे और घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने दिव्याशु उर्फ सनी यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हादसे में वृद्ध की मौत

उरई। हमीरपुर निवासी 70 वर्षीय दयाराम यादव बुधवार की रात पैदल सड़क पार कर रहे थे।तभी ग्राम इमिलिया की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनको टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मेडिकल कालेज पहुंचते ही डाक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**आयोजन** — एएसपी की मौजूदगी में सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम , लोगों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

# गमगीन माहौल में निकाला गया अलम व बुर्राख का जुलूस

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** रंज एवं गम के प्रतीक मोहर्रम त्योहार की छठवीं तारीख को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कालपी नगर की प्रमुख सड़कों में अलम एवं बुर्राख का जुलूस परंपरागत तरीके से निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों की मौजूदगी में जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मोहर्रम चांद की छठी तारीख को शाम 4 बजे स्थानीय नगर के मोहल्ला मिर्जा मंडी स्थित खालिक हुसैन के इमाम बाड़े में एकत्रित अकीदतमंदों द्वारा बुर्राख दुलदुल का जुलूस मातमी माहौल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुआ। ढोल नगाड़े बजाते हुए चल रहे अकीदतमंद या हुसैन-या हुसैन के नारे लगा रहे थे। जुलूस जुलैहटी चौराहे, एमएसवी इंटर कॉलेज चौराहा, कागजीपुरा, रामगंज, रावगंज, स्टेशन चौराहा, महमूदपुरा, कोतवाली गेट, दुर्गा मंदिर चौराहा, हरीगंज चौराहा, बड़ा बाजार, अदल सरांय होते हुए रात 2 बजे मिर्जा मंडी स्थित इमाम बाड़े में पहुंचकर समाप्त हुआ। अलम के जुलूस में कई स्थानों पर मिलान किया गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंद मरसीहे पढ़ते हुए चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा जुलूस को लेकर पूरी तरीके से डटे रहे। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, एडीशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ, टरनंनगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र, रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, महमूदपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार सिंह चंदेल, समेत भारी संख्या में पुलिस तथा पीएसी के जवान मोहर्रम के जुलूस के आगे पीछे चल रहे थे।



मोहर्रम के अलम एवं बुर्राख के जुलूस में शामिल अकीदतमंद व अन्य। अमृत विचार

### हजरत उस्मान की शहादत सुन, लोगों के छलके आंसू

उरई । मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में दस दिवसीय कार्यक्रम की छठवीं महफिल में बुधवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज फजले अजीम ने तिलावते कलाम पाक से किया। इस दौरान उल्माओ ने मौला हुसैन की अजमत और इस्लाम धर्म के तीसरे खलीफा हजरत उस्मान की शहादत बयां की। कांफ्रेंस में सैय्यद ताहिर मसूदी ने मनकबत पढ़ी, जिक्रे मरदूद तू औकात में रहना अपनी, आसमान सर पे उठा लेंगे अली के बेटे,जुल्म जितना तुझे करना है कर ले लेकिन, दीने इस्लाम बचा लेंगे अली के बेटे, हुसैन जिंदाबाद, जिंदाबाद रहेगा। इसके पहले सैय्यद आमिर मियां ने हजरत उस्मान की शहादत बयां की।

# 252 डिफॉल्टर विद्युत उपभोक्ताओं से वसूली को विभाग कर रहा तैयारी

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग द्वारा चलाई गई एक मुफ्त समाधान योजना (ओटीएस)के पंजीकृत 252 उपभोक्ता बकाया धनराशि को जमा करने में उदासीनता बरत रहे हैं। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में अवर अभियंताओं एवं कर्मचारी की समीक्षा बैठक में डिफॉल्टर उपभोक्ताओं से वसूली करने के लिए रणनीति तैयार की गई है।

पावर कारपोरेशन के निर्देशन के अनुसार बकायेदार उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए एक मुश्त समाधान योजना 30 मार्च 2025 तक चलाई गई थी। योजना के तहत भारी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपना अपना पंजीकरण कराया था। लेकिन ढाई सैकड़ा उपभोक्ताओं के द्वारा एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) में पंजीकरण कराने के बावजूद अपने बकाये धनराशि की अदायगी विभाग में नहीं की गई है। इस सिलसिले में उपखंड कार्यालय में एसडीओ धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में ओटीएस योजना के पंजीकृत डिफॉल्टर उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया।



जेई तथा कर्मचारियों की बैठक में एसडीओ धर्मेंद्र सिंह। अमृत विचार

# स्कूलों के मर्जर पर बिफरे राजनीतिक दल

## कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

संवाददाता ताखा इटावा


कचहरी में ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसी नेता। अमृत विचार


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते आजाद समाज पार्टी के नेता।

**अमृत विचार।** सरकार के शिक्षा विरोधी नीति के तहत स्कूलों के मर्जर किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने कचहरी में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा और स्कूलों का मर्जर किए जाने का विरोध जताया।

कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित की अगुवाई में कचहरी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। आशुतोष दीक्षित ने कहा कि पूरे प्रदेश में 5000 विद्यालयों का मर्जर किया जा रहा है। यह छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ अन्याय है। इसके साथ ही मिड डे मील रसोइयों के साथ भी अन्याय किया जा रहा है क्योंकि इससे उनकी नौकरी चली जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार का भी यह उल्लघंन है। इससे काफी संख्या में बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाएंगे और वे अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख सकेंगे। क्योंकि नए स्कूल काफी दूरी पर है इतनी दूर छात्र-छात्राएं कैसे पहुंचेंगे। अभिभावकों पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। इस कारण से हम इसका विरोध करते हैं। इस मौके पर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा कि समायोजन का असर 22 लाख छात्रों पर पड़ेगा। पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि यह सरकार का शिक्षा के प्रति अभी तक का सबसे दमनकारी निर्णय है। यह शिक्षा के अधिकार अधिनयम 2009 और अनुच्छेद 46 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी, कोमल सिंह कुशवाहा, संजय दोहरे, आरबी सिंह पाल, वाचस्पति द्विवेदी, अनूप सिंह परमार, विष्णु कांत मिश्रा, अंबुज त्रिपाठी, प्रेरणा, रामजीवन कुशवाहा, सतीश शाक्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### आजाद समाज पार्टी ने भी जताया विरोध

**इटावा।** प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों का मर्जर किए जाने की नीति का आजाद समाज पार्टी ने भी विरोध किया है। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव बलबीर सिंह के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। इसमें कहा गया कि सरकार का यह कार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विरुद्ध है। इससे कमजोर वर्गों की शिक्षा और उनके आर्थिक हितों की सुरक्षा के प्रावधानों का सीधा-सीधा उल्लंघन किया जा रहा है। इसलिए स्कूलों के मर्जर के नाम पर छात्रों को परेशान ना किया जाए। इस ज्ञापन में प्रयागराज में हुई घटना की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन देने वालों में मंडल प्रभारी अभिषेक आजाद, मंडल संयोजक हर्ष चौधरी, जिला अध्यक्ष सुंदरम सिंह बौद्ध, रामनारायण सिंह, मोहित गौतम, अमर चौधरी, धर्मवीर दिवाकर शामिल रहे।

# अब ना करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल


स्कूल चलो रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** विकास खण्ड ताखा के कंपोजिट विद्यालय बकौली के शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने मिलकर स्कूल चलो रैली निकाली। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में नामांकन में वृद्धि एवं छात्र छात्राओं की नियमित उपस्थिति हेतु स्कूल चलो रैली निकालकर डोर टू डोर संपर्क किया। सभी बच्चे उत्साह और उमंग के साथ रैली निकालते दिखे।

बच्चे हाथ में बैनर लेकर हम बच्चों का नारा है, शिक्षा – अधिकार हमारा है'हर घर में चिराग जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा'अब ना करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल'आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जायेंगे'कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार' आदि नारों को लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक करते दिखे।

रैली प्रधानाध्यापक अवधेश सिंह राठौर के नेतृत्व में निकाली गई। इस मौके पर गीता दोहरे,ओमप्रकाश,दिनेश चौधरी,प्रदीप पाल,प्रदीप चौहान,अवनीश दुबे समेत कई ग्रामीण व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# पर्यावरण छात्र संसद ने रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता इटावा


पौधरोपण करते डॉ. मुकेश यादव व डॉ. कैलाश यादव।

**अमृत विचार।** एक पेड़ मां के नाम अभियान में सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के सहयोग से पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पौधे लगाए गए तथा वृक्ष भंडारा किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को पौधा दिया गया और इस पौधे को लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण तथा वृक्ष भंडारा का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश यादव ने कहा कि सभी बच्चे जो पौधे ले जा रहे हैं उनको अपने घर या आसपास लगाऐ और उनकी पूरी तरह देखरेख करें। उसकी फोटो भी करें। पौधा लगाकर बड़ा करने वाले बच्चों को पर्यावरण छात्र संसद के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

- **पान कुंवर स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया पौधरोपण**

पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक तथा विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि पौधा लगाने और पौधों को बचाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्य में छात्र-छात्राओं को भी जोड़ा जा रहा है। पर्यावरणविद डॉ राजीव चौहान ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस मौके पर वृक्ष भंडारा किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को एक-एक पौधा दिया गया। कार्यक्रम में डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना, भूमिजा फाउंडेशन के रविंद्र चौहान, वन विभाग से संतोष कुमार, इरफान खान व अमन यादव आदि रहे।

## बारिश में कच्चा मकान ढहा, मदद की गुहार

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव निलोई में वुधवार की शाम को हुई बरसात में एक व्यक्ति का कच्चा मकान गिर गया। मकान के गिरने से उसके मलबे में दबकर गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। लोगों ने प्रशासन से सहायता दिए जाने की मांग की है।

निलोई गांव निवासी विश्राम सिंह पुत्र स्व. सोबरन सिंह ने बताया कि मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं कच्चे मकान में उनका परिवार रहता था।रात में बारिश होने के कारण उनका कच्चा मकान ढह गया जिसमें गृहस्थी का सारा सामान दब गया तथा नष्ट व खराब हो गया है। उनका परिवार भी अब बेघर हो गया है और जीवन यापन में कठिनाई हो रही है। उन्होंने एसडीएम से सरकारी आवास व आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु जगह-जगह हुआ स्वागत


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** श्री एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी में अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानन्द सरस्वती जी, संयोजक स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती जी के सानिध्य में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा कलश यात्रा के साथ शुरू हो गयी।

कलश यात्रा आश्रम से शुरू हुयी जो पूरे बिरारी गांव का भ्रमण करती हुई मन्दिर पर पहुंची। इसके बाद कथा व्यास आचार्य गोविंद देव जी महाराज ने कथा का रसपान कराया कथा का समय 1 बजे से शाम 5 बजे तक है। कथा विश्राम 9 जुलाई को गुरु पूजन महोत्सव व भंडारा 10 जुलाई को होगा। कलश यात्रा में परीक्षित अवधेश किशोर तिवारी व शशि प्रभा तिवारी रहीं।

## सार-संक्षेप

### क्षेत्र पंचायत की होने वाली बैठक स्थगित

**महेवा।** स्थानीय ब्लॉक महेवा की होने वाली क्षेत्र पंचायत महेवा की चार जुलाई को होने वालीं खुली बैठक को प्रमुख क्षेत्र पंचायत महेवा के मौजूद न रहने के कारण स्थगित किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी महेवा बृज बिहारी त्रिपाठी ने बताया कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत की व्यस्तता के चलते चार जुलाई शुक्रवार को होने वाली बैठक को अग्रिम तिथि घोषित होने तक स्थगित किया गया है।

### शहर में आज होगा 9 मजलिसों का आयोजन

**इटावा।** शहीदे आजम इमाम हुसैन एवं शहीदाने कर्बला की याद में आज 4 जुलाई दिन जुमे को शहर में विभिन्न इमाम बरगाहों में शिया समाज की 9 मजलिसों का आयोजन किया जाएगा। अंजुमने हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि पहली मजलिस सुबह 9 बजे दरगाह मौला अब्बास महेरे पर मरहूम अजादार नक़वी की ओर से होगी। दूसरी मजलिस 10 .30 बजे कबीरगंज में तहसीन रज़ा के मकान पर होगी।तीसरी मजलिस जुमे की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे स्वामी टोला में आले रज़ा नक़वी के मकान पर होगी। चौथी मजलिस दोपहर 3 बजे साबितगंज में आसिफ रिज़वी अश्शू के मकान पर होगी, जिसमे अलम की ज़ियारत बरामद होगी। पांचवी मजलिस पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में शाम 5 बजे गुलामुस सैयदेन की ओर से मजलिस होगी। छटवीं मजलिस शाम 6 बजे इमाम बारगाह सैदबाड़ा में राहत अक़ील की ओर से मजलिस होगी। ।सातवीं मजलिस आलमपुरा इमाम बारगाह में शारिक सगीर शानू व तनवीरुल हसन रिज़वी की ओर से रात 8 बजे होगी जिसमे मौला अब्बास के अलम की जियारत बरामद होगी। आठवी मजलिस रात 9 .30 पर घटिया अज़मत अली इमाम बारगाह पर होगी। नवीं मजलिस रात 10 .30 पर नौरंगाबाद में इमामबाड़ा वक्फ तमीजन व काज़मी में मुतावल्ली राहत हुसैन रिज़वी की ओर से होगी।

### अलख शुक्ल बने तहसीलदार

**सैफई।** तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत अलख शुक्ल को शासन द्वारा पदोन्नति देकर तहसीलदार बनाया गया है। जिलाधिकारी शुभ्रांत शुक्ला ने उन्हें सैफई तहसील की जिम्मेदारी सौंपते हुए तहसीलदार के पद पर तैनात कर दिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद तहसील परिसर में अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और तहसील कर्मियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूर्व में सैफई तहसील में तहसीलदार पद पर कार्यरत मोहम्मद असलम को पदोन्नति देकर एसडीएम बनाया गया था। उनके स्थानांतरण के बाद तहसीलदार का पद रिक्त चल रहा था। अब अलख शुक्ल को पदोन्नति मिलने पर उसी पद पर नियुक्त कर दिया गया है। वह इससे पहले भी लंबे समय से सैफई तहसील में नायब तहसीलदार के रूप में सेवाएं दे रहे थे, जिससे प्रशासनिक गतिविधियों और क्षेत्रीय जनसमस्याओं की गहरी समझ उन्हें है। पदभार संभालने के बाद गुरुवार को तहसील परिसर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिवक्ता संघ, प्रधान संघ और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त तहसीलदार को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिवक्ता यदुवीर सिंह यादव, भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष जनवेद सिंह यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष राधाकृष्ण यादव, गिरीश चंद्र यादव, पुनीत पाल, गजेंद्र आचार्य, अमित शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पुलिस पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** पुलिस पर हमले के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने मखबिर की सूचना पर कचौरा घाट बाई पास के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षण राम सहाय सिंह ने बताया कि आकाश उर्फ अनाड़ी पुत्र हरीशचन्द्र निवासी कोटरेकापुरा, थाना निबोहरा, जिला आगरा पुलिस पर हमला करने के आरोप में वांछित चल रहा था। लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कचौरा घाट बाई पास से उसे गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस पर हमला करने की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**इकदिल।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत फूफई हाईवे पर कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की पीजीआई सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीम 22 वर्ष पुत्र जमील निवासी गाड़ीपुरा कोतवाली सदर इटावा विगत 21 जून को थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत फूफई हाइवे पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। थाना इकदिल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल है बायसी मेला



बायसी मेले में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे इटावा व बकेवर के बीच ग्राम कर्वाखेड़ा में दरगाह हजरत सैयद वारसी पीर रहमत तुल्ला अलैह पर बायसी का मेला लगा। यहां पर मुस्लिम लोग ही नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के लोग भी चादर चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं मांगने आते है।

हजरत सैयद वारसी पीर रहमत की इस दरगाह पर भारत के सभी राज्यों के लोग आते है जैसे कि महाराष्ट्र, गुजरात, कोलकाता पंजाब आदि विभिन्न राज्यों से लोग आते हैं। यह मेला ग्राम कीरतपुर व कर्वाखेड़ा में प्रत्येक वर्ष लगता है तथा मेले में दूर दूर से अकीदतमंद चादर व प्रसाद के थाल चढ़ाते हैं। मेले में हुसैनी लंगर भी लगाये गये। मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग इस मौके पर एकत्र हुए और चादरें चढ़ायी।

इस अवसर पर छोटे बच्चों का मुंडन भी लोग कराते देखे गये। मेला में अजमेर शरीफ का हलुआ, चादरें, टोपियां, बिरयानी, प्रसाद, बच्चों के खेल-खिलौने, रोजमर्रा की तमाम वस्तुओं की दुकानें बड़ी संख्या में लगायी गयीं। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## सफारी में वन्यजीवों के साथ कर्मचारियों की सेहत का हुआ इंतजाम

**इटावा।** सफारी पार्क अब वन्यजीवों के साथ कर्मचारियों की सेहत का भी पूरा ध्यान रख रहा है। सफारी के पशु चिकित्सालय में अत्याधुनिक हीमोटोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन लगाई गई है, जिससे वन्यजीवों के साथ यहां कार्यरत कार्मिकों के रक्त सैम्पल की जांच भी सुगमता से की जा सकेगी। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सफारी प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को पेट के कीड़ों की दवा तथा कैल्शियम सप्लीमेंट वितरित किए गए हैं, ताकि सभी कर्मी स्वस्थ रहें और वन्यजीवों की देखरेख पूरी निष्ठा से कर सकें। सफारी पार्क में रह रहा बब्बर शेर गीगो बीते कुछ समय से बीमार चल रहा था। लेकिन राहत की खबर यह है कि आज लगभग 10 दिन बाद गीगो ने स्कैट पास किया है और कुछ मात्रा में आहार भी लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इटावा सफारी पार्क के उप निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि नई मशीनों की स्थापना से अब ब्लड सैम्पल जांचों में समय की बचत होगी और सटीक परिणाम मिलेंगे, जिससे उपचार अधिक प्रभावी होगा।

# ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर लगायें बोर्ड

कार्यालय संवाददाता इटावा



बैठक में मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा नियामक प्राधिकारी समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें ब्लैक स्पॉट वाली जगहों को चिह्नित किया जाए तथा वहां पर मरम्मत कराई जाए और बोर्ड लगाये जायें। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

डीएम ने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगहों को चिह्नित किया जाए एवं उनकी तुरंत मरम्मत कराई जाए क्योंकि इसकी वजह से बहुत लोग अनजाने में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर अतिरिक्त सावधानी हेतु साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि बकेवर, गोमती पेट्रोल पम्प पर बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने यूपीडा को निर्देशित करते हुए कहा कि टूटी हुई सड़क की तुरंत मरम्मत कराई जाए जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध टैक्सी एवं अवैध बस स्टैण्ड की वजह से काफी दुर्घटनाएं होती हैं इनपर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय वहां जीरो रिस्पॉन्स टाइम में पहुंचे एवं घायलों को लाकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए।

- **अवैध रूप से पार्किंग करने वालों की गाड़ियों को सीज करें**

उन्होंने कहा कि एंबुलेंस और क्रेन मशीन का नंबर रोड पर डिस्प्ले किया जाए एवं सूची बनाकर सर्कुलेट किया जाए जिससे लोगों को दुर्घटना में तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने कहा जो लोग हाईवे पर अनावश्यक जाम लगाते है उनकी गाड़ी सीज कराई जाए। उन्होंने कहा कि डंपर वाले बहुत ही गैर जिम्मेदारी से गाड़ी चलाते हैं उनपर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मेन रोड पर ढाबे के आगे गाड़ी न खड़ी कराई जाए। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाले लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, सीओ सैफई राम गोपाल शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, एआरटीओ, डीएफओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजन — शिवपाल ने पीडीए की बैठक में भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना

# भाजपा की सरकार गरीबों की विरोधी : शिवपाल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा



पीडीए की बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव।

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव व क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने एक मैरिज होम में आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी होने के साथ सभी वर्गों का शोषण कर रही है। इसका जीता जागता उदाहरण सरकारी प्राथमिक स्कूलों को बंद करना है। भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि गरीब वर्ग के बच्चे पढ़ लिखकर सरकार से सवाल करें।

उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर बंद हो रहे सभी प्राथमिक विद्यालयों को यथावत खोला जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ऐसा कानून लाना चाहती है जिससे देश का माहौल खराब हो जबकि समाजवादी पार्टी जनहित की बात करके सबको साथ लेकर चलना चाहती है। कथावाचक प्रकरण में यादव और ब्राह्मण वर्ग के बीच संघर्ष भाजपा की सुनयोजित चाल है। भाजपा समाज के सभी वर्गों को लड़ाकर राज करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पीडीए सपा की राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। जिसके तहत सपा पिछड़े दलित अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ रही है। इसी का नतीजा है कि लोकसभा चुनाव में सपा देश की तीसरी नंबर की पार्टी बनकर उभरी है।

- **स्कूलों को बंद कर गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा से किया जा रहा वंचित**

कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आप सभी लोग क्षेत्र में रहे और पीडीए वर्ग से जुड़े लोगों को न्याय दिलाएं। उन्होंने कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग पर रखकर युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा के एमपी एमएलए की भी बात नहीं सुनी जाती। लेकिन सपा सरकार में छोटे से छोटे कार्यकर्ता की बात सुनी जाती थी।

इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य,सपा कन्नौज प्रभारी अनिल प्रताप यादव, बृजेश यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज मोंटी यादव, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता,जिला पीडीए प्रभारी उदयभान सिंह यादव , भुजबीर सिंह यादव, राजीव माथुर ,सुभाष गुप्ता अनवर सिंह जाटव आदि नेताओं ने भी अपने विचार रख भाजपा सरकार पर संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए।

सम्मेलन में विधायक प्रतिनिधि ठा.अजेंद्र सिंह गौर, सांसद प्रतिनिधि हांजी मोहम्मद शमीम, जिला सचिव जितेंद्र मोना यादव, चंद्र मोहन यादव,विद्याराम यादव, प्रमुख महासचिव राशिद सिद्दीकी,हाजी मोहम्मद अहसान, विनोद यादव,अशोक गांगलस, अभिषेक यादव,अतुल बजाज,रतन पांडे,राजपाल यादव,पिंकी यादव गोपाल गुप्ता,महिला सभा जिला अध्यक्ष सीमा यादव के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिजली चोरी करते दो लोग पकड़े गए

**बकेवर।** अवर अभियंता लखना ने गुरूवार को कस्बा के दीक्षितान मुहाल व पचपेडा मुहाल में सघन चैकिंग अभियान अभियान चलाया। चैंकिंग के दौरान दो लोगों को अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली की चोरी करते पकड लिया। दोनों के खिलाफ बिद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्बा लखना में ओबरलोड के चलते उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में हो रही परेशानी के चलते अधिशाषी अभियन्ता खंड तृतीय के निर्देशन व एसडीओ बकेवर संतकुमार के निर्देश पर बिजली चोरी करने बालों के विरुद्ध अभियान चलाकर दीक्षितान मुहाल में जेई नरदेव सिंह गौतम लाइनमैन अमित कुमार के साथ चैकिंग में एक युवक को बिजली चोरी करते पकड़ा। इसी तरह मुहाल पचपेडा में भी एक कटिया डालकर चोरी करते हुए युवक को पकड़ा।

# जायन्ट्स सहेली ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ इटावा सहेली ने जिला क्षय चिकित्सालय में डॉक्टरों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर्स को शाल ओढ़ाकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ श्री निवास यादव, मेडिकल ऑफिसर डॉ सोहम गुप्ता, डॉ शिव राज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन, ऊषा यादव सदस्य विशेष जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन, कंचन तिवारी, गौरव पोरवाल आदि को शाल और पटका पहनाकर कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित ने कहा डॉक्टर्स हमारी जिंदगी के ऐसे 'सुपरहीरोज' हैं, जो नकेवल बीमारियों का इलाज करते हैं, हमें मेंटल और इमोशनल सपोर्ट भी देते हैं। अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना ने कहा डॉक्टर्स डे हमारे देश के उन सभी डॉक्टरों को समर्पित है जो दिन-रात एक करके हमारी सेहत की देखभाल करते हैं। डॉक्टर शिव राज सिंह यादव ने हॉस्पिटल को 10 पंखे भेंट स्वरूप दिए और डॉक्टर्स को सम्मानित किया। जिला क्षय चिकित्सालय में टीवी मरीजों को पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया।

इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित, अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, डीओए हेनू वर्मा, डीओएफ विमल शर्मा, प्रज्ञा दोषी, रूपाली अग्रवाल, रीना राठौर, ललित सक्सेना, नीतू पोरवार , राम संजीवन आदि उपस्थित रहे।

# दोबारा शव की शिनाख्त करवाने में जुटी पुलिस

संवाददाता, अयाना, औरैया

● युवक के जीवित होने पर परिजनों ने शिनाख्त गलत होने की दी थी सूचना

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के रहट पुर्वा में 27 जून को मिले शव की शिनाख्त के बाद सेंगनपुर निवासी लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। युवक के जीवित होने की जानकारी पर परिजन ने पुलिस को गलत शिनाख्त होने की सूचना दी थी। इसपर पुलिस ने शव की असली पहचान करवाने के लिए दोबारा शिनाख्त शुरू करवाई है।

पुरवा रहट स्थित काशी ईंट भट्ठे के पास 27 जून की दोपहर को एक युवक का शव मिट्टी में सना मिला था। ग्रामीणों ने उसके मानसिक बीमार होने व दो-तीन दिन से गांव के आसपास घूमते दिखने की जानकारी दी थी। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने उसके फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए थे। सोशल मीडिया पर पुलिस की ओर अपलोड की गईं फोटो को देख सेंगनपुर निवासी समसुल पुत्र गुलमीर व उनके पड़ोसी नसीम खान पुत्र युसुफ खान पुलिस के साथ मोर्चरी पहुंचे थे। वहां उन्होंने चेहरे से शव की पहचान समसुल के भांजे नूर मोहम्मद उर्फ नूरे 37 पुत्र स्व. तौफीक के रूप में की थी। उन्होंने बताया था कि नूर मोहम्मद मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता था। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव को घर ले आए और रात में उसको गांव के ही कब्रिस्तान में दफ्न कर दिया। अंतिम संस्कार के बाद से चालीसवां सहित अन्य क्रियाओं की तैयारियों में जुटे परिजन व ग्रामीणों ने नूर मोहम्मद उर्फ नूरे से कॉल कर मोहर्रम पर घर आने की बात कही।

इसपर परिजन को यकीन नहीं हुआ। युवक के वीडियो कॉल करने के बाद परिजन संतुष्ट हुए। इसके बाद मंगलवार को समसुल ने पुलिस को नूरे के जीवित होने की जानकारी देकर गलत शव की शिनाख्त हो जाने की जानकारी दी। मृतक की असल पहचान के लिए पुलिस अब शव की दोबारा शिनाख्त करवाने में जुटी है। इसके लिए बुधवार को पुलिस की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा शव के फोटो व हुलिया को वायरल किया गया है।

सीओ सदर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि परिजन के पूर्ण रूप से शिनाख्त करने में संतुष्ट होने के बाद ही शव उनको सौंपा गया था। इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेंफड़ों में संक्रमण फैलने की वजह से मौत होना बताया गया था। शव की असल पहचान करवाने के लिए दोबारा शिनाख्त करवाई जा रही है।

## किशोर ने फांसी लगा की खुदकुशी

**औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के गांव क्योंटरा में किशोर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गुरुवार को गुलशन पुत्र रणवीर सिंह भदौरिया ने खेत के किनारे लगे देसी बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब ग्रामीणों ने किशोर का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि अभी तक मौत के कारणों का पता नहीं चला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# रैली निकाल किया जागरूक

स्कूल चलो अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया



जागरूकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति के सचिव के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और गांव के सभी बच्चों को स्कूल भेजने के उद्देश्य से विकास खंड औरैया के सुन्दरीपुर एवं मढ़ापुर गांव में लोगों को जागरूक किया गया।

अपेक्षा एवं बाल विकास समिति सचिव रीना पांडेय के नेतृत्व में गुरुवार को रैली में समिति के सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्थानीय ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने मिलकर पूरे गांव में नारे और स्लोगन के माध्यम से जागरूकता फैलाई। रैली के दौरान यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया कि गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित हो। समिति की यह पहल ग्रामीण शिक्षा में एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संस्था की सचिव रीना पांडेय ने बताया कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और समिति का प्रयास रहेगा कि समाज के अंतिम छोर तक यह संदेश पहुंचे। प्राथमिक विद्यालय सुन्दरीपुर एवं मढ़ापुर के अध्यापक मौजूद रहे।

# स्कूलों के युग्मन का विरोध, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, औरैया



जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार


सदर विधायक गुडिया कठेरिया को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पांच हजार प्राथमिक व जूनियर विद्यालय समायोजित किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सरिता दोहरे के नेतृत्व में जिला मुख्यालय ककोर में प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

धरना सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सरिता दोहरे ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों को समायोजित या बंद किए जाने का निर्णय अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम की मूल भावना के विरुद्ध है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि प्रदेश सरकार के उक्त निर्णय पर तत्काल रोक लगाई जाए व प्रत्येक विद्यालय में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की नई नियुक्तियां की जाएं। शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, डिजिटल शिक्षा व्यवस्था की जाए व ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुलभ कराने हेतु नये विद्यालय खोले जाएं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र गोयल, इंटक राष्ट्रीय महासचिव अमजद हसन, मखलू पांडे, अशोक शर्मा, दिलीप तिवारी, ओमकार अग्निहोत्री, रामानन्द चौबे, अरविन्द बाजपेई, नरेश कठेरिया, शैलेन्द्र प्रजापति, अवरार हुसैन, महेश सिंह कुशवाहा, सन्तोष पाण्डेय, सन्दीप चक, राजेन्द्र पोरवाल, मोहम्मद अहमद, प्रेमचन्द्र गुप्ता, गिरीश सिकरवार, सन्तोष भदौरिया, सोबित त्रिपाठी, अन्नू अवस्थी, अनुराग सोनी, अहसान मोहम्मद, महेन्द्र पाल, सुनीता दोहरे, विपिन मिश्रा, संजय पाल समेत आधा सैकड़ा कांग्रेसियों ने भाग लिया।

### शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**फफूंद, औरैया।** विद्यालयों के समायोजन के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेशीय नेतृत्व के आवाहन पर पदाधिकारियों ने सदर विधायक को ज्ञापन सौंपा। विद्यालयों को मर्ज किये के नाम पर बंद करने एवं प्रदेश में 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों व 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित किया गया है। इससे पूर्व में भी एक साथ ही एक परिसर में स्थित लगभग 20 हजार विद्यालयों का संविलियन करके प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त कर दिए गए थे। संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान में चल रही मर्जर प्रक्रिया से जहां छात्रों से विद्यालयों की दूरी अधिक होगी वहीं हजारों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जाएगी। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापक को एवं ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बंद करने के समर्थन में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। लोकतंत्र में इस प्रकार विद्यालय बंद करके नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़, हजारों प्रधानाध्यापको के पद एवं रसोइयों की सेवा समाप्त जैसे निर्दयी एवं कठोर निर्णय की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों को पेयरिंग किए जाने तथा 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम कर संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापको को सरप्लस घोषित करने संबंधी उत्तर प्रदेश शासन के आदेश को निरस्त करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से संस्तुति करने का कष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अखिलेश चंद यादव, जिला मंत्री अरविंद राजपूत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला उपाध्यक्ष ऋतुराज दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे आदि मौजूद रहे।

## दिन-दहाड़े पानी की टंकी से तीन बैटरियां चोरी

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकी से दिन दहाड़े बैटरियां चोरी कर दहशत फैला दी। टंकी आपरेटर ने थाने मे चोरी की तहरीर दी है। भाग्यनगर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दखलीपुर के मजरा ग्राम चिरुलहिया में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी पानी की टंकी के आपरेटर फफूंद थाने क्षेत्र के गांव चिरुलहिया निवासी सुनील कुमार पुत्र शिवराज सिंह ने गुरुवार को थाने में दी तहरीर मे कहा कि पानी की टंकी पर चौकीदारी करता है। तबियत खराब होने के कारण बुधवार के दिन लगभग ढाई बजे वह अस्पताल से अपनी दवाई लेने के लिए गया। लौटकर देखा तो आपरेटर रूम से तीन बैटरियाँ अज्ञात चोरों ने पार कर दी।

दिन दहाड़े चोरी होने से क्षेत्र के ग्रामीणों मे आक्रोश के साथ-साथ असुरक्षा का भाव भी पनप रहा है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि वह चोरी के घटना स्थल पर जांच करने गया था, अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



बैठक कर चर्चा करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# किसानों की समस्याओं पर भाकियू ने किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर विकासखंड की ग्राम पंचायत बिरिया स्थित कैंप कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन भानु की बैठक हुई। इसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। साथ ही अघोषित बिजली कटौती का दुरुस्त कराये जाने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि अगर जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने अपनी मांगे रखते हुए कहा कि किसान आयोग का गठन किया जाए, जिसके अध्यक्ष व सदस्य किसान ही हो। सदस्य सभी किसान हो राजनेता नहीं। कहा कि किसानों पर जो 75 वर्षो की किसान विरोधी नीतियां की वजह से जो कर्जा हो गया है, वह सम्पूर्ण कर्जा माफ किया जाए। किसानों को दुघर्टना में जीवन यापन भत्ता एक करोड रुपये दिया जाए। पुलिसकर्मियों को शहीद होने पर दो करोड रुपये दिये जाए। बाह सुरक्षा में लगे जवान यदि शहीद हो जाते हैं तो उन्हें पांच करोड रुपये यापन भत्ता दिया जाए। संपूर्ण देश के सभी किसानों की बिजली सिंचाई पूर्ण रुप से माफ किया जाए। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन शुक्रवार को डीएम को सौंपेंगे।

# चोरी के मामले में चार आरोपी और माल खरीदार पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, औरैया


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के पास बसुंधरा बंबा के पास पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्लास्टिक सिटी से कॉपर का तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया है। वहीं, चोरी का तार खरीदने वाले बाल अपचारी को भी पकड़ा है।

एक अप्रैल को वादी आशीष कुमार (वरिष्ठ प्रबन्धक ईमडी) एनटीपीसी पावर प्लांट दिबियापुर द्वारा एनटीपीसी के सोलर प्लांट से 6.5 किमी. कॉपर की केबल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 2 मई को रमाकांत दास (उप प्रबन्धक ईएमडी) एनटीपीसी दिबियापुर द्वारा एनटीपीसी के सोलर प्लांट से 800 मीटर केबल चोरी होने की रिपोर्ट दोबारा दर्ज कराई गई। इसके बाद 29 जून को रमाकान्त दास (उप प्रबन्धक ईमडी) एनटीपीसी द्वारा एनटीपीसी के सोलर प्लांट से 260 मीटर केबिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर द्वारा टीमों का गठन किया गया था। बुधवार की रात पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी, बैसुंधरा बम्बा के पास चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपी रिषी कठेरिया, रंजीत कठेरिया, शिवम कठेरिया व शिवम कश्यप् को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ के दौरान चोरी के माल को खरीदने वाले बाल अपचारी को सलीम कबाडी की दुकान से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि एनटीपीसी सोलर प्लांट में रात के समय वह लोग मौका पाकर बाउन्ड्री पर लगे तारों को काटकर बाउन्ड्री फांदकर घुस जाते थे और रात में तार काटकर बंडलों में बांधकर बाहर ले आते थे।

## फल व्यापारी के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा में बुधवार को दिन दहाड़े लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

गांव रामपुर बोडेपुर निवासी रामकिशन पुत्र रामसेवक फलों का थोक व्यापारी है। 2 जुलाई को 5.30 बजे रामकिशन अपने भाइयो-राजा पुत्र कल्लू महातिया निषाद तथा गोपाल पुत्र राम सेवक ग्राम रामपुर वसूली करने के लिये पारस के ठेले पर हरींगज तिराहा हनुमान मन्दिर के पास गये तो वहां पहले से मौजूद अंश पुत्र पप्पू बनारसी ने अकारण गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर अंश पोरवाल, अंकुर पुत्र गोविन्द पोरवाल एवं अंकित पोरवाल निवासीगण हरीगंज बाजार ने मारपीट की जब्बर पुत्र-मुन्ना खां व गोपाल पुत्र रामसेवक बचाने आये तो उनके साथ भी मारपीट की। सीओ पीयूष मिश्रा ने बताया कि बुधवार शाम को वीडियो वायरल हुआ था रिपोर्ट दर्ज की है।

# विवादित मामलों का कराया गया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● मिशन समाधान के तहत गठित टीमें पहुंचीं मौके पर


मौके पर निरीक्षण करती राजस्व विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन समाधान के तहत तहसीलों द्वारा गठित राजस्व व पुलिस की टीमों द्वारा पुराने एवं सरकारी भूमि, खाद के गड्ढे, चकरोड, बंजर भूमि, नाली, कूल, तालाब, चकमार्ग आदि के सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटवाने तथा ग्रामीणों के आपसी विवादों को नपती कराते हुए नियमानुसार पारदर्शिता के साथ निस्तारण किया गया।

सदर तहसील के ग्राम दासपुर, अजनपुर, खानपुर, दौलतपुर, सैनपुर, गोहना, भैरोंपुर, भरसेन, सरसई मुस्तकिला, मंडनई, बरौआ, फरीदपुर, माल्हेपुर, लखनापुर, केंजरी, ककोर बुजुर्ग, गौरी गंगाप्रसाद, सौधेंमउ, हर्राजपुर, बूढ़ादाना, भटपुरा, नियामतपुर बिहारी, बिलराई, खानपुर फफूंद में वर्षों पुराने कुल 39 मामलों को मिशन समाधान के अन्तर्गत राजस्व व पुलिस ने चकमार्ग, नाली/कूल, तालाब, खेल का मैदान व बंजर भूमि आदि की पैमाइश कर निशान देही कराते हुए अवैध कब्जा हटवाया गया। इसके साथ-साथ आपसी विवादित मामलों का भी निस्तारण किया गया। वहीं, तहसील अजीतमल के ग्राम चिटकापुर, मलगंवा, सोनासी, अजीतमल, बेरीकपरिया, बीघेपुर, रामपुरखुदापुर, जगतपुर, सराय टड़वा, फरिहा, नवादा ज्वाला प्रसाद, कुवरदेरपुर, मलगवा, सौनासी में वर्षों पुराने सहित कुल 23 मामलों को मिशन समाधान के अन्तर्गत राजस्व एवं पुलिस ने चकरोड, चकमार्ग, तालाब, पट्टा, पानी निकासी व बंजर भूमि आदि को आपसी सहमति के आधार पर पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराने के साथ-साथ आपसी भूमि विवादित मामलों का भी निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसील बिधूना के ग्राम सराय प्रथम, विधूना देहात, भिखरा, खांनजहांपुर चिरकुआ, बन्धरा, रूरूखुर्द, कुसमरा, बलखण्डपुर, बम्हरौलिया, ताजपुर बिधूना, मटौली विधूना, जगतपुर, भाईपुर, दिवरांव, शिवपुर, पसुआ, इटैली, पैतुआ, बोरा, नगरिया, नल्हूपुर, सैनपुर, छछूद, अछल्दा देहात, घसारा, ऐल्पी, पैसोली देहात, लालपुर, सुरजनपुर, बंशी, पटना वेला, बरकसी, बर्सकुलासर, मल्हौसी, गीमहार, हरदू, पिपरौली शिव, बांधमऊ, रायपुर कैथावा, कल्यानपुर ककराही, बेला, कुर्सी, कालाबोझ, इकघरा बिधूना, नहराबोझ, मसूदपुर, मानीकोठी, रामपुर खास, मुरादपुर खास, पुनावर, कुदरकोट, पटना ऐरया, बढिन, नगला कायस्थान, कया, कुकरकाट, रघुनाथपुर, फैजुल्लापुर, पखनगोई, तुखरिहा, शहबाजपुर बिधूना, मढोकमीत, पुर्वासोमवंशी, पुर्वाखसुवा, मुगरिहा, सहायल, सवलपुर, थुलपिया ध्रुपकरी, ताजपुर छौक, मधवापुर, हरतौली, गुलरिहा, कन्हों में वर्षों पुराने कुल 60 मामलों को मिशन समाधान के अन्तर्गत राजस्व व पुलिस की टीमों ने आवासीय पट्टों, चकमार्ग, चकरोड, बंजर भूमि, नाली, कूल, बंजर भूमि आदि के विभिन्न मामलों को पैमाइश कराते हुए कब्जा मुक्त कराने के साथ-साथ विवादित मामलों का भी निस्तारण किया गया।

मोहर्रम | मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जगह-जगह सबील लगाकर किया स्वागत

# अकीदत के साथ निकाला गया अलम का जुलूस

संवाददाता, फफूंद (औरैया)


जुलूस में शामिल समुदाय के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम पर्व पर गुरुवार को नगर में अलम का जुलूस अकीदत व जोशो-खरोश के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जगह-जगह जुलूस में शामिल लोगों का शर्बत पिलाकर व लंगर तकसीम कर स्वागत किया। सभी अलम जुलूस में शामिल होकर सुबह 10 बजे नगर के मोहल्ला भराव से प्रारंभ होकर देर शाम मोहल्ला सैयदबाड़ा में एक साथ पहुंचे। जहां मिलाप होने के बाद सभी अलम के जुलूस अपने अपने गंतव्य स्थानों पर रवाना हुए। सुरक्षा के दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सबसे पहले अलम के जुलूस की शुरुआत मोहल्ला भराव से हुई। जुलूस मोहल्ला ऊंचा टीला होता हुआ, तिराहा चमनगंज पहुंचा। इसके बाद अलम का जुलूस चमनगंज तिराहे से दोपहर तीन बजे रवाना होकर दिबियापुर-फफूंद मार्ग स्थित मोहल्ला मेवातियांन पहुंचा। जहां पर मोहल्ला जुबैरी, केशरवानी तथा मेवातियांन के अलम जुलूस में आकर शामिल हुए और दर्जन भर अलम एकत्र होने के बाद अपने तय रास्ते से होते हुए सैयदबाड़ा पहुंचे। जहां से मोहल्ला सैदवाड़ा का अलम शामिल हुआ। इसके बाद सारे अलमों का सैदवाड़ा स्थित मैदान में मिलाप हुआ और देर तक लोग गमगीन माहौल में या अली या हुसैन की सदाएं लगाकर मातम करते रहे। इसके बाद अलम का जुलूस अपने अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना होकर देर शाम समाप्त हो गया। जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों को शर्बत पिलाया गया तथा लंगर तकसीम किया गया। अलम के जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोगों का एक हुजूम दिखाई दिया। वहीं जुलूस के दौरान नगर पंचायत की ओर से चेयरमैन मुहम्मद अनवर ने साफ-सफाई का विशेष प्रबंध कराया। जुलूस के दौरान सभासद शब्बीर कुरैशी व सभासद, समाजसेवी मुस्लिम खान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इजहार अहमद खान मौजूद रहे।

## अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**औरैया।** अपर जिलाधिकारी ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की जूम मीटिंग के माध्यम से समीक्षा की।

समीक्षा करते हुए एडीएम एमपी सिंह ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए गड्ढा खुदाई, सुरक्षा, सिंचाई आदि की व्यवस्था के साथ-साथ नामित पौधशालाओं से आज ही पौध उठान सुनिश्चित करते हुए अवगत करायें और वृक्षारोपण का कार्य भी प्रारंभ करें, पौध उठान में देरी पर मनचाही पौध नहीं मिल पाती है और वृक्षारोपण भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के एक पौध मां के नाम अभियान के लिए बैनर, पोस्टर तथा पट्टिकायें भी तैयार कराएं।

# मारपीट के दोषी को 2 साल 9 माह की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● सहायल थाना क्षेत्र के लखनों का 16 साल पुराना मामला

**अमृत विचार।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश मयंक चौहान ने सहायल थाना क्षेत्र के गांव लखनों में 16 साल पहले एक महिला के साथ मारपीट करने के दोषी ऊदल को दो साल नौ माह की सजा से दंडित किया है।

मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक कुमार मिश्र ने बताया कि ग्राम लखनों निवासी धर्मवीर ने रिपोर्ट सहायल थाना में दर्ज कराई। जिसमें वादी ने लिखा कि उसकी मां सूरजमुखी बहन के साथ शौच करने के लिए गांव के बाहर स्कूल के पीछे गई थी। शौच करके वापस घर की तरफ वह लौट रही थी। तभी गांव के रहने वाले ऊदल हाथ में चाकूल दिखाते गाली-गलौज करने लगा। उसकी मां ने मना किया तो उसने मां के ऊपर चाकू से वार कि व जान से मारने की धमकी दी। ऊदल से वादी की पुरानी रंजिश चल रही है। तहरीर पर थाना सहायल में रिपोर्ट लिखी गई। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद न्यायाधीश मयंक चौहान ने दोषी ऊदल को मारपीट व धमकी देने के आरोप में कुल दो साल नौ माह के कारावास की सजा से दंडित किया। उस पर एक हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया। कोर्ट ने अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को उपरोक्त सजा में समायोजित करने का आदेश दिया।

## एक नजर

### मथुरा के मुड़िया पूर्णिमा मेले के लिए चलेंगी 1000 अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि शुक्रवार 4 जुलाई से मथुरा में शुरू हो रहे मुड़िया पूर्णिमा मेला में पहुंचने के लिए परिवहन निगम द्वारा इस क्षेत्र में 1000 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगरा क्षेत्र से 250 बसें, अलीगढ़ क्षेत्र से 150 बसें ,गाजियाबाद क्षेत्र से 150 बसें, मेरठ क्षेत्र से 100 बसें ,इटावा क्षेत्र से 150 बसें, मुरादाबाद क्षेत्र से 100 बसें और बरेली क्षेत्र से 100 बसों समेत कुल आवंटित एक हजार बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि 4 जुलाई से 11 जुलाई तक राजकीय मुड़िया पूर्णिमा गोवर्धन मेला मनाया जाना है, मुख्य पर्व 10 जुलाई को है।

### तीन आईपीएस का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शासन ने गुरुवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। जारी आदेश के अनुसार एडीजी भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अशोक मुथा जैन को एडीजी गोरखपुर बनाया गया। वहीं, दो प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी देख रहे पीसी मीणा से सीएमडी पुलिस आवास निगम का कार्यभार हटा दिया गया। वह अब सिर्फ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं रहेंगे। वहीं, एडीजी जोन गोरखपुर डॉ. केएस प्रताप कुमार को सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया है।

# एलडीए को मिली जेपीएनआईसी परियोजना, सोसाइटी भंग

## अधूरी परियोजना को पूरा करेगी योगी सरकार, परियोजना को पूरा करने और संचालन की जिम्मेदारी भी संभालेगा एलडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंप दिया। साथ ही, परियोजना के संचालन के लिए गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग कर दिया गया। सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने, इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी एलडीए को दी है।

मंत्रिमंडल ने जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए परियोजना को यथास्थिति एलडीए को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। अब एलडीए न केवल इस केंद्र का संचालन करेगा, बल्कि इसके रखरखाव और पूरा करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाएगा। परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने, प्रक्रिया और शर्तें तय करने, सोसाइटी की सदस्यता समाप्त करने और अन्य अनुषांगिक कार्यों के लिए एलडीए को पूरी तरह से



अधिकृत किया गया है। यह कदम परियोजना को पारदर्शी और कुशल तरीके से जनता के हित में उपयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**प्राइवेट पार्टनरशिप से होगा संचालन :** एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरईएफ) और लीज या रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से निजी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना के बचे हुए कार्य पूरे होंगे, बल्कि इसका रखरखाव और संचालन भी बिना अतिरिक्त सरकारी खर्च के सुनिश्चित होगा। यह मॉडल परियोजना को आत्मनिर्भर बनाने और जनता के लिए उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 821.74 करोड़ का लोन 30 साल में चुकाने की शर्त

यह भी निर्णय लिया गया कि जेपीएनआईसी परियोजना के लिए शासन द्वारा अब तक अवमुक्त 821.74 करोड़ रुपये की धनराशि को एलडीए के पक्ष में स्थानांतरित लोन माना जाएगा। एलडीए को इस राशि को आगामी 30 वर्षों में चुकाना होगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वित्तीय बोझ को व्यवस्थित तरीके से संभाला जाए, साथ ही परियोजना जनता के लिए उपलब्ध हो सके।

### वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से घिरी रही परियोजना

जेपीएनआईसी, जिसे सपा सरकार ने 2013 में शुरू किया था, शुरू से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद परियोजना में अनियमितताओं की जांच शुरू हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। कैग की रिपोर्ट में बिना टेंडर के काम कराने और लागत में अनावश्यक वृद्धि जैसे आरोप सामने आए थे। 860 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद परियोजना अधूरी रही, जिसे अब योगी सरकार एलडीए के माध्यम से पूरा करेगी।

### विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगी लैस

जेपीएनआईसी परियोजना के तहत लखनऊ में एक आधुनिक और विश्वस्तरीय केंद्र विकसित किया जा रहा है। इसमें राज्य स्तर का ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की सुविधा होगी। इसके अलावा, 750 चार पहिया वाहनों की मल्टी-लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। ये सुविधाएं जनमानस के लिए खुली होंगी, जिससे लखनऊ के नागरिकों को एक आधुनिक और बहुउद्देश्यीय केंद्र का लाभ मिलेगा।

### आमजन के लिए खोलने की दिशा में अहम कदम

राज्य सरकार का यह फैसला जेपीएनआईसी को आमजन के लिए खोलने की दिशा में एक अहम कदम है। पिछले आठ वर्षों से बंद पड़े इस केंद्र को अब एलडीए के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। यह केंद्र न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, खेल और सम्मेलन केंद्र के रूप में उभरेगा। सरकार का यह कदम सपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार से दागी इस परियोजना को नया जीवन देने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

## एलडीए को सौंप कर बेचना आसान होगा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बंद पड़े सपा के ड्रीम प्रोजेक्ट जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के हवाले कर संवारने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके



लिए गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में जेपीएनआईसी की सोसायटी को भंग कर, जिम्मेदारी एलडीए को सौप दी गई है। कैबिनेट के इस फैसले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जेपीएनआईसी को एडीए को दिया तो वापस लेना आसान होगा, फिर सरकार द्वारा इसे आसानी से बेचा जा सकता है।

सपा प्रमुख की टिप्पणी के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को आड़े लेते हुए कहा कि अखिलेश यादव जिस तरह से जेपीएनआईसी को लेकर हंगामा मचा रहे हैं, उनकी सरकार का 2012-2017 का कार्यकाल काम के लिए नहीं, बल्कि कारनामों के लिए जाना जाता है। जो प्रोजेक्ट सिर्फ़ 265 करोड़ का था, उसे बढ़ाकर 864 करोड़ कर दिया गया और 821 करोड़ खर्च करने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ।

# नई भवन उपविधियों और जोनिंग रेगुलेशन्स को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 को लागू करने का फैसला लिया गया है। राज्य के शहरी विकास को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। नई उपविधियां शहरी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने और मानकों को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी।

### मंत्रिमंडल के फैसले

**औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन :** उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की 20 और 27 मार्च को हुई बैठकों की संस्तुतियों को स्वीकृति दी गई। साथ ही, त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के तहत 7 मार्च 2025 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुतियों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस कदम से राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को स्वीकृति :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सृजित करके रेग्युलेशन नीति बनाई गई है। मंत्रिमंडल में रोजगार प्रोत्साहन नीति जारी की गई, इसके तहत अलग-अलग उद्योगों के लिए अलग-अलग सब्सिडी दी जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि कई बड़ी कंपनियों को सब्सिडी की घोषणा की गई है। वहीं, भाषा संस्थान के कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्त करने की उम्र 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई है।

**डॉ. केएन मोदी विवि की स्थापना का रास्ता साफ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में डॉ. केएन. मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

# अयोध्या में एनएसजी हब के लिए दी जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मंत्रिमंडल ने अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एनएसजी हब की स्थापना के लिए 8 एकड़ भूमि 99 वर्षीय लीज पर गृह मंत्रालय के पक्ष में निःशुल्क आवंटित और अंतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना के लिए छावनी गौरा बारिक 'कैंटोनमेंट क्षेत्र अयोध्या' परगना हवेली अवध, तहसील सदर की भूमि दी है। इस संबध में अयोध्या के डीएम द्वारा अनुरोध किया गया था, जिसके बाद गृह विभाग से राय लेने के बाद वित्त विभाग ने प्रावधानों को शिथिल किया है। हालांकि यह हस्तांतरण अपवाद स्वरूप होगा। इसे भविष्य में उदाहरण नहीं माना जाएगा।

### खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं कर सकेंगी काम

**अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है। महिला श्रमिकों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखा गया है।

**व्यापारियों पर अपील की राशि का बोझ किया कम**

राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर (संशोधन) अध्यादेश पर मुहर लगायी है। इसी के साथ केंद्र द्वारा जीएसटी में किए गए कई संशोधनों को उप्र. में भी लागू कर दिया गया। इसके तहत व्यापारी को अपील करने के लिए पहले राशि का 25 फीसदी जमा करने की बाध्यता थी। इसे घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल के अनुसार, वित्त अधिनियम 2025 के द्वारा उप्र माल और सेवाकर अधिनियम में किए गए संशोधनों के क्रम में उप्र. माल और सेवाकर अधिनियम में संशोधन किया गया है।

**19 हजार करोड़ सौर ऊर्जा को, 21,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति**

बैठक में गौतमबुद्ध नगर, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर, नोएडा और हाथरस में 21 हजार 252 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। शीघ्र ही सभी कम्पनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जानकारी दी कि अवाडा इलेक्ट्रो प्रालि. को ग्रेटर नोएडा में 202350 वर्ग मीटर भूखंड के आवंटन पर 252.92 करोड़ की फ्रन्ट एण्ड लैंड सब्सिडी प्रोत्साहन राशि के रूप में देने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में उप्र. सौर ऊर्जा में निवेश का बड़ा गढ़ बनेगा क्योंकि 19 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश सौर ऊर्जा क्षेत्र में किया गया है।

# पोर्टल से प्रमाण पत्र देने में कासगंज आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के डिजिटल मुहिम से अब प्रदेशवासियों को प्रमाण पत्र के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से उन्हें घर बैठे आय, जाति, निवास और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र मिल रहे हैं। शासन स्तर पर हुई जून माह की समीक्षा में प्रमाण पत्र देने वाले जिलों में कासगंज सबसे आगे रहा है, जबकि मेरठ दूसरे तो कन्नौज तीसरे स्थान पर है।

कासगंज जिले ने जून माह में 14,013 आवेदनों में से 13,810 आवेदन सफलतापूर्वक स्वीकृत कर आवेदनों का निस्तारण किया है, जिसका औसत 98.55 प्रतिशत है, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसी के साथ कासगंज ने पूरे प्रदेश में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्रों का निस्तारण करने में पहला स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट में बदायूं ने चौथा और सीतापुर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन जिलों में महाराजगंज, मथुरा, कानपुर नगर, एटा और अमेठी ने अपनी जगह बनाई है।

# आईएमएलसी नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर

## मुख्यमंत्री ने की 26 जिलों में 27 क्लस्टर की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास से प्रदेश के 26 जिलों में 27 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की शुरुआत की। उन्होंने प्रदेश में संचालित और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे को प्रदेश की इकॉनमिक ग्रोथ का बैकबोन बताते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब यूपी में एक साथ 5 एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 13,240 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आईएमएलसी की स्थापना हो रही है।

मुख्यमंत्री ने इस लॉन्चिंग को प्रसन्नता का क्षण बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा बताया, जिसमें उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि आज यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के सभी 6 नोड भी एक्सप्रेसवे के किनारे ही विकसित किए जा रहे हैं।



अपने सरकारी आवास से मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री नंदी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

मुख्यमंत्री ने आईएमएलसी को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए सुरक्षा, लैंडबैंक और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर पहली शर्त होती है और प्रदेश ने इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के उद्घाटन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं इस पर सफर किया, जो तेज रफ्तार के साथ-साथ आरामदायक भी था। सीएम ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को कभी पिछड़ा माना जाता था, जहां निवेशक आने से हिचकते थे, वहां आज आईएमएलसी के रूप में एक बड़ा सपना साकार हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उद्योगों और फैक्ट्रियों को हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल रूप में विकसित करना होगा, ताकि स्थान का अधिकतम उपयोग हो सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

## चुनौतीपूर्ण बना चुनाव कराना, आज से दिल्ली में संघ के दिग्गजों की अहम बैठक, यूपी के लिए भी होगा इशारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग सहमति बन चुकी है। 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का कार्य पूरा होने से अब सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण यूपी का चुनाव पूरा करना है। शुक्रवार से तीन दिन तक संघ की दिल्ली में बड़ी बैठक से यूपी के लिए भी इशारा होना तय माना जा रहा है।

भाजपा के साथ संघ भी यूपी में वर्ष 2027 के विधानसभा के



आम चुनाव के मद्देनजर बेहद संवेदनशील और सतर्क है। बीते लोकसभा चुनाव में हर स्तर पर सपा-कांग्रेस से मजबूत तैयारी के बावजूद जब मतों की गिनती शुरू हुई थी, तो भाजपा के हाथ से यूपी निकलता दिखा था। मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के होते हुए भी सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन 43 सीटें जीतने में कामयाब रहा, जिसमें अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सर्वाधिक 37 सीटें थीं। मुलायम सिंह यादव की जब तूती बोलती थी, तब भी यूपी में इतना शानदार प्रदर्शन कभी नहीं हुआ था।

अगला विधानसभा चुनाव भी सपा-कांग्रेस मिलकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में मुसलमानों का एकजुट वोट बिखरने की कोई सूरत नजर न आने से भाजपा का पूरा फोकस सपा के पीडीए फार्मूले के साथ बसपा के वोटबैंक में बड़ी सेंध लगाने की रणनीति पर है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पिछड़ा या दलित जाति से दमदार व असरदार चेहरा होना जरूरी है। ताकि दौड़-भाग करने में योगी से पीछे न रहे। इसे लेकर कई नामों पर मंथन हो चुका है। लेकिन संघ ने साफ ताकीद कर रखी है कि ऐसा कोई चेहरा न हो, जो योगी से गुटबाजी करता दिखे। इसीलिए 4 जुलाई से संघ की दिल्ली में अपनी कोर ग्रुप की बैठक में यूपी प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर भी नाम तय हो सकता है।

### सपा के बढ़े वोट खतरे की घंटी

सपा को 33 प्रतिशत से अधिक वोट मिलना, आज भी भाजपा के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। जबकि इसके पहले वर्ष 2019 में बसपा के साथ होने के बावजूद वोट ट्रांसफर नहीं हुआ था। हालांकि जब सपा का जलवा था, तब वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान 35 सीटें मिलीं थी, लेकिन वोट प्रतिशत सिर्फ 26 था, जबकि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो सपा को 32 प्रतिशत वोट मिले थे।

### सत्र से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की तैयारी

भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र शुरू होने के पहले तक मिल सकता है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे भाजपा राज्यों के साथ तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, मिजोरम, अंडमान निकोबार का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के बाद अब भाजपा के 37 राज्यों में से 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। भाजपा के इतिहास में यह पहला मौका है कि जब किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, इतने लंबे समय तक नया अध्यक्ष नहीं चुना गया है।


## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 7 | | | 3 | |
| | 8 | 3 | 4 | | 6 | 1 | | |
| 7 | 9 | | | | | 2 | | 6 |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 7 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 1 | | | 5 | | | 9 |
| 9 | | 8 | | | | | 1 | 5 |
| | | 2 | 3 | | 7 | 4 | 9 | |
| | 4 | | | 1 | 9 | | | |

### सुडोकू - 27 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी-16.31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 16.50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक रहेंगे। उच्चधिकारी आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। शेयर मार्केट में जोखिम भरा निवेश न करें। व्यापार में महत्वपूर्ण अनुबन्ध करने से आज आपको बचना होगा।

**वृष** — आज आप कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दे सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को सुलझाने में रूचि लेंगे। पूरी तरह से अपने कारोबार में फोकस बनाए रखें। कोर्ट-कचहरी को लेकर चल रहे मामलों में विजय होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज नव दंपति किसी पर्यटन का विचार बना सकते हैं। आपकी उपलब्धियों की समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। आज आप मनोरञ्जन संबंधी गतिविधियों में विशेष रुचि लेंगे। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

**कर्क** — आज पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें। व्यापारी थोड़ा परेशान हो सकते हैं। अपनी गलत वृत्तियों पर नियन्त्रण रखें।

**सिंह** — आज आप काफी अच्छा महसूस कर सकते हैं। तीर्थ यात्राओं में जाने का विचार बनायेंगे। आपकी संवादशैली से लोग आकर्षित रहने वाले हैं। मन में अनेक रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कन्या** — आज परिवार में तालमेल की कमी महसूस होगी। नया कारोबार आरंभ कर रहे हैं तो आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है। आज बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। उच्च अधिकारी आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे। धन को लेकर कुछ परेशानी महसूस होगी। आपकी बातों से लोग आहत हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सभी के निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय व्यर्थ न करें। दूसरों से अधिक अपेक्षा रखना ठीक नहीं है।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूर्ण कर लें। गठिया-वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है। जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है।

**मकर** — आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूर्ण रूप से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आप अधिकारियों से परेशान होंगे। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं।

**मीन** — आज दिन आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता महसूस हो सकती है। नए कार्यों में कुछ रुकावटें आने की आशंका है। व्यवसाय में कुछ गतिरोध महसूस हो सकता है। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

अनर्थंमर्थंत : पश्यत्रर्थं चैवाप्यनर्थत : ।
इन्द्रियैरजितैर्बाल : सुदु :खं मन्यते सुखम् ॥

अज्ञानी लोग इंद्रिय – सुख को ही श्रेष्ठ समझकर आनंदित होते है। इस प्रकार के अनर्थ को अर्थ और अर्थ को अनर्थ कर देते हैं, और अनायास ही नाश के मार्ग पर चल पड़ते हैं।

## संपादकीय

# शहरी परिवर्तन की चुनौती

देश के शहर तेजी से बदल रहे हैं और विकास कर रहे हैं, जिससे नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा हो रही हैं। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। अभी देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरों में रहती है और अनुमान है कि 2050 तक 50 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। शहरी आबादी में उछाल आर्थिक विकास और वैश्विक प्रासंगिकता के लिए अवसर लेकर आता है लेकिन यह बुनियादी ढांचे, वित्त और संस्थागत ढांचे पर गंभीर दबाव भी डालता है। साफ है कि शहरों को अधिक लोगों को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि 2047 तक आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे का लगभग 70 प्रतिशत अभी बनाया जाना है। तत्काल वित्तीय, प्रशासनिक और शासन सुधारों के बिना, शहर भीड़भाड़, असमानता और जलवायु जोखिम के केंद्र बन सकते हैं। शहरीकरण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे कि वायु और जल प्रदूषण।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत को अपने शहरी बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए 2036 तक 70 लाख करोड़ रुपये की भारी रकम की जरूरत होगी जो वर्तमान निवेश क्षमताओं से कहीं अधिक है। केंद्र सरकार शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और इसके लाभों को प्राप्त करने के लिए कई पहल कर रही है। अमृत योजना शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है। स्मार्ट सिटी मिशन शहरों को आधुनिक बनाने और उन्हें अधिक कुशल बनाने पर केंद्रित है। सरकार शहरी गरीबों के लिए किफायती आवास प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। उच्च-आय वाला देश बनने के लिए हम जिस तरह की आर्थिक वृद्धि चाह रहे हैं, उसे तभी हासिल किया जा सकता है, जब हमारे शहरों की योजना कुछ इस तरह बनाई जाए कि उनकी अधिकतम क्षमता पर काम किया जा सके। इसके लिए हमें शहरी इलाकों में रहने वाले हाशिये के समुदायों पर भी निवेश करना होगा ताकि वे आर्थिक लाभ से वंचित न रह जाएं। अगर इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाए, तो शहरी परिवर्तन आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेश की अगली लहर को शक्ति प्रदान कर सकता है। योजना बनाने, निवेश करने और सुधार करने का समय अभी है ताकि कल का भारत लचीले, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी शहरों में बसा हो। वास्तव में शहरी परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और भारत को एक समावेशी, समृद्ध और टिकाऊ शहरी भविष्य बनाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# कृत्रिम मेधा एवं विवेक के रणनीतिक लाभ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं।

पड़ोसी देशों में से एक नए अशांत देश के रूप में बांग्लादेश और युद्धप्रिय या बेलिग्रेंट राष्ट्रों के रूप में पाकिस्तान एवं चीन की भारत में पहचान बन गई है। ऐसे में अपनी ज्योग्राफिक सीमाओं पर एक नए उन्नत निगरानी तंत्र, पेट्रोलिंग और कनफ्लिक्ट प्रिडिक्शन के रूप में हमें नए सिरे से तैयारी करने की जरूरत है।

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं। भविष्य के युद्ध परिदृश्य कैसे बदल सकते हैं इसकी एक झलक हमें हालिया ऑपरेशन सिन्दूर और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ध्वस्त करने के इजराइल, अमरीका के संयुक्त प्रयास से मिलती है।

कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और कांफिल्क्ट मैनेजमेंट की मॉडलिंग के मामले में भारत अभी किस स्तर पर हो सकता है यह अत्यंत गोपनीय हो सकता है, लेकिन इस बाबत वैश्विक ओपन डोमेन साहित्य से उपलब्ध जानकारी अहम् है जिससे मालूम होता है कि मैथमेटिकल मॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप निर्माण प्रणालियों एवं बौद्धिक प्रतिभा की उपलब्धता के चलते भारत इसमें पीछे तो नहीं ही रह सकता। प्रतिरक्षा के दबावों के चलते भारत के प्रतिभावान मिलिट्री प्लानर्स इस क्षेत्र में कितना काम कर पाएंगे, यह अगली झड़प के दौरान प्रदर्शित हो सकता है। दो देशों के बीच कनफ्लिक्ट अब अप्रत्यक्ष या परोक्ष एवं, टेक्नोलॉजी लोडेड हो चुका है। परोक्ष युद्ध की पद्धतियों पर पश्चिमी देश और चीन तेज़ी से काम कर रहे हैं। इसके लिए न केवल काल्पनिक रूप से संघर्ष के लिए कत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)से डाटा एकत्र किया जा रहा है जो उन्नत विडियो गेम्स सरीखा हो सकता है बल्कि वास्तविक कनफ्लिक्ट के दौरान इकट्ठा किया गया डाटा भी इसमें फीड करते हुए निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

वास्तविक डाटा से मतलब है ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान फाइटर जेट्स की पूरी कार्रवाई, बॉम्बिंग पैटर्न, जीपीएस पोजीशनिंग। इन-फ्लाइट कंप्यूटिंग एंड गाइडेंस, मिसाइल ट्रेजेक्ट्रीज और वार-हेड इम्पैक्ट्स काइलेक्ट्रॉनिक्स डाटा आकलन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दो देशों के बीच न केवल संभावित कनफ्लिक्ट या संभावित परिदृश्य पर काम हो रहा है, बल्कि देश में राजनैतिक और अत्यंत जोखिमपूर्ण जातीय संघर्षों, गृह-युद्ध जैसे हालातों और राजनैतिक हिंसा को रोकने की मॉडलिंग पर भी काम हो रहा है। संघर्ष की पूर्व चेतावनी का उद्देश्य राजनीतिक हिंसा के विभिन्न रूपों की शुरुआत अवधि, तीव्रता और प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई की पहचान करना और उसे शुरू करना है। बीसवीं शताब्दी में व्यापक संघर्ष रोकथाम के लिए राष्ट्रों की प्रतिबद्धता सार्वभौमिक रूप से साझा नहीं की गई थी, संघर्ष की रोकथाम की अवधारणा और विस्तार से संघर्ष की पूर्व चेतावनी ने पिछले 30 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रमुखता हासिल कर ली है। मित्र देश जैसे कि नाटो जरूरत के वक्त डाटा साझा करते हैं।

> इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक खास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

कंप्यूटिंग में प्रगति के साथ इस बढ़ती हुई भागीदारी ने तेजी से परिष्कृत लौकिक और स्थानिक आयामों के साथ उन्नत पूर्व चेतावनी तंत्र में निवेश को बढ़ावा दिया है। फिर भी, संघर्ष की रोकथाम और संघर्ष की पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक संचालन कई कारणों से इसके सैद्धांतिक विकास से पीछे है। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पूर्व चेतावनी आकलन में सीमायें, वास्तविक समय के डेटा की सीमित उपलब्धता, कवरेज, गुणवत्ता और सत्यापन के अलावा संघर्ष प्रक्रियाओं में निहित अंतर्जातता (एंडोजेनिटी) से उभरने वाली जटिल मॉडलिंग चुनौतियां और, सबसे ऊपर, संगठित हिंसा के बढ़ते जोखिमों के मजबूत और सम्मोहक सबूतों पर कार्रवाई करने के लिए लड़ने वालों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति की अंतर्निहित कमी शामिल है।

इन चुनौतियों के बावजूद, मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उन्नत डेटा संग्रह और विश्लेषण तकनीकों में निवेश प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया के अभ्यास को बहुत प्रभावित करता है। इस प्रक्रिया को अपनाते हुए जो मॉडलिंग की गई है उससे नयी अंतर्दृष्टि बेशक उपजी है परन्तु इनमें से कई प्रणालियां अभी तक अपेक्षाओं पर खरी क्यों नहीं उतर पाई हैं। इसे ही समझ कर अब कारगर हल ढूंढे जा रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी प्रकार की मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण किया जाए, मनुष्य के विवेक और त्वरित बुद्धि के बिना सफलता नहीं मिलेगी। ऑपरेशन सिन्दूर का उदाहरण सामने है जिस दौरान प्रथम दिन की स्ट्राइक के बाद भारत के मिलिट्री प्लानर्स और सिविलियन एक्सपर्ट ने मिल कर एक ही दिन में स्ट्रेटेजी को बदल कर विवेक से काम लिया तभी स्ट्राइक्स कामयाब हुई थीं। विशेषज्ञों और स्ट्रेटेजिक प्लानर्स का मानना है कि सामरिक रूप से प्रशिक्षित कृत्रिम मेधा के भरोसे से युद्ध नहीं जीते जा सकते। विवेकपूर्ण निर्णयों के लिए स्ट्राइक प्लानर्स को भी प्रशिक्षित होने की जरूरत होगी और इसके लिए वास्तविक संघर्षों और युद्धों से जुटाए गए डाटा की शेयरिंग के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक ख़ास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है। ज्ञातव्य है कि सर्वाधिक संख्या और विविधता वाली वार सिचुएशन्स से संबंधित विडियो गेम्स बनाने में इस समय चीन ही सर्वोपरि है। गूगल प्ले स्टोर पर और माइक्रोसॉफ्ट की साईट पर ऐसी सैंकड़ों एप्लीकेशन्स उपलब्ध हैं।

वास्तविक युद्दों के बारे में पिछले बीस साल का सबसे अधिक डाटा इस समय अमरीका के पास है। अमरीका के डिपार्टमेंट ऑफ़ डिफेंस में जलसेना द्वारा संचालित इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर (आईडब्ल्यूसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में जो जानकारी उपलब्ध कराई है उससे इसमें काम करने वालों की अंतर्दृष्टि की बाबत काफी मालूमात सेंटर द्वारा प्रकाशित बुलेटिन के अध्ययन से हासिल होती है। इस सेंटर में रिसर्च और एप्लीकेशन्स विकसित करने और इनकी फील्ड-टेस्टिंग करने तक की दक्षता हासिल करने की क्षमता है जैसे कि आईडब्ल्यूसी योद्धाओं को संघर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में अनियमित युद्ध करने के लिए तैयार करता है। इसके लिए अगली पीढ़ी की तकनीकों और अवधारणाओं का उपयोग करके अनियमित युद्ध या संघर्ष को संचालित करने के लिए निर्देश भी प्रदान करता है, जो बल की मारक क्षमता को बढ़ाता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रमुख सहयोगियों और भागीदारों को खतरे से आगाह करने के लिए तैयार करता है। पारंपरिक युद्ध शक्ति को मजबूत आई आईडब्ल्यूसी पद्धतियों के साथ जोड़कर रणनीतिक मानसिकता को बदलने के लिए उक्त काम किया जा रहा है। देखना है कि भारत आई आईडब्ल्यूसी के कामकाज के मद्देनज़र अपने यहां इर्रेगुलर वारफेयर के लिए क्या एक पृथक और डेडिकेटेड रेजिमेंट बना चुका है और इन्हें मॉडलिंग और टेस्टिंग की सुविधाएं हासिल हैं?

इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर द्वारा प्रकाशित पत्रिका प्रौद्योगिकी सेवाओं के प्रमुख हैंक हन्ना ने जनवरी 2025 के खंड 3, अंक 1, में जो लेख द इमर्जिंग पोटेंशियल फॉर क्वांटम कंप्यूटिंग इन इर्रेगुलर वारफेयर शीर्षक से दिया है उसके जरिए से क्वांटम कंप्यूटिंग कम्प्यूटेशनल तकनीक में एक प्रतिमान बदलाव की संभावना व्यक्त हुई है, जिससे उन्नत देशों के अलावा भारत भी राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा-उद्योगों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## प्रसंगवश

# भूस्खलन और बाढ़ से बचाव के लिए सतर्कता बरतना जरूरी

पहाड़ों पर बादलों ने तबाही मचा रखी है तो मैदानों में भी हाल बुरा है। केरल और झारखंड में भी बारिश ने कहर बरपाया है और इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इन दिनों मानसून लगभग-लगभग पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने आधिकारिक तौर पर पूरे देश में मानसून के सक्रिय होने की घोषणा कर दी -जो कि इसकी सामान्य तिथि से पहले है। सच तो यह है कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश के बीच हर ओर उफनते सैलाब की तस्वीरें आ रही हैं। देश के कई प्रमुख शहरों में सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, रास्ते जाम हो गए हैं तथा पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन और बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने जुलाई और अगस्त में और अधिक बारिश का अनुमान जताया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

पिछले कुछ सालों से देश ही नहीं पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन एक कटु यथार्थ है। यह सब कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों का ही परिणाम है कि आज हम सभी जलवायु परिवर्तनों का लगातार सामना कर रहे हैं। यह ठीक है कि मानव बारिश को तो नहीं रोक सकता है लेकिन तबाही को समय रहते एहतियात बरतकर रोका जा सकता है अथवा काफी हद तक कम किया जा सकता है। आधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल करके इसे कम किया जा सकता है। लेकिन प्रशासन व आम आदमी तब चेतता है,जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बाढ़ व भूस्खलन से निपटने के लिए समय रहते राहत और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि बाढ़ और भूस्खलन से बचाव के लिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें इन प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है और उनसे बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। बाढ़ से बचाव के लिए हमें बाढ़ प्रणव क्षेत्रों में ऊंचे स्थानों पर रहना चाहिए। आपातकालीन किट जैसे कि सूखा भोजन, पानी, दवाएं, टॉर्च, रेडियो और अन्य आवश्यक चीजें हमारे पास मौजूद होनी चाहिए। इतना ही नहीं हमें अपने परिवार के सभी सदस्यों को निकटतम आश्रय/पक्के मकान तक जाने वाले सुरक्षित मार्गों की जानकारी होनी चाहिए तथा बारिश के दौरान समय-समय पर स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बनाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है। बाढ़ की चेतावनी और सलाह के लिए स्थानीय रेडियो/टीवी सुनना चाहिए अथवा अखबार आदि पढ़ना चाहिए। बाढ़ के समय बहते पानी, बिजली के तारों से, सांपों आदि से सावधान रहना चाहिए। वहीं पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से बचाव के लिए हमें यह चाहिए कि हम नालों में कूड़ा-कचरा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि न जमा होने दें और नालों को अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखें। घरों, दुकानों,रहवास आदि को भूकंप-रोधी बनाया जाना चाहिए ताकि भूस्खलन के समय कम नुकसान हो अथवा नुकसान हो ही नहीं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि उनकी जड़ें मिट्टी को पकड़ सकें। इतना ही नहीं,खतरे वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए। अचानक बाढ़ या भूस्खलन के जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रहना चाहिए। भूस्खलन से सुरक्षा के लिए हमें यह चाहिए कि हम भूस्खलन के विभिन्न संकेतों जैसे कि दरारों, चट्टानों के गिरने, पेड़ों के टूटने या जमीन में पड़ने वाली दरारों पर विशेष ध्यान दें और भूस्खलन के रास्तों से हमेशा स्वयं को और पशुओं को दूर रखें। भूस्खलन के बाद, हमें यह चाहिए कि हम तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। इसके साथ ही भूस्खलन के बारे में तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करना चाहिए ताकि बचाव कार्य किए जा सकें। याद रखें कि हमारी सतर्कता और जागरूकता से बहुत कुछ संभव हो सकता है।

# ग्लोबल साउथ में चीन की चाल



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है।

ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के संबंधों को नया आयाम देने, मित्रता को मजबूत करने और अटलांटिक के दोनों किनारों पर देश की साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका देशों के संगठन (ब्रिक्स), अफ्रीकी संघ, पश्चिम अफ़्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) और कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ जुड़ाव भी मजबूत होगा। भारत की कूटनीतिक मोर्चे पर लगातार उपलब्धियों के बीच ही हमारे पड़ोसी देशों की गतिविधियां ऐसी हैं जिन्हें भारत को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। सार्क के विकल्प का विचार गति पकड़ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी क्षेत्रीय शक्ति की रक्षा के लिए नवाचार करने चाहिए।

दक्षिण एशिया की बात की जाए तो चीन अब भारत के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। यह कदम है- चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एकसाथ मिलकर भारत के खिलाफ 'साका' नाम से नया दक्षिण एशियाई संगठन बनाने का। खबर है कि पाकिस्तान और चीन सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन की जगह दूसरा क्षेत्रीय ब्लॉक साउथ एशिया-चीन एलायन्स यानी एसएसीए का गठन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत एडवांस स्टेज पर बताई जाती है। हुई थी।

गौरतलब है कि भारत दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) का संस्थापक और प्रमुख सदस्य है लेकिन पाकिस्तान की नापाक हरकतों की वजह से नई दिल्ली ने इस संगठन से अभी दूरी बना रखी है। उरी आतंकी हमले के बाद से भारत ने सार्क बैठकों को निलंबित कर रखा है। 2014 में काठमांडू शिखर सम्मेलन हुआ था। इसके बाद से सार्क की बैठक नहीं हुई है। भारत द्वारा अब सार्क की जगह बिम्सटेक को बढ़ावा देने से पाकिस्तान का परेशान होना स्वाभाविक है और वह नेपाल के माध्यम से दबाव बनवा रहा है। दूसरी ओर, चीन और पाकिस्तान को बांग्लादेश में भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद नया सहयोगी मिल गया है। कराची के ही एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जून को कुनमिंग में जो बैठक हुई थी, उसका अंतिम उद्देश्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो सार्क का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि चीन की लंबे समय से दक्षिण एशिया में पैर जमाने की गहरी मंशा रही है। दक्षिण एशिया का यह क्षेत्र रणनीतिक और आर्थिक रूप से उसकी आकांक्षाओं के लिए अनुकूल है। दक्षिण एशिया में बीजिंग की बढ़ती भागीदारी उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है।


राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, साका का गठन आसान नहीं होगा। बांग्लादेश द्वारा गठबंधन-निर्माण को आधिकारिक तौर पर खारिज करना उसकी नाजुक स्थिति को दर्शाता है। चीन-पाकिस्तान धुरी का हिस्सा दिखने में बांग्लादेश की अनिच्छा से पता चलता है कि वह अपनी स्वायत्तता और रणनीतिक संतुलन को महत्व देता है। देखा जाए तो ढाका के बीजिंग के साथ आर्थिक संबंध मजबूत हैं और पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक संबंध। भारत के साथ भी बांग्लादेश की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक निकटता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यदि श्रीलंका, नेपाल और मालदीव जैसे भारत के पड़ोसी देश चीन के निवेश वादों पर इस गठबंधन में शामिल होने के लिए हामी भरते हैं तो भारत अपने निकटतम पड़ोस में खुद को अलग-थलग पा सकता है।

भारत की अपनी मजबूती का स्पष्ट प्रदर्शन बीजिंग में अभी हाल में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में देखने को मिला है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बारे में एक शक्तिशाली संदेश गया है। यह एक अभूतपूर्व कूटनीतिक क्षण था। इस साहसिक कदम ने पूरे भू-राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। यदि यह नया गठबंधन आकार लेता है तो यह एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव का संकेत होगा। एक नए क्षेत्रीय मंच में नेपाल, भूटान और श्रीलंका की भागीदारी दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक बदलाव का प्रतीक होगी। वक्त बताएगा कि दक्षिण एशिया में सार्क के स्थान पर साका को स्थापित करना बीजिंग के लिए यह अवसर का मंच होगा या इस्लामाबाद के लिए रणनीतिक जाल?

## सोशल फोरम

# अराजकता या जबर का जोर

> नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस बात को लोग भूल ही गए हैं कि संसार में प्रत्येक समुदाय में सामाजिक आचरण व्यवहार का एक संविधान होता है और उसके अनुच्छेदों को जीवन मूल्य कहा जाता है। सामाजिक परिवेश में दांपत्य संबंध की बात हो अथवा पारिवारिक संबंध की बात हो, जातिगत और मजहबी परिदृश्य हो अथवा आर्थिक पक्ष की बात हो, एक अराजकता का दृश्य दिख रहा है। नारी सशक्तीकरण की बात इतनी होती हैं किंतु सामूहिक बलात्कार लगभग प्रतिदिन के समाचार बन चुके हैं।

नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा। कोई किसी से भी शादी कर लेता है। जब कोई मर्यादा नहीं रही तो उसको विवाह कहना ही गलत है, क्योंकि विवाह एक सामाजिक मूल्य है, उसकी एक मर्यादा है। मूल्य नहीं, मर्यादा नहीं, तो वह केवल यौन संबंध तो है किंतु विवाह नहीं है। विवाह शब्द बहुत पवित्र है, वह तो तप है। वह व्रत है, उसमें संयम भी है और नियम भी।

नेता लोगों के पशुकृत्य नेशनल हाई वे पर हो रहे हैं। एक मुख्यमंत्री सामाजिकता का सूत्र बतला रहा था कि पालागन करो और पैर पकड़ कर भारतमाता की जय कर दो।

आर्थिक पक्ष में ऐसा दृश्य है कि परिवार में ही हत्या हो रही हैं। बैंकों का दोहन खुले आम हो रहा है। यहां तक कि सड़कों पर अराजकता है। जबर का जोर है। वह टक्कर भी मारेगा और फिर जबरदस्ती भी करेगा। जबर हो तो कुछ भी करो।

**–फेसबुक वॉल से**

# युवा शक्ति के प्रेरणापुंज थे स्वामी विवेकानंद



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।'

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवाओं से स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि एक समय में एक ही काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो, बाकी सब कुछ भूल जाओ। वह कहते थे कि यदि तुम स्वयं को कमजोर सोचते हो तो तुम कमजोर हो जाओगे और यदि खुद को ताकतवर सोचते हो तुम ताकतवर हो जाओगे। दरअसल हम वो हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि तुम क्या सोचते हो। वह कहा करते थे कि शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं और वे दूर तक यात्रा करते हैं, इसलिए एक विचार कर लो और उस विचार को ही अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों और शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो, यही सफल होने का तरीका है। अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना और स्वयं पर विश्वास करने को ही स्वामी जी सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहते थे कि जो तुम सोचते हो, वो हो जाओगे।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। स्वामी विवेकानंद का कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है।

11 सितंबर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा जीवंत रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पांच लोगों ने दंपति को पीटा

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के ग्राम अतरैया में पांच लोगों ने पति-पत्नी को गाली गलौज करके जमकर मारा पीटा। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अतरैया निवासी आशा सिंह ने बताया कि उसके पति श्याम सिंह को गांव निवासी पवन, अवधेश, बृजेश, नीरज गालीगलौज कर रहे थे। जब वह बचाने पहुंची तब केशकली ने भी उसे पीटा। आशा सिंह की तहरीर पर पुलिस ने पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सिसोलर क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने की मांग

**मौदहा।** सिसोलर क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों की सड़कें खस्ताहाल हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष पूर्वी ने एसडीएम को ज्ञापन देकर सड़कें गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है। क्षेत्र के गांव टोला माफ, किशवाही, परसदवा डेरा, बैजेमऊ व परेहटा आदि गांवों की सड़कों का बुरा हाल है। बड़े-बड़े गड्ढे होने से राहगीरों, बुजुर्गों, स्कूली छात्रों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए भुलसी निवासी भाजपा के जितेंद्र कुमार ने उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सड़क को गड्ढा मुक्त करने की मांग की है।

### नलकूप में खड़ी ट्रॉली चोरी

**मौदहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक दिनदहाड़े एक नलकूप पर खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली चोरों ने गायब कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के उपरौस मोहल्ला निवासी वारिस पुत्र अजीमुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक रिलायंस पेट्रोल पंप के पास उसका नलकूप है। बीते एक जुलाई को वह अपनी ट्रैक्टर की ट्राली हमेशा की तरह वहां खड़ी करके घर आया था। शाम को जब वह अपने नलकूप पहुंचा तो ट्रॉली न देख हैरान हो गया। आस पास पूछताछ के बाद ट्रॉली की कोई जानकारी नहीं लग सकी। पीड़ित ने कोतवाली में ट्रॉली चोरी की तहरीर दी है।

### मारपीट की घटनाओं की एफआईआर दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा के मजरा शंकरपुर गांव निवासी संतराम पुत्र राम अवतार ने सुरेश, सतेंद्र व राकेश के खिलाफ अकारण गाली गलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वही कंडौर गांव निवासी संतराम पुत्र जयराम निषाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव के बाबू सिंह पुत्र रामपाल ने पत्नी गुड़िया के साथ अकारण गाली गलौज व मारपीट की। उसने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामलों की जांच कर रही हैं।

# लैब टेक्नीशियन का शव मिला, जाम-हंगामा

## पिकनिक के बहाने स्वामी ब्रह्मानंद बांध ले जाकर हत्या का आरोप, नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ तहरीर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्वामी ब्रम्हानंद बांध में पिकनिक मनाने गए एक नर्सिंग होम कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत ने सनसनी फैला दी। परिजनों ने नर्सिंग होम संचालक और उसके सहयोगी पर सुनियोजित हत्या का आरोप लगाया है। इसको लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने राठ-हमीरपुर रोड पर धनौरी गांव के पास जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस के आश्वासन पर जाम खोला। जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया।

अकौना गांव निवासी वंशगोपाल उर्फ रोहित पाठक (24) कस्बे के कान्हा नर्सिंग होम में तीन साल से लैब टेक्नीशियन था। मंगलवार की शाम वह नर्सिंग होम संचालक डॉ.कुलदीप और स्टाफ के साथ स्वामी ब्रह्मानंद बांध पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान वह बांध में डूब गया। पुलिस ने देर शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। बुधवार सुबह फिर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ, जिसके बाद शव बरामद हुआ।

शव को देखते ही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई और धनौरी गांव के पास राठ-हमीरपुर रोड पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इसके बाद भारी पुलिस बल बुलाकर जाम खुलवाया गया। मौके पर पहुंचीं विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, एसडीएम अभिमन्यु कुमार, सीओ राजीव प्रताप सिंह ने जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही।



बांध में शव मिलने के बाद रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



राठ-हमीरपुर रोड पर जाम लगाकर बैठे परिजन और ग्रामीण। अमृत विचार



वंशगोपाल।

### लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या का किया था विरोध

- भाई ब्रजगोपाल पाठक ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि रोहित ने कुछ दिन पहले ही नर्सिंग होम संचालक डॉ.कुलदीप के गैरकानूनी तरीके से लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या का विरोध किया था। राज खुलने के डर से डॉ.कुलदीप ने अपने कर्मचारी नीरज के साथ मिलकर पिकनिक के बहाने उसे बांध में बुलाया और पानी में डुबो कर उसकी हत्या कर दी। रोहित के पास भ्रूण हत्या से जुड़े अहम सबूत थे।

- सर्च ऑपरेशन में गुरुवार की सुबह बरामद हुआ शव
- परिजनों के साथ ग्रामीणों ने जाम लगा जताया आक्रोश

### पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी: सीओ

- सीओ राजीव प्रताप सिंह ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। भाई की ओर से तहरीर मिली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज को मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दो बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत, 3 लोग घायल

संवाददाता, मौदहा

**अमृत विचार।** मौदहा-बसवारी मार्ग पर आमने-सामने हुई दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ हादसे की जांच शुरू कर दी है।

बिवांर थाना क्षेत्र के रतौली निवासी अखिलेश (19) पुत्र शिवलाल वर्मा अपने गांव के सरमन (20) पुत्र लल्लू और मौदहा निवासी अभिषेक (22) पुत्र रामहेत के साथ बाइक से गुरुवार की शाम अपने गांव जा रहे थे, तभी मौदहा-बसवारी मार्ग पर रमना गांव के निकट मोड़ पर सामने से आए बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से लहूलुहान हालत में सभी को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने अखिलेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच-पड़ताल की। अखिलेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### हाईवे पर भिड़े ट्रक, केबिन में फंसने से चालक घायल

**सुमेरपुर।** बुधवार रात हाईवे पर कुंडौरा गांव के समीप ओवरटेक करते समय दो ट्रक आमने-सामने भिड़ गए। एक ट्रक का चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि रात 1:30 बजे ट्रक आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करने में सामने से आए ट्रक से भिड़ गया। हादसे में ट्रक चालक हीरा सिंह पुत्र रामखेलावन निवासी भरसवां थाना बिवांर केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से चालक को निकाल अस्पताल पहुंचाया।

# गड्ढे में फटा पाइप, मरम्मत में दिक्कत

संवाददाता, बिवांर

**अमृत विचार।** पेयजल की फटी पाइप लाइन को सही करने के लिए लगे कर्मी दूसरे दिन भी लाइन को सही नहीं कर सके। गड्ढे में भरे पानी को पंपसेट से निकलने के बाद भी पानी कम नहीं हो रहा है। जिससे कर्मी परेशान है। वहीं पेयजल की आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण परेशान है। वहीं नमामि गंगे परियोजना की टंकी से पेयजल आपूर्ति चालू कर दी गई है।

मौदहा मार्ग में पेयजल की पाइप लाइन एक गड्ढे के पास फटने से बीते चार दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। लोगों की शिकायत के पर नमामि गंगे परियोजना की टंकी से पेयजल आपूर्ति चालू कर दी गई है। वहीं फटी पाइप लाइन को ठीक करने के लिए बुधवार को कर्मी लग गए थे। पंपिंग सेट लगाकर गड्ढे का पानी बाहर निकाला जा रहा है, लेकिन पड़ोस के तालाब के नाले का पानी गड्ढे में आने से खाली नहीं हो पा रहा है। पानी खाली न होने से लाइन सही नहीं हो पा रही है। जेई आशीष कुमार ने बताया कि गड्ढा गहरा होने की वजह से पानी निकालने में परेशानी हो रही है। जल्द ही लाइन को सही कर इससे ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी।



गड्ढे से पानी निकालने में जुटे कर्मी। अमृत विचार

### पाइप लाइन के गड्ढे में गिरी बाइक, मां-बेटा घायल

**सुमेरपुर।** कस्बे के बांदा रोड पर धर्मेश्वर बाबा मोहल्ले में पाइप लाइन ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढे में बाइक गिरने से मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों परछठ गांव के रहे जा रहे थे। बांदा जनपद के पपरेंदा निवासी भोला सविता अपनी मां अनुसुइया देवी को बाइक से लेकर परछठ गांव जा रहा था। धर्मेश्वर बाबा मुहाल में बांदा मार्ग किनारे पाइप लाइन ठीक करने के लिए खोदे गए गड्ढे में बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इस घटना में मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। हादसे की सूचना पर परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए।

# लैब में निगेटिव रिपोर्ट को बनाया पॉजिटिव

संवाददाता, राठ

- **राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लैब टेक्नीशियन की लापरवाही आई सामने**
- **पीड़िता ने अस्पताल में हंगामे के साथ दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई**

**अमृत विचार।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक लैब के कर्मचारियों की लापरवाही का मामला सामने आया है। लैब के टेक्नीशियन ने महिला की निगेटिव प्रेगनेंसी रिपोर्ट को पॉजिटिव बताते हुए रिपोर्ट बनाकर दे दिया। जब महिला ने किट से प्रेगनेंसी टेस्ट किया तो नतीजा निगेटिव आया। इसके बाद महिला ने अस्पताल में हंगामा करते हुए लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ला निवासी राजेश द्विवेदी की पत्नी अखिलेश ने बताया कि गुरुवार को वह अपनी माहवारी (पीरियड) की समस्या को लेकर कस्बे की सीएचसी में इलाज करने के लिए आई थी। यहां तैनात चिकित्सक ने उसे लैब में जांच कराने के लिए भेज दिया। जब वह लैब पहुंची तो वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए उसकी नेगेटिव प्रेगनेंसी को पॉजिटिव बताकर जांच रिपोर्ट बनाकर दे दी।

पॉजिटव रिपोर्ट आने के बाद वह हैरत में पड़ गई। बताया कि जब उसने स्वयं किट के माध्यम से अपनी प्रेगनेंसी टेस्ट की तो नतीजा निगेटिव आया। महिला ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मौदहा तहसील के अधिवक्ता। अमृत विचार

### मौदहा तहसील के वकीलों ने नहीं किया काम

**मौदहा।** अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर उनके सहयोग में न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए सहयोगी अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्य प्रणाली व लापरवाही के खिलाफ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए कार्यवाही की मांग की है। मौदहा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजकुमार गुप्ता को सौंपते हुए बताया कि जिला संगठन के पूर्व कोषाध्यक्ष रामकिशन यादव के घर सिमनौड़ी में चोरी हुई थी। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट सुमेरपुर थाने में दर्ज कराई गई। लेकिन पुलिस की नाकामी व घोर लापरवाही चलते न ही अभी तक मुलजिम की गिरफ्तारी की गई और न ही सामान बरामद किया गया। लगातार 25 जून से जिला जजी गेट पर क्रमिक अनशन चल रहा है। फिर भी अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही है। जिससे आक्रोशित संगठन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए विधिक कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर रघुवीर वर्मा, जितेंद्र कुमार कुशवाहा, शकील अहमद, गौरव गुप्ता, राजेंद्र कुमार, शिवबरन, श्याम नारायण, वीरेंद्र कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



डीएम को ज्ञापन देने जातीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं। अमृत विचार

### समूह की महिलाओं ने मांगी सरकारी मदद

**हमीरपुर।** अनमोल महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकारी सहायता दिलाने की मांग को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। अनमोल महिला स्वयं सहायता समूह चंदूपुर की अध्यक्ष रुक्मिणी पत्नी राकेश कुमार ने ज्ञापन में बताया कि उनके गांव चंदूपुर में वर्ष 2019 में अनमोल महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष चुनी गईं थीं, और गांव की ही 10 महिला समूह में सदस्य है। जो मजदूरी कर अपने अपने परिवार की भरण पोषण कर रहीं है। बताया कि वर्ष 2022 से समूह का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने नियमानुसार समूह को सरकारी सहायता दिलाने की मांग की है। इस मौके पर विद्या, राम जानकी, मूर्ति, गोमती, नंदो, संगीता, रजनी सहित समूह की सदस्य मौजूद रहीं।

### जहरीला कीड़ा काटने से किसान की मौत

**हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र के पवई गांव में जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मंगलवार की शाम पवई गांव निवासी किसान रामसहाय (35) पुत्र हरी सिंह किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल सहित झाड़ फूंक कराते रहे। लेकिन कोई आराम न मिलने पर बुधवार को झांसी मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक के बड़े भाई शिव बालक ने बताया मृतक के एक बेटा अंशु, एक पुत्री गुन गुन, पत्नी गरिमा है। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### सड़क हादसों में दो लोग लहूलुहान

**मौदहा।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के चकदहा गांव निवासी रामचंद्र कुशवाहा (34) पुत्र राम जी कुशवाहा मजदूरी कर वापस घर लौटते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार कस्बा निवासी मुड़िया अपने निजी काम से बाजार जाते समय ई-रिक्शा की टक्कर से सड़क पर गिर घायल हो गई। जिसे लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### किसान की अचानक मौत से मचा कोहराम

**मौदहा।** सिसोलर के मजरा खदरा डेरा में गुरुवार दोपहर 57 वर्षीय किसान की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। खदरा डेरा निवासी राजेंद्र उर्फ कंशा (57) पुत्र रामजीवन गुरुवार की दोपहर में घर में ही पेशाब करके जैसे ही उठा तभी उसे अचानक चक्कर आ गया और उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे। लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।



वन महोत्सव कार्यक्रम में मौजूद जीवन वेलफेयर सोसाइटी के लोग। अमृत विचार

## सोसाइटी ने विद्यालय में रोपे पौधे

**हमीरपुर।** जीवन वेलफेयर सोसायटी ने गुरुवार को दो विद्यालयों में डेढ़ सौ पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सोसायटी ने वन विभाग के सहयोग से कुछेछा स्थित महर्षि विद्या मंदिर और कन्या प्राथमिक विद्यालय में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत 150 फलदार आम, अमरूद, जामुन, नींबू आदि के पौधे रोपित किए। इस दौरान उन्होंने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही पौधों को संरक्षित करने की अपील की है। समिति के प्रबंधक अजय प्रताप सिंह, रामबाबू गुप्ता, गौरी शंकर, पंकज श्रीवास्तव, मीनाक्षी सिंह सहित शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहे।

# स्कूल विलय के विरोध में भीम आर्मी सड़क पर उतरी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- **आंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार।** सरकारी स्कूलों के विलय के विरोध में भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट तक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा उप्र शासन द्वारा जारी आदेश को तत्काल वापस लेने व कौशांबी और प्रयागराज की घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने की मांग को लेकर राज्यपाल से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है।

आजाद समाज पार्टी के प्रदेश आवाहन पर जिलाध्यक्ष रामबाबू वर्मा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 27 हजार 965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय कर बंद करना संविधान के अनुच्छेद 21 के शिक्षक अधिकार अधिनियम 2009 और अनुच्छेद 46 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है।

बताया कि गरीबों के बच्चों को सरकार के स्कूल में शिक्षा मिलना अनिवार्य है। जिसको देखते हुए प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के स्कूल बंद करने का निर्णय को वापस लें।

इसके साथ ही कौशांबी के लोहंदा गांव में 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना एवं जनपद प्रयागराज के इसौटा गांव अनुसूचित जाति के व्यक्ति को जिंदा जलाकर मार देने की घटना की सीबीआई द्वारा निष्पक्ष जांच कराने सहित इसौटा प्रकरण में पकड़े गए निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा करने की मांग की है। इस मौके पर श्याम सुंदर वर्मा, हसन खान गोलू, नीरज कश्यप, पुष्पेंद्र कुमार, जगन्नाथ कोरी, दिनेश कुशवाहा, रॉकी बाल्मीकि, अरविंद कुमार साहू, माहेश्वरी दीन, फहीम खान, आशीष कुमार विनायक, अजीत कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




एसडीएम को ज्ञापन देते भीम आर्मी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

**मोहर्रम** | मोहर्रम की सातवीं पर शहर से लेकर कस्बों तक निकले जुलूस, जगह-जगह शर्बत के साथ लंगर का आयोजन

# मातमी धुनों के साथ निकाला गया नेजों का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर कस्बे तक में मोहर्रम की सात तारीख को मातमी धुनों के बीच नेजों का जुलूस निर्धारित रास्तों से निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिए जगह जगह शरबत के साथ लंगर के आयोजन किए गए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस जुलूस के साथ साथ चौराहों में लगी रही।

शहर के सूफीगंज मोहल्ले से इंतजामियां कमेटी के सदर वली अहमद साबरी की अगुवाई में इमाम हुसैन की शहादत को लेकर निकले विभिन्न इमामबाड़ों के नेजों और ताजिया सूफीगंज स्थित इमामबाड़ा में एकत्र हुए। यहां से जुलूस आकिल तिराहा, अस्पताल तिराहा, अमन शहीद, पठकाना होते हुए रहुनियां धर्मशाला, पशु अस्पताल, छोटे बड़े सरकार, कालपी चौराहा, खालेपुरा से वापस सुफीगंज पहुंचा। इस दौरान मातमी धुनों के बीच या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं।

जुलूस में तमाम इमामबाड़ों के खिलाड़ियों ने रहुनियां धर्मशाला में अपने अपने हुनर को पेश किया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों में ढ़ोल बजाने का उत्साह देखने को मिला। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिए जगह जगह शरबत सहित विभिन्न प्रकार के लंगर का इंतजाम किया गया। वहीं जुलूस को सकुशल निकालने के लिए पुलिस भारी संख्या में चौराहों तिराहों में तैनात रहने के साथ जुलूस के साथ चलती रही।



मोहर्रम के जुलूस में शामिल नेज और ढाल। अमृत विचार



मोहर्रम के जुलूस में शामिल अंकीदतमंद। अमृत विचार

## दामाद से आहत हो सास ने खाया जहर

**राठ।** दामाद के गालीगलौज करने व धमकी देने से आहत सास ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उरई रेफर कर दिया।

कस्बे के अतरौलिया निवासी मंगल की पत्नी गोमती (45) की पुत्री राठ कोतवाली क्षेत्र के रौरो निवासी खलक सिंह को ब्याही है। दामाद आएदिन रुपयों की मांग कर बेटी के साथ मारपीट करता है। गुरुवार की सुबह गोमती रौरो गई तो दामाद ने उसके साथ अभद्रता कर गालीगलौज की, जिससे आहत होकर उसने पुत्री की ससुराल में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां तैनात डॉ.माजिद ने बताया कि महिला की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

# विद्यालय समायोजन के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद विधायक को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक गुरुवार को प्राथमिक विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 100 से कम छात्र संख्या होने पर विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन किए जाने के विरोध में आक्रोश व्यक्त कर विरोध प्रदर्शन किया। संघ ने इस आशय का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद और विधायक को सौंपते हुए उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग उठाई है।

प्राथमिक शिक्ष संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हजारों स्कूलों को पेयरिंग के नाम पर बंद किया जा रहा है और प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय जिनकी



विधायक को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

संख्या 50 और 100 से कम है उनके सैकड़ों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित कर दिया है। बताया कि इससे पूर्व एक ही परिसर में स्थित लगभग 20 हजार स्कूलों का संविलियन करके प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त कर दिए। वर्तमान में चल रही जर्जर प्रक्रिया से जहां छात्रों से विद्यालयों की दूरी अधिक होगी वहीं सैकड़ों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जाएगी और इस निर्देश को पूर्ण करने के लिए बीएसए विभाग द्वारा संबधित प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर स्कूल बंद करने के समर्थन में प्रस्ताव भी मांगे जा रहे हैं।

ज्ञापन में बताया कि लोकतंत्र में इस प्रकार विद्यालय बंद करके नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़ कर सैकड़ों प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त एवं रसोइयों की सेवा समाप्ति का रास्ता बनाय जा रहा हैं। संघ ने बताया कि 30 जून 2025 को प्रदेश के 822 ब्लाकों में संघ पदाधिकारी बंद किए जाने वाले स्कूलों के छात्रों के अभिभावकों एवं ग्राम प्रधान की बैठक में इस निर्णय के विरुद्ध रोष देखने को मिला। ज्ञापन में संघ ने अनुरोध करते हुए कहा कि परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालयों को पेयरिंग किए जाने तथा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित करने के संबंधी आदेश को निरस्त करने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, जिला मंत्री हरनारायण अनुरागी, कुलदीप तिवारी, दयाराम वर्मा, नवनीत मिश्र, नीतेश तिवारी, जयनारायण तिवारी, विजय वर्मा, प्रवीण सिंह, ओम प्रकाश तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**महोबा।** प्रदेश सरकार द्वारा 50 हजार प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों को मर्ज किए जाने के निर्णय के खिलाफ जिला कांग्रेस कमटी महोबा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को वापस लिए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए है और उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। बताया कि अभी हाल में सरकार ने 50 हजार जूनियर व प्राइमरी विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय लिया। जो छात्रा और शिक्षक विरोधी निर्णय है। बताया कि इस निर्णय से मिड–डे मील के तहत स्कूलों में खाना बनाने वालों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। ज्ञापन में इस निर्णय को तत्काल वापस लिए जाने की कांग्रेसियों ने मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष के अलावा कमेटी के जिला सचिव अशोक कुमार राजपूत, जिला महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष देशराज रैकवार, मुकेश सक्सेना, बिन्द्रावन कुशवाहा सहित तमाम कांग्रेसी शामिल रहे।

## एक नजर

### मारपीट कर बहू को घर से निकाला

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सहित सात ससुरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बांकी गांव निवासी अनुसुइया पुत्री रामकिशोर ने बताया कि उसकी शादी 11 जुलाई 2024 को महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के ग्योड़ी गांव निवासी कमलेश के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में दो तोला सोने की जंजीर, अंगूठी तथा दो लाख रुपये की मांग करने लगे। रिश्तेदारों की पंचायत हुई, लेकिन ससुराली जनों का रवैया नहीं सुधारा। इसके बाद जब वह ससुराल गई तो पति कमलेश, ससुर मूलचंद, सास सुनीता, जेठ मोहन व विनय, जेठानी गोमती व रानी ने पीटा और घर से निकाल दिया।

### लाखों का चूना लगाकर युवक हुआ फरार

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के लोगों के 5.71 लाख रुपये लेकर फरार हुए युवक के विरुद्ध सात लोगों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोट बाजार निवासी सलीम मिस्त्री ने बताया कि उसने एक युवक को आवश्यक कार्य के लिए 1.56 लाख रुपये उधार दिया था। इसी तरह युवक मुगलपुरा मोहल्ला अनूप मिश्रा के 1.25 लाख, छोटी जुलहेटी निवासी इसरार मंसूरी के 90 हजार रुपये, आमिर अंसारी के 66 हजार रुपये, दीवानपुरा मोहल्ला निवासी आरिफ खान के 33 हजार रुपये, फरसौलियाना मोहल्ला निवासी फराज अली 40 हजार रुपये, आमिर खान के 72 हजार रुपये, मुगलपुरा मोहल्ला निवासी मसर्रत हुसैन के 30 हजार रुपये गबन कर फरार हो गया है। जब वह लोग उसके पिता के पास रुपये मांगने के लिए जाते हैं तो वह आत्महत्या कर फंसाने की धमकी देता है। जिससे वह लोग परेशान हैं।

### श्रीकृष्ण जन्म की कथा में श्रद्धालु झूमे

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के रिठारी गांव में गुलाब सिंह की आवास चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक ने भगवान श्री कृष्ण की जन्म की कथा वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। क्षेत्र के रिठारी गांव में गुलाब सिंह की आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक ओमप्रकाश पांडेय ने श्री कृष्ण जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि जब जब संसार में अधर्म और अत्याचार बढ़ता है। तब तब श्री हरि पृथ्वी लोक में अवतार लेकर अधर्मी का नाश करते है। मथुरा के राजा कंस का अंत करने के लिए प्रभु आए।

# सड़क पार करते समय कार की चपेट में आया वृद्ध, मौत

## बेलाताल-नौगांव रोड पर हुआ हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बेलाताल नौगांव रोड पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से सड़क पार करते समय ग्रामीण गंभीर धूप से घायल हो गया आसपास के लोग परिजनों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयपुर ले गए जहां पर चेकअप करने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना स्थल पर भारी भीड़ जुटती देख चार पहिया वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

जैतपुर ब्लॉक क्षेत्र के मवैया गांव निवासी राजाराम 60 पुत्र मलखान अपनी पत्नी भाग्यवती के साथ दिल्ली से बेलाताल स्टेशन पर उतरकर टैक्सी से अपने ग्राम मवैया जा रहा था तभी गोरा बाबा के पास अपनी पत्नी के संग उतरा और रोड



वृद्ध के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

क्रॉस करते समय अनियंत्रित गति से नौगावँ से बेलाताल आ रहे एक चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राजाराम बुरी तरह से घायल हो गया। आनन फानन में परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर लाये डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है। कई माह बाद दिल्ली से घर आए ग्रामीण की घर पहुंचने से पहले ही मौत हो जाने से गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। मृतक की परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# दुलदुल जुलूस मार्ग से प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा चरखारी में निकलने वाली हजरत इमाम हुसैन की सवारी दुलदुल जुलूस में पूरे प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से भी भारी संख्या में जायरीन आते हैं और जुलूस के दौरान उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए एक ओर जहां आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं वहीं प्रशासन भी शांति एंव सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगातार माथा पच्ची करते हुए सफल आयोजन की तैयारी में जुटा है।

जुलूस का शुभारम्भ वी पार्क इमाम चौक से होता है जो कि इमाम चौक से सदर बजार, झण्डा बाजार, डयोढ़ी गेट होते हुए मुहल्ला कजियाना पहुंचता है। जुलूस के रूट पर सुरक्षा व्यवस्था तथा साफ सफाई व्यवस्था के अलावा बीच में पड़ने वाले अवरोधों को देखते हुए एसडीएम चरखारी डॉ.प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह नगर पालिका परिषद के ईओ अमरजीत सिंहष् वरिष्ठ लिपिक अय्यूब खां बेगम मस्जिद चौराहा से वी पार्क तक तथा बाजार में सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटवाया गया। मोहर्रम की सातवीं तारीख को चरखारी कस्बे में दुलदुल जुलूस अकीदतमंदों द्वारा निकाला जाता है दुलदुल जुलूस देखने के लिए शाम से ही लोग चरखारी पहुंच जाते हैं। दुलदुल जुलूस में जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने किसी भी तरह की लोगों को सुविधा न हो इस गरज से गुरुवार को जुलूस मार्ग पर अभियान चलाकर सड़क के किनारे छोटे.छोटे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। जिससे जुलूस में किसी भी तरह का व्यवधान पैदा ना हो सके। इस दौरान नगर पालिका के लिपिक संजीत कुमार तेज प्रताप सिंह, प्रवीण रिछारिया, सहित पुलिस बल तैनात रहा।

# लखनऊ से पासपोर्ट बनाने महोबा आई मोबाइल वैन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदकों को अब लम्बी दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। लखनऊ से अब मोबाइल वैन आपके शहर आएगी और पासपोर्ट बनाएंगी। शहर के मुख्य डाकघर में मोबाइल वैन सुविधा के जरिए तीन दिवसीय पासपोर्ट शिविर लगेगा। शिविर 14, 15, 16 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक दिन 40 सामान्य अपाइंटमेंट जारी किए जाएंगे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने बताया कि जिले के लोगों को पासपोर्ट बनाने के लिए काफी भागदौड़ करना पड़ता है और कुछ लोग पासपोर्ट प्रक्रिया की जानकारी न होने के बाद इधर-उधर भटकर दलालों के माध्यम से अधिक पैसा खर्च यह कार्य कराते हैं। लेकिन अब क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा जिले के मुख्य डाकघर में मोबाइल वैन सुविधा के माध्यम से पासपोर्ट शिविर लगाया जा रहा है और यह सुविधा 14, 15 और 16 जुलाई के दिन उपलब्ध रहेगी। बताया कि तीन दिवसीय शिविर में प्रत्येक दिन के लिए कुल 40 सामान्य अपॉइंटमेंट जारी किए गए हैं।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि पासपोर्ट वैन एक मोबाइल



पासपोर्ट मोबाइल वैन। अमृत विचार

पासपोर्ट सेवा केंद्र है, जो आवेदकों को उनके निकटतम स्थान पर पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करती है। इसका उद्देश्य आवेदकों को पासपोर्ट सेवाओं तक आसानी से पहुंचने में मदद करना है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की कमी है। जिले के आवेदकों के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र अभी उपलब्ध नहीं होने के कारण अपॉइंटमेंट की समस्या एक बड़ी चुनौती है तथा आवेदकों को दूरस्थ सेवा केन्द्रों का चयन करना पड़ता है। बताया कि इस समस्या का समाधान करने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ द्वारा मोबाइल वैन की सुविधा दी गई है। यदि यह प्रयोग सफल होता है, तो जिले में नियमित रूप से प्रत्येक माह ऐसी मोबाइल वैन लगाई जाएगी।

# राजस्व वसूली में खनिज विभाग ने प्रदेश में पाया पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जून माह में खनिज विभाग ने तीन करोड़ की वृद्धि दर्ज की है। निरंतर प्रवर्तन कार्यों से खनिज का राजस्व भी बढ़ता जा रहा है। इस माह जून में 38 करोड़ 17 लाख रुपये राजस्व संग्रह करके प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

जिला खनिज अधिकारी आरबी सिंह ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 462 करोड़ का शासन ने खनिज राजस्व निर्धारित किया था जिसे शत प्रतिशत पूरा किया गया। इस वर्ष शासन ने 508 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया था। इस वित्तीय वर्ष के जून माह की समाप्ति तक 124 करोड़ 77 लाख रुपये जमा कराए गए जो पिछले वर्ष जून 24 में 116 करोड़ 86 लाख जमा हुआ था। खान अधिकारी ने बताया कि निरंतर प्रवर्तन कार्य करने से रॉयल्टी चोरी पर अंकुश लगा है साथ ही नए नए क्षेत्र खोलने से रॉयल्टी की खपत माल के उत्पादन के अनुरूप बढ़ी है। इस साल का लक्ष्य भी हर हाल में 508 करोड़ को पार करने का प्रयास अभी से किया जा रहा। इसी के मद्देनजर बिना रॉयल्टी की चल रही गाड़ियों को पकड़ कर कार्रवाई की जा रही है।

### 150 करोड़ का अन्य मद में भी मिलेगा राजस्व

रॉयल्टी राशि में 18 प्रतिशत जीएसटी तथा 2 प्रतिशत आयकर के अलावा 10 प्रतिशत खनिज न्यास की वसूली की जाती है। इस प्रकार कुल खनिज रॉयल्टी निकासी राशि का 30 प्रतिशत जीएसटी आईटी, न्यास में अलग से व्यापारी को देना होता है।

### बिना रॉयल्टी की पकड़ी गाड़ी, एफआईआर दर्ज

बिना रॉयल्टी (एनआर) गिट्टी की गाड़िया निकालने वाले दलालों पर खनिज विभाग ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। डीएम गजल भरद्वाज के निर्देश पर खनिज टीम ने कानपुर रोड में वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग दौरान वाहन संख्या यूपी 95 टी 7252 गिट्टी लेकर कानपुर की ओर जा रही थी। रोके जाने पर ट्रक चालक एवं साथ चल रहे कार मालिक अभद्रता करने लगे रॉयल्टी मांगने पर नही दिखा सके तथा कोई भी परिवहन प्रपत्र नहीं दिखाया एवं ट्रक भगा दिया खनिज अधिकारी के निर्देश पर तत्काल कार मालिक यूपी 95 डब्ल्यू 7308 एवं क्रेशर लोडिंग प्वाइंट पर एफआईआर दर्ज करा दी है। जिससे अवैध परिवहन करने वालों पर शिकंजा कसता जा रहा है।

# कंप्यूटर में फंसे डाकघर के काम

**मौदहा।** कस्बे के डाकघर में एक सप्ताह से लगातार कंप्यूटर अपडेट न होने से रजिस्ट्री एवं अन्य कार्य बाधित है। जिससे क्षेत्र वासियों को बेहद परेशानी के सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के रागौल डाक विभाग में कंप्यूटर अपडेट न होने के कारण एक सप्ताह से रजिस्ट्री संबंधित अन्य कार्य बाधित है। जिससे क्षेत्र वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंचार्ज डाकघर प्रभारी उत्कर्ष ने बताया कि आईटी 2.0 का अपडेट न होने से बाहर से आने वाली डाक (रजिस्ट्री) तो आ जाती है और उनका वितरण कार्य हो जाता है। लेकिन यहां से (डाक) रजिस्ट्री करने के लिए कंप्यूटर अपडेट मांगने लगता है। जिससे रजिस्ट्री जैसी समस्याओं से आम नागरिक को परेशानी हो रही है। जबकि कंप्यूटर सुधार के लिए जिला डाक विभाग भेजा गया था।

# एसपी ने मंगलगढ़ दुर्ग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** बुधवार की देर शाम को एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने मंगलगढ़ दुर्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 16वीं शताब्दी में स्थापित किला तथा किला से दिखने वाले बुन्देलखण्ड की झीलों और सुन्दरता की सराहना की।

चरखारी का ऐतिहासिक किला 16वीं शताब्दी में बनाया गया था। जिसका निर्माण महाराजा छत्रसाल के दूसरे पुत्र महाराजा जगतराज द्वारा कराया गया था। रियासतों के समाप्त होने के बाद किला प्रदेश सरकार के अधीन रहा और जिला पंचायत हमीरपुर की देखरेख में पर्यटकों की आवाजाही होती रही। लेकिन तीन दशक से इस किले पर सेना का आधिपत्य हो गया और 30 वर्षों से किले पर आना जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित था। लेकिन एक सप्ताह पूर्व तैनात रहने वाले सेना के जवानों ने चौकी और सुरक्षा समाप्त करते हुए किला खाली कर दिया। जैसे ही सैनिकों ने किला खाली किया वैसे ही किला देखने की उत्सुकता दिखने लगी। बुधवार को मोहर्रम की सात तारीख के जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का जायला लेने पहुंचे पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह भी किला पहुंचे तथा प्राचीन दुर्ग की बनावट व किले में रखी तोपें और किला से दिख रही बुन्देलखण्ड के की झीलें आदि देख कस्बा व किला की सराहना की। किला में पहुंचने वाले पर्यटकों की बढ़ती संख्या में देखते हुए एसपी ने प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह को किला पर पुलिस निगरानी बनाए रखने को कहा।

## सार-संक्षेप



ज्ञापन देने के लिए खड़े व्यापार मंडल के अध्यक्ष और भाजपा नेता। अमृत विचार

### बाहरी लोगों के अवैध कब्जे के विरोध में दिया ज्ञापन

**जैतपुर।** बेलाताल रेलवे स्टेशन की समीप एक पहाड़ और चारागाह की भूमि पर कुछ बाहरी दबंगों ने कब्जा जमा लिया है। जिला व्यापार मंडल और कस्बे के लोगों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कब्जे हटवाए जाने की मांग की। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि संदिग्ध लोगों के यहां पर परिवार समेत डेरा जमाने से कस्बे के लोग अपने आपको आसुरक्षित महसूस कर रहे हैं। साथ ही संदिग्ध लोगों के रहने से चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं को बढ़ावा मिलेगा। ये दबंग किस्म के लोग आए दिन स्थानीय लोगों से लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा रहते हैं। गुरुवार को व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच और भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारी संख्या में व्यापारियों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराते हुए डेरा जमाने वाले बाहरी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. कौशल सोनी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह लोधी, राम भरोसी रैकवार, विपिन तिवारी, योगेश चैबे, लक्ष्मी गोस्वामी सहित तमाम लोग शामिल रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी।

### सार मिनरल्स को मिला खनिज परिवहन का ठेका

**महोबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि टेंडर के लिए 7 फर्मों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे लेकिन उनमें से 3 फर्मों के कागजात पूर्ण नहीं थे। 4 फर्मो ने भाग लिया। वित्तीय वर्ष के लिए खनिज परिवहन शुल्क की अनुमानित राशि 27.89 करोड़ रुपये थी। अप्रैल से जून तक तीन माह बीतने के बाद शेष नौ माह के लिए न्यूनतम बोली 13.13 करोड़ रुपये निर्धारत की गई थी। लखनऊ की सार मिनरल्स कंपनी ने सर्वाधिक 25.45 करोड़ रुपये की बोली लगाकर ठेका हासिल किया। यह अब तक की सबसे बड़ी बोली है। इससे जिला पंचायत महोबा और राज्य सरकार को दोगुना राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। ई–ऑक्शन प्रक्रिया शासन के निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। यह सरकार की डिजिटल प्रक्रिया की विश्वसनीयता और राजस्व संग्रहण की कुशलता को दर्शाता है। बताते चले कि जिला पंचायत खनिज परिवहन शुल्क वसूली ठेका 7 जुलाई 25 से 31 मार्च 26 तक के लिए तहबाजारी की ई आक्सन प्रक्रिया भारत सरकार के पोर्टल पर बेहद पारदर्शी ढंग से संपन्न हो गई। टेंडर प्रक्रिया में 7 फर्मों ने आवेदन किया था। दस्तावेजों के तकनीकी परीक्षण 30 जून 2025 से 1 जुलाई शाम तक किया गया।

बैठक | जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की

# अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शासी निकाय जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं आगामी पल्स पोलियो कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव समीक्षा, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएमएसएम दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल




बैठक को संबोधित करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

स्वास्थ्य कार्यक्रम, आभा आईडी प्रगति, आयुष्मान कार्ड, संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि सभी एएनएम के पास जिंक टेबलेट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सभी सीएचओ को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड लोगों के बनाए जाएं। संचारी रोग अभियान के अंतर्गत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंधता निवारण के लिए वृहद अभियान चलाकर लोगों की जांच की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि शहर में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की जाए, यदि जांच में कोई कमी पाई जाती है तो ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल, पुरुष अस्पताल मे दवा की उपलब्धता कम पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला व पुरुष अस्पताल का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल से एंबुलेंस के माध्यम से उनके घर तक पहुंचाया जाएं कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से जांच की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल से मरीज को रिफर के दौरान अगर किसी मरीज की मौत होती है तो जांच की जाए। डीएम ने सभी कोल्ड चैन सेन्टर पर सोलर पैनल लगवाने पर जोर दिया।जनपद के सभी एमओआईसी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं एफआरयू की क्रियाशीलता तथा लाभार्थियों को प्रसव उपरांत 24 घंटे तक रोकने सहित गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीज की आभा आईडी बनवाई जाए और लोगों को आभा आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशारामए सीएमएस डाण् पवन अग्रवाल, डॉ. बीके चौहान आदि मौजूद रहे।

# पुल बनने के दौरान वैकल्पिक रास्ते नहीं तो निकलें कैसे

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्रामीणों की दिक्कतों का ओरछोर नहीं। एक समस्या का हल दूसरी समस्या को जन्म दे देता है। मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर बन रहे लघु सेतु जब बनेंगे तब बनेंगे पर अभी बरसात के दौरान लोगों की दिक्कत जरूर बढ़ गई है। पुल के बगल में बनाए गए वैकल्पिक रास्ते मिट्टी और कीचड़ से भरे हैं और लोग भारी दुश्वारियों का सामना करने को विवश हैं।

बरहा कोटरा के पूर्व प्रधान पप्पू बरहा बताते हैं कि पहले तो जब यमुना में बाढ़ आती थी तभी आवागमन बाधित होता था लेकिन अब तो बाढ़ के पहले ही एक ही बारिश में वैकल्पिक संपर्क मार्ग बह गया ।इससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रवि, सोनू, छोटू आदि बच्चे बताते हैं कि संपर्क मार्ग के न होने से उन्हें स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मानें तो अब अगर तहसील मुख्यालय जाना हो तो तीन किलोमीटर को तय करने के लिए तेरह किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ रहा है। यदि कोई बीमार हो जाए या कोई परेशानी आन पड़े तो समय से तहसील मुख्यालय मऊ पहुंचना कठिन सा हो गया है। मऊ पहुंचने के लिए गढ़वा गंजरी के पथरीले जंगली रास्तों से कोटरा खांभा होकर चंदई से नेशनल हाईवे कटिया निकलना होगा फिर कहीं जाकर मऊ पहुंचा जा सकता है।


उफान पर टिकरा नदी। अमृत विचार

● मऊ- परदवां मार्ग का हाल, हर ओर मिट्टी और कीचड़

### वैकल्पिक रास्ता बहने से प्रयागराज का संपर्क कटा

बहुचर्चित जम्होरा नाला के पास बने वैकल्पिक रास्ते के बह जाने से प्रयागराज आनाजाना नहीं हो पा रहा। साथ ही जम्होरा नाला के उस पार बसे घुरेहटा, परदवां, कनभय, बेनीपुर, पाली आदि गांवों का संपर्क कट गया। यहां की करीब दस से पंद्रह हजार की आबादी प्रभावित है।

### टिकरा नदी के उफान से बह गया रास्ता

मरीमाता मंदिर के पास टिकरा नदी पर बन रहे लघु सेतु के संपर्क मार्ग के बह जाने से कोटरा, बरहा, बरियारी कला, बरियारी खुर्द, बेलहा, लूसन का पुरवा, गोली का डेरा, गंजरी, गढ़वा, चौगड़िया, पूरब पताई, पाठक का पुरवा सहित लगभग एक दर्जन गांवों का संपर्क कट गया है।

### दुरुस्त किए जा रहे वैकल्पिक संपर्क मार्ग

जब इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता नीरज सक्सेना को बताया गया तो उन्होंने बताया कि पुल के बनने की मियाद मार्च 2026 तक है। इस अवधि में पुल को बना देना है। वैकल्पिक संपर्क मार्गों के बह जाने का संज्ञान लिया गया है। मार्गों को दुरुस्त कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# नफरत फैलाकर गृहयुद्ध की ओर ले जा रही सरकार : अमित यादव

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई ने गुरुवार को सरकार के खिलाफ जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला सचिव अमित यादव एडवोकेट ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश में नफरत फैलाकर गृहयुद्ध की ओर ले जा रही हैं।

भाकपा ने कैंप कार्यालय से नफरत फैलाना बंद करो, इटावा कांड के आरोपियों को गिरफ्तार करो, सीपीआई जिंदाबाद आदि नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां मनभूषण पाल की अध्यक्षता में धरना दिया। जिला सचिव ने कहा कि इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में 21 जून को कथावाचक और सहायक के साथ मारपीट, अपमानजनक कृत्य किया गया। इससे पूरे प्रदेश में आक्रोश पनप गया पर विपक्ष ने स्थिति को संभाला। 80 करोड़ लोगों का पांच किलो राशन लेना ही दर्शाता है कि देश में कोई विकास नहीं हुआ। वामपंथियों ने सरकार से मांग की कि इस प्रकार की घटनाओं को तुरंत रोकने के गंभीर कदम उठाए और सुनिश्चित करे कि आरोपियों को कड़ी सजा मिले। सभा को चंद्रपाल पाल संदीप पांडेय ,कमलेश यादव, कमलाकांत, रणधीर आदि ने संबोधित किया। बाद में तहसीलदार चंद्रकांत त्रिपाठी को राज्यपाल व सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपे। इस मौके पर हनुमान, राजभर विश्वकर्मा, शिवनरेश, शिवबरन यादव, नन्हे सिंह यादव, रेवती रमण राम, विजय मौजूद रहे।



विरोध-प्रदर्शन करते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लोग। अमृत विचार

# खुलासा : बाइक सवार लूटने नहीं धमकाने के लिए रोक रहे थे वाहन

## पिकअप लूट के प्रयास मामले में छह आरोपी झरी रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** थाना मानिकपुर अतंर्गत झरी रेलवे फाटक के पास पिकअप लूट के प्रयास की कथित घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि यह लूट का प्रयास नहीं था बल्कि बाइक में टक्कर लगने पर युवकों ने पिकअप को रोकने की कोशिश की थी। एसओजी एवं थाना मानिकपुर की संयुक्त टीम ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले का पर्दाफाश कर दिया। सभी आरोपी मानिकपुर निवासी हैं।

एसपी ने बताया कि 28/29 जून की रात डायल 112 को सूचना मिली कि झरी रेलवे फाटक के पास कुछ लोग पिकअप पर पत्थर मारकर इसे लूटने का प्रयास कर रहे हैं। बाद में पिकअप पास के जंगल से बरामद हो गई थी। पिकअप स्वामी मनीष पासी पुत्र कंचन प्रसाद निवासी बम्हरौली उपरहार थाना पूरामुफ्ति ( प्रयागराज) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका चालक राजकुमार पुत्र रामबरन निवासी केशवपुर थाना पूरामुफ्ति (प्रयागराज) व खलासी पंकज पुत्र रामचरन निवासी कादिपुर थाना एयरपोर्ट (प्रयागराज) लोडर को सतना लेकर जा रहे थे कि झरी रेलवे फाटक के पास कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने इसे लूटने का प्रयास किया। इससे डरकर राजकुमार व पंकज पिकअप छोड़कर जबलपुर भाग गए थे। एसपी ने इसके खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी मऊ, एसओजी, थाना मानिकपुर एवं चौकी सरैया की चार टीमें लगाई थीं। एसपी ने बताया कि वादी, चालक व खलासी से गहन पूछतांछ, सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मिली जानकारी में लूट के प्रयास की घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। इस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिरों की सूचना आदि से पिकअप का पीछा करने वालों को चिह्नित किया। पुलिस ने मारकुंडी तिराहा की ओर झरी रेलवे फाटक के पास से गुरुवार की पूर्वाह्न लगभग 11 बजे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी मानिकपुर कस्बे के निवासी हैं। आरोपियों के नाम आशीष द्विवेदी पुत्र राजेश निवासी गोविंदनगर, विद्यासागर उर्फ मुक्कू पुत्र बच्चा सोनकर निवासी गांधीनगर, अमित कुमार पुत्र शिवमोहन कुमार यादव निवासी जिला सोनपुर (बिहार) हाल पता रेलवे कालोनी मानिकपुर, सतेंद्र पाल पुत्र रामऔतार निवासी पटेलनगर, नागेंद्र पाल पुत्र राजाराम निवासी पटेलनगर और हिमांशू मिश्रा पुत्र अखिलेश कुमार निवासी जवाहरनगर हैं।

### बाइक पर पिकअप की लगी थी टक्कर

- एसपी ने बताया कि आरोपी आशीष ने बताया कि वह अपने दोस्त सुधांशु के साथ बाइक में पेट्रोल डलवाने जा रहा था। इसी दौरान सरैया की ओर से आ रही लोडर से बाइक छू गई थी। उसने इसका पीछा किया और मारकुंडी तिराहे पर एक दुकान पर बैठे उसके दोस्तों नागेंद्र पाल, मुक्कू, सत्येंद्र, अमित, हिमांशु भी तीन बाइकों से पिकअप को रोकने निकल पड़े। इसी दौरान आशीष को पिकअप से धक्का लग गया और वह गिर गया था। बाद में पिकअप चालक वाहन को झरी फाटक के पास जंगल में छोड़कर भाग गया था।

### वादी, चालक और खलासी का भी चालान

- एसपी ने बताया कि इन छह आरोपियों के साथ वादी, चालक व खलासी का भी चालान किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसओ मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, एसआई नीरज, रामेश्वर प्रसाद, कंप्यूटर आपरेटर रोहित यादव, आरक्षी धीरेंद्र किशोर और गजेंद्र सिंह पायक शामिल रहे।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन।

# किसानों को नहीं होनी चाहिए पानी की समस्या

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला उद्यान अधिकारी और उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि जिले में पानी की समस्या के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर की सुविधा मुहैया कराएं।

नीति आयोग के इंडिकेटर्स एवं फंड संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को माइक्रो इर्रीगेशन संबंधित क्षेत्र की ब्लॉक व ग्राम पंचायत वार सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फसल बीमा योजना का प्रचार, नवीनतम बीज उपलब्ध कराने, सब्जियों की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। कहा कि किसानों को मोटे अनाज उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिए कि बैंकों की समय-समय पर बैठक कराएं। उन्होंने पीएम आवास योजना, बाल विकास पुष्टाहार योजना आदि की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 2 निरीक्षक, 16 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने दो निरीक्षक और सोलह उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इंस्पेक्टर हरीराम यादव और गणेश प्रताप सिंह को क्रमश : प्रभारी न्यायालय सुरक्षा और प्रभारी रिट सेल-डीसीआरबी बनाया गया है। उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव को बरगढ़ से थाना पहाड़ी, अनुपमा तिवारी को पुलिस लाइन से कोतवाली कर्वी, रामलखन सिंह को पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा, दिनेश त्रिपाठी को थाना बरगढ़, आनंद कुमार सिंह, दयाराम, बिहारीलाल को न्यायालय सुरक्षा, योगेंद्र बहादुर को थाना पहाड़ी, संत प्रसाद को प्रभारी चौकी मंडी समिति, रामबिहारी पाल को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, कौशल सिंह को थाना कर्वी, प्रभुनाथ यादव को भरतकूप से प्रभारी मानीटरिंग सेल, नरेंद्र यादव को पुलिस लाइन से थाना राजापुर और एसआई अतींद्र सिंह चौहान को पुलिस लाइन से थाना भरतकूप भेजा गया है। अबतक मंडी समिति चौकी प्रभारी रहे एसआई विवेक कुमार सिंह को रगौली चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। एसआई रामकुमार मिश्र पुलिस लाइन से प्रभारी डायल112 दोपहिया बनाए गए हैं।


पौधरोपण करते चित्रकूट इंटर कालेज के विद्यार्थी।

### पौधे रोपने के बाद उनकी देखभाल भी जरूरी

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कालेज में गुरुवार को प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ इनकी वृक्ष बनने तक देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं। पेड़ों से ही हमें शुद्ध आक्सीजन मिलती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अत्यधिक पेड़ लगाना आवश्यक है। इस दौरान खाली पड़ी भूमि में लगभग पचास पौधे रोपे गए। बाद में उनके आसपास जाली लगाई गई। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों व कक्षा मॉनीटरों को पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की जिम्मेदारी सौंपी। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी, डा. रमेश सिंह चंदेल, लालमन प्रजापति, डा. प्रदीप सिंह, शंकर यादव, धीरेंद्र सिंह, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर, विवेक, विनय साहू, तीर्थ सिंह, ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील शुक्ला, जयशंकर प्रसाद ओझा, राकेश सिंह, प्रदीप शुक्ला, बाबूलाल अहिरवार, रामबचन सिंह, कुंवर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


जिला अस्पताल में महिला को पौधा भेंट करते अधिकारी।

### नवजात शिशुओं की माताओं को भेंट किए पौधे

**चित्रकूट।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में गुरुवार को नवजात शिशुओं की माताओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे भेंट किए गए। इस मौके उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी मो. नफीस मौजूद रहे। वहीं रैपुरा रेंज के अंतर्गत तहसील परिसर में राजापुर एसडीएम रामऋषि रमन के साथ अन्य अधिकारियों, समाजसेवियों और अधिवक्ताओं ने पौधरोपण किया।

### छह आरोपियों पर लगाया गया यूपी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस ने छह आरोपियों पर यूपी गुंडा एक्ट लगाया। प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह ने झल्लर उर्फ श्रीकांत, कल्लू उर्फ रमाकांत निवासीगण मंडोर, रज्जन पासी निवासी सुरौधा पर और प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ शिवआसरे ने अंकुर मिश्रा निवासी कोनिया, थानाध्यक्ष सरधुआ राम सिंह ने जगनिवास निवासी औदहा के विरुद्ध 03 यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की। उधर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने शिवकांत निवासी ठर्री चौकी शिवरामपुर के विरुद्ध कार्रवाई की।

### एएसपी ने किया थाना बहिलपुरवा का मुआयना

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने गुरुवार को थाना बहिलपुरवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, कार्यालय, मालखाना व हवालात की व्यवस्थाओं को देखा और सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### पैदल गश्त कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मोहर्रम त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के मद्देनजर भरतकूप व शिवरामपुर चौराहे में पैदल गश्त की। एसपी ने थाना चौकी क्षेत्र की मुख्य सड़क पर व उसके आसपास के लोगों को कब्जा हटाने की हिदायत दी। इस दौरान प्रभारी यातायात शैलेंद्र सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह, चौकी प्रभारी शिवरामपुर शनि चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने किया विद्यालय युग्मन का विरोध

**चित्रकूट।** रसिन ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय फल्गो पांडेय का डेरा के मर्जर का ग्रामीणों ने विरोध किया। बीते दिन ग्रामीण और अभिभावक मुख्यालय पहुंचे और इस मर्जर के खिलाफ आपत्ति की। इनका कहना है कि विद्यालय को तीन किलोमीटर दूर अलखुखोड़ प्राथमिक विद्यालय में मर्ज कर दिया गया है, जिससे छोटे बच्चों को आने-जाने में कठिनाई होगी। स्थानीय विद्यालय को यथावत रखा जाए।


मंदिर में पूजा अर्चना करते ग्रामीण। अमृत विचार

# मूर्तियों के अपमान से ग्रामीण आक्रोशित, एफआईआर दर्ज

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत करौंदी कला में कुछ अराजक तत्वों द्वारा देवताओं की मूर्तियों को अपमानित करने की बात सामने आने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। हालांकि उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन, क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने सुबह ही मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया। एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा विनोद कुमार शुक्ला को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। इस पर ग्रामीणों का रोष शांत हुआ।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार की रात कुछ अराजक तत्वों ने गांव में स्थित शिव मंदिर और हनुमान मंदिर में स्थापित मूर्तियों को अपमानित करने की कोशिश की। सुबह मंदिर के अंदर दरवाजा खुला पाकर, चप्पलों के निशान और अन्य बातों को देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इनका कहना था कि वे तबतक पूजा अर्चना नहीं करेंगे, जबतक रिपोर्ट दर्ज नहीं होती। सूचना पाकर एसडीएम, सीओ और एसओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया। एसडीएम के निर्देश पर एसओ ने अज्ञात के खिलाफ उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीएम के साथ मंदिर की सफाई करते हुए पूजा पाठ प्रारंभ किया। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों के पत्र के आधार पर अज्ञात के नाम रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मंदिरों में संध्या वंदन के बाद ताला लगा दिया जाए, जिससे असामाजिक तत्व व नशेड़ी मंदिर में प्रवेश न कर सकें। सीओ ने बताया कि किसी ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की है। खुलासा होने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालु निर्मल मिश्रा ने बताया कि किसी ने मूर्तियों के साथ अभद्रता की, जिससे पूरे गांव में आक्रोश व्याप्त हो गया था लेकिन एसडीएम, सीओ व एसओ के आश्वासन के बाद पूजापाठ शुरू कर दी गई।

● अधिकारियों के समझाने पर शुरू की पूजा-अर्चना

> स्थानीय लोगों के सहयोग से अधिकारियों ने मंदिर में पूजा पाठ प्रारंभ करा दिया है। कुछ लोगों ने बताया है कि यह कृत्य वहां घूमते देखे गए एक मानसिक बीमार का भी हो सकता है। बहरहाल यह गंभीर मामला है, जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।
> -**अरुण कुमार सिंह**, एसपी

# सर्पदंश से किशोरी की चली गई जान

**राजापुर (चित्रकूट)।** सरधुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नैनी में एक किशोरी की सर्पदंश से मौत हो गई। इससे परिवार में मातम पसर गया।

जानकारी के अनुसार, राजोला निषाद की 18 वर्षीया पुत्री मोहिनी देवी को सोते समय सांप ने डस लिया। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. दिनेश सिंह ने बताया कि जब किशोरी को अस्पताल लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। एसओ राम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एआरपी को कराया कर्तव्य बोध

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले के अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) की एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें इनको कर्तव्य और दायित्वों की जानकारी दी गई। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने इन शिक्षकों को कार्य, दायित्व, जिम्मेदारियों के बारे में बताया। बताया कि एआरपी का विभागीय योजनाओं के संचालन और शासन की मंशानुरूप शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने में महत्वपूर्ण योगदान होता है। आशा जताई कि वे अपने कर्तव्य और दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और बेसिक शिक्षा की उत्तरोत्तर प्रगति में योगदान देंगे । कार्यशाला में डायट प्राचार्य आदर्श कुमार त्रिपाठी, एआरपी उपेंद्र शर्मा, यामेंद्र दत्त पांडेय, दिनेश कुमार दीक्षित, मनीष शुक्ला, संतोष कुमार, आलोक साहू, डा. रामप्यारे विश्वकर्मा, सत्येंद्र शुक्ला, धनेश कुमार, विराग कुमार, राजेश यादव, मनोज शुक्ला, डा. संग्राम सिंह, शारदेंदु शुक्ला, हरिश्चंद्र कुशवाहा, अभिषेक सिंह के साथ मेंटर अखिलेश पांडेय, दिलीप चंद्र सविता, डा. गोरेलाल, पुष्पेंद्र सिंह, अखिलेश पांडेय, खंड शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला आदि शामिल रहे।


कार्यशाला के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के साथ नवनिर्वाचित एआरपी।

आरोप — गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है सरकार

# स्कूलों के युग्मन के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कांग्रेस की जिला इकाई ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अगुवाई में प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के युग्मन के फैसले के खिलाफ जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में इन लोगों ने प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा और इस निर्णय को रद्द कराने का अनुरोध किया। कांग्रेसियों का कहना था कि प्रदेश सरकार गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है।

कांग्रेसियों का जुलूस कचहरी परिसर से होते हुए ट्रैफिक चौराहा, पटेल तिराहा से तहसील प्रांगण पहुंचा और वहां धरना दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूल बंद कराकर दलित, पिछड़ा वर्ग, गरीब, मजदूर और किसान के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। कांग्रेस इस निर्णय का सड़क से सदन तक विरोध करेगी। पीसीसी सदस्य रंजना पांडेय ने कहा कि यह तानाशाही सरकार स्कूल बंद कर शिक्षा के अधिकार कानून का उल्लंघन कर रही है। इस आदेश से बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे क्योंकि ग्रामीण इलाके में बहुत से पुरवा ऐसे हैं जहां अभी भी रास्ता नहीं है। नौजवान नौकरी के लिए घूम रहे हैं, उनको रोजगार नहीं मिलेगा। पहले सरकार ने स्कूलों को कंपोजिट करके प्रधानाध्यापक के बहुत से पद समाप्त कर दिए अब मर्जर करके बहुत से पद समाप्त कर दिए जाएंगे। गज्जू प्रसाद फौजी, शिवगुलाम वर्मा ने सरकार को दलित पिछड़ा विरोधी बताया।

जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा जब से भाजपा सरकार आई है, नौजवानों-किसानों को परेशान करने कर रही है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, चुनबाद प्रसाद प्रजापति एडवोकेट, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, सविता पाल, नरवेश सचान, भगवानदीन समदरिया, राजेश सिंह, प्रशांत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, अकबरी बेगम, हरिहर सहाय विश्वकर्मा, कमलाकांत शुक्ला, यमुना शुक्ला, पुर्णेंदु पांडेय, चंद्रकली गुप्ता, अतुल राजपूत, जगजाहिर पटेल, रावेंद्र सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।


जुलूस निकालकर विरोध-प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.4-6.7% रहेगी

## सीआईआई के चेयरमैन ने जताई संभावना, बोले- जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी



भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7% रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने गुरुवार को यह संभावना जताई।

सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है।

मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे। पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सीआईआई के पूर्वानुमान पर मेमानी ने कहा, हमें अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं, जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए। उन्होंने सीमेंट पर जीएसटी दर को भी 28 प्रतिशत से कम करने का सुझाव दिया।

### भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। गुरुवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि कच्चे माल की लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्क के मुकाबले कम थी। अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाज़ार की निरंतर मज़बूती से सबसे ज़्यादा फ़ायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद : मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है।

एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय पर मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, द्विपक्षीय आधार पर शुल्क व अन्य व्यापार बाधाओं में कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और



• रेटिंग्स कंपनी ने कहा- निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अधिक शुल्क से हुईं प्रभावित

संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं।

मूडीज ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है।

### ब्रिटेन से व्यापार समझौते विकास का करेंगे समर्थन

मई में ब्रिटेन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और यूरोपीय संघ के साथ इसके लिए जारी प्रयास इस तरह के विकास का और समर्थन करेंगे। दो अप्रैल को, अमेरिका ने भारतीय उत्पादों 26 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिन के लिए निलंबित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से छूट चाहता है।

# 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 2 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 8 प्रमुख संपत्ति बाजारों में चालू पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान घरों की बिक्री में दो प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, संपत्ति परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान कार्यालय स्थल पट्टे में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

नाइट फ्रैंक ने गुरुवार को वेबिनार में जनवरी-जून, 2025 के लिए भारतीय रियल एस्टेट बाजार के आंकड़े जारी किए, जिससे पता चला कि इस वर्ष की पहली छमाही के दौरान 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,70,201 इकाई रही। वहीं, जनवरी-जून, 2025 के दौरान पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 41 प्रतिशत बढ़कर 4.89 करोड़ वर्ग फुट हो गई। पूरे 2024 के लिए सकल पट्टा गतिविधियां रिकॉर्ड 7.19 करोड़ वर्ग फुट रही थीं। पहली छमाही के दौरान मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए नाइट फ्रैंक को उम्मीद है कि पूरे साल में पट्टे पर



कार्यालय स्थल की मांग आठ-नौ करोड़ वर्ग फुट के नए उच्चस्तर पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में 8 शहरों में भारित औसत मूल्य में दो से 14 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। सभी आवास बिक्री में से 49 प्रतिशत मकान एक करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे, जबकि 51 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये तक थी। शहरों की बात करें तो मुंबई और अहमदाबाद में घरों की बिक्री जनवरी-जून के दौरान सालाना आधार पर क्रमशः 47,035 इकाई और 9,370 इकाई पर स्थिर रही।

# बैटरी ऊर्जा भंडारण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देगी आईएफसी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक समूह के सदस्य अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने गुरुवार को भारत की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना के निर्माण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई।

संयुक्त बयान के अनुसार परियोजना को ग्रिड स्थिरता को बढ़ाकर और अधिकतम मांग के दौरान विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराकर राज्य के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डिजायन किया गया है। 5.5 करोड़ डॉलर का दीर्घकालिक वित्तपोषण सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर से होगा, जिसमें आईएफसी के खाते से 3.85 करोड़ डॉलर व स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष से 1.65 करोड़ डॉलर का रियायती समर्थन शामिल होगा, जो विश्व बैंक द्वारा संचालित जलवायु निवेश निधि ढांचे के तहत बहु-दाता ट्रस्ट कोषों में से एक है।

# विदेशी कोष कम होने से रियल एस्टेट में निवेश घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने से अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

कोलियर्स इंडिया के अनुसार इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 253.33 करोड़ डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़ डॉलर



• कोलियर्स इंडिया के अनुसार, संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब रहा

से आधा होकर 104.84 करोड़ डॉलर हो गया। घरेलू निवेशक उत्साहित रहे और उन्होंने अप्रैल-जून के दौरान 64.28 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 48.65 करोड़ डॉलर से 32 प्रतिशत अधिक है।

कोलियर्स इंडिया के सीईओ बादल याग्निक ने कहा, घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है। 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत रहा। याग्निक ने कहा, उनके बढ़ते प्रभुत्व ने वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने और 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को तीन अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद की है। जनवरी-जून की अवधि में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 299.81 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 352.85 करोड़ डॉलर था।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### विधायक अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री, धालीवाल का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तीन वर्षों में सातवां मंत्रिमंडल फेरबदल किया, जिसके बाद लुधियाना पश्चिम से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री बनाया गया, जिसके बाद धालीवाल ने इस्तीफा दिया। धालीवाल के 'एनआरआई मामलों' के विभाग को नवनिर्वाचित विधायक को सौंप दिया गया। अरोड़ा को उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग भी दिया गया है, जो पहले तरुणप्रीत सिंह सोंड के पास था।

#### बंगाल में मंत्री के काफिले पर भीड़ ने किया हमला

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी गुरुवार को पूर्वी बर्धमान जिले में भीड़ द्वारा उनके काफिले पर किए हमले में बच गये। जन शिक्षा विस्तार और पुस्तकालय सेवा मंत्री चौधरी ने 2021 में टीएमसी के टिकट पर पूर्व बर्धमान जिले के मोंटेश्वर विस क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि उनकी जान लेने की कोशिश हुई, क्योंकि पंचायत प्रधान के नेतृत्व में उनकी पार्टी के एक गुट से संबंधित भीड़ ने उनके वाहन पर पत्थर फेंके और विंडस्क्रीन तोड़ दी, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई।

#### बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रा बनी मां, पुलिस को नोटिस

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 10वीं कक्षा की छात्रा की बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रसव होने के मामले में संज्ञान लेते हुए एसपी को नोटिस जारी किया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के अधिवक्ता अखंड की ओर से दायर याचिका पर कार्रवाई करते हुए, एनएचआरसी ने जाजपुर के एसपी से चार सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

# बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- झारखंड में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं की जाएंगी लागू

गढ़वा (झारखंड), एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र झारखंड के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जाएंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड में राजमार्ग क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा।

उन्होंने जनसभा में कहा, मैं झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमने राज्य में 40,000 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में 70,000 करोड़ की लागू कर रहे हैं, जबकि 75,000 करोड़ की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से



• बोले- 36 हजार करोड़ से वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण 2028 तक होगा पूरा

वाराणसी-रांची-कोलकाता हरित गलियारे (ग्रीनफील्ड कॉरिडोर) मार्च 2028 तक पूरा होगा जबकि जनवरी, 2028 तक 12,800 से रांची-वाराणसी आर्थिक गलियारा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बीच 31,700 करोड़ से 6 लेन वाली कॉरिडोर परियोजना जून 2026 तक पूरी होगी। 8,900 करोड़ से बन रहा 4 लेन का रांची-पटना आर्थिक गलियारे का काम दिसंबर 2029 तक हो जाएगा। 16,500 करोड़ से रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारा जनवरी 2028 तक बन जाएगा। गडकरी ने कहा कि चुनाव तक राजनीति होनी चाहिए, लेकिन चुनाव के बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार द्वारा उठाए लोकलुभावन कदमों की ओर इशारा किया। उन्होंने झारखंड सरकार से राज्य में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से मंजूरी और अन्य मुद्दों से संबंधित बाधाओं को दूर करने का भी आग्रह किया।

### 11 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया


गडकरी ने कहा, राज्य में 2014 में 2,600 किमी का राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो अब 4,470 किमी है। मंत्री ने गढ़वा में शंख से खजूरी तक 1,130 करोड़ से बने 23 किमी लंबे 4 लेन वाले राजमार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़-झारखंड अंतर-राज्यीय सीमा से गुमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के 32 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन बनाने के लिए 1,330 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी। गडकरी ने 6,350 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें रांची में 560 करोड़ रुपये का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' भी शामिल है। गडकरी ने कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझे बताया कि वह आज के समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उनके पिता शिबू सोरेन अस्वस्थ हैं और उनका दिल्ली में इलाज किया जा रहा है।

# मानसून सत्र में व्यवधान पैदा नहीं करें पार्टियां : बिड़ला

गुरुग्राम, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा (18वीं) में व्यवधान पहले के मुकाबले कम है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए।

बिड़ला ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने की आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी



• हरियाणा में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को लोस अध्यक्ष ने किया संबोधित

प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। बिड़ला ने कहा, यह बदलाव का समय है। अगर हमें लोकतंत्र को मजबूत करना है और लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना है, तो हमें सुनिश्चित करना होगा कि सदन काम करें। सभी राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान कम करने के प्रयास करने चाहिए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक चलेगा। बिड़ला ने कहा कि वह 2014 से लोकसभा की कार्यवाही देख रहे हैं जब वह पहली बार सदन के सदस्य चुने गए थे।

### प्रकृति का कहर



कुल्लू : सोलंग घाटी स्थित बर्फ गैलरी के पास हुए भूस्खलन के बाद मलबे के कारण मनाली-लेह एनएच अस्थायी रूप से बंद हो गया। प्रशासन मलबा हटाने और मार्ग बहाल करने के लिए राहत कार्यों में जुटा है। एजेंसी

# मंडी में बादल फटने से मरने वालों की संख्या 13 हुई, 29 की तलाश

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से संबंधित घटनाओं में दो और शव बरामद होने के साथ मृतकों की 13 हो गई है जबकि 29 अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने की 10 घटनाएं हुईं, तीन बार बाढ़ आई और एक स्थान पर भूस्खलन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह दो शव बरामद हुए। 7 शव गोहर से, 5 थुनाग से और 1 मंडी के करसोग उपमंडल से मिला। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि कुल 162 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 सहित 370 लोगों को बचाया गया और पांच राहत शिविर स्थापित किए गए हैं।

### 10 स्थानों पर नदियों का जल स्तर सामान्य से अधिक

**नई दिल्ली।** देश भर के उन हिस्सों में जहां बाढ़ की स्थिति बनी है गुरुवार को हालात में सुधार हुआ और 10 नदी निगरानी केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है, जबकि एक दिन पहले ऐसे 12 केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दैनिक बाढ़ पूर्वानुमान बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

# पुराने हो चुके वाहनों के ईंधन पर रोक व्यावहारिक नहीं : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणालियों से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यवहारिक नहीं है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि इस कदम से लोगों में असंतोष है और सरकार उनके साथ खड़ी है।

सिरसा ने कहा कि सरकार ने सुझाव दिया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लागू होना चाहिए। दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों के लिए पेट्रोल पंप से ईंधन भराने पर रोक लगाया था। सरकार के मुताबिक 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन इस आदेश की जद में आएंगे। अदालती आदेश अनुसार सड़कों पर इन वाहनों को चलने की अनुमति नहीं है।

# जांच की प्रगति पर हलफनामा दे बंगाल सरकार : हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

### विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार को विधि कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर हलफनामा दाखिल करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को 10 जुलाई को अगली सुनवाई पर उसके समक्ष केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी शामिल थीं।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 25 जून की शाम को कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 3 जनहित याचिकाएं दायर हुई हैं। मुख्य आरोपी कॉलेज का भूतपूर्व छात्र है और संस्थान का संविदा कर्मचारी भी है। खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह विधि छात्रा से जुड़ी इस भयावह घटना के संबंध में याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों पर सुनवाई की अगली तारीख पर एक रिपोर्ट के रूप में जवाब दे।

# दिशा ने आत्महत्या की जांच में गड़बड़ी नहीं

**मुंबई।** पुलिस ने बंबई हाईकोर्ट से कहा कि पूर्व सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या की और उनकी मौत के मामले में कोई साजिश नहीं मिली। दिशा के पिता सतीश सालियान ने फिर से आरोप लगाया कि उनकी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और हत्या की गई। पुलिस ने अदालत में पिछले महीने दाखिल हलफनामे में कहा कि दिशा ने फ्लैट की खिड़की से छलांग लगाई थी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत युवती पर यौन या शारीरिक हमले के संकेत मिलने का कोई जिक्र नहीं है। दिशा अपने परिवार के साथ विवाद और कारोबारी परेशानियों के कारण काफी तनाव में थी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा जाने के लिए 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू आधार शिविर से रवाना हुआ। द. कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गरुवार तड़के घाटी से दो मार्गों- अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा 14 किमी, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग, से शुरू हुई। तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच 168 वाहनों के काफिले में भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। साथ ही जम्मू आधार शिविर से मंदिर के लिए रवाना हुए तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़कर 11,138 तक पहुंच गई है। दूसरे जत्थे में 4,074 पुरुष, 786 महिलाएं और 19 बच्चे हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भगवती नगर आधार शिविर से वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पहले जत्थे को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

# दिल्ली: डांट से नाराज घरेलू सहायक ने की मालकिन और उसके बेटे की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के लाजपत नगर में डांट से नाराज घरेलू सहायक ने मालकिन और उसके किशोर बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बिहार के हाजीपुर निवासी आरोपी मुकेश (24) को उत्तर प्रदेश रेलवे पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वह ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुधवार रात 9. 43 बजे लाजपत नगर निवासी कुलदीप सेवानी की तरफ से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल आई। पुलिस के अनुसार, सेवानी ने बताया कि उनकी पत्नी रुचिका (42) और 14 वर्षीय बेटा फोन नहीं उठा रहे हैं और उनके घर की सीढ़ियों पर खून के



• ट्रेन से भागने की कोशिश के दौरान यूपी की रेलवे पुलिस ने किया गिरफ्तार

धब्बे हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने कहा, पीसीआर वाहन मौके पर पहुंचे जहां घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। घर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिले। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। रुचिका और उसके बेटे के शव घर से बरामद किए गए। महिला का शव शयनकक्ष में मिला जिसका गला रेता था और बेटे का शव स्नानगृह से बरामद किया गया।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

# दूसरे मंगलसूत्र पर सोनम और राज की शादी का संदेह

**इंदौर (मप्र)।** मेघालय में हनीमून के दौरान जान से मार डाले गए इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने एक और मंगलसूत्र के आधार पर गुरुवार को संदेह जताया कि सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह से शादी कर ली होगी। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने कहा, हमें पता चला कि मेरे भाई के हत्याकांड की जांच के दौरान मेघालय पुलिस ने दो मंगलसूत्र बरामद किए हैं। इनमें से एक सोनम हमने दिया था, लेकिन दूसरा इन दोनों की शादी से जुड़ा हो सकता है।

# भारत ने पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया

269 रन
387 गेंद
30 चौके
03 छक्के

## इंग्लैंड ने की खराब शुरुआत , महज 13 रन पर दो विकेट गिरे, आकाश दीप को मिली सफलता

बर्मिंघम, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक (269 रन) से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। उसके दो विकेट बेन डकेट (0) और ऑली पोप (0) महज 13 रन पर गिर गए। दोनों सफलता आकाश दीप को मिली।

शुभमन गिल ने रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 जबकि वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। ब्रेक के समय आकाश दीप उनका साथ निभा रहे थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। पिच हालांकि काफी सपाट है और भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के लिए 20 विकेट चटकाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियां गिल के शानदार दोहरे शतक की चमक को कम नहीं कर पाई। सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की इच्छा व्यक्त करने वाले गिल इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाला पहला एशियाई कप्तान बनने के बाद अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित सीरीज टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली सीरीज है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए जबकि सुंदर ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। सुंदर ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। गिल के लिए 199 रन पर कुछ देर अटके रहे लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उनके जश्न से पता चलता है कि उनके लिए यह प्रयास कितना मायने रखता है जिसकी विपक्षी टीम और इंग्लैंड के प्रशंसकों ने सराहना की। दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में रूट ने सुंदर को बोल्ड करके टीम को दिन की दूसरी सफलता दिलाई।

इससे पहले भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की और सुबह के सत्र में 25 ओवर में जडेजा के रूप में एक विकेट खोकर 109 रन जोड़े। सुबह के सत्र में अधिकांश समय शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति कारगर नहीं रही। टंग ने सत्र के अंत में शॉर्ट गेंद से सत्र की एकमात्र सफलता हासिल की। जडेजा उछाल लेती गेंद को नियंत्रित नहीं कर सके और विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने आसान कैच लपका। एजबस्टन में तेज धूप के बीच जडेजा ने कवर क्षेत्र में बैकफुट पंच और बेन स्टोक्स की गेंद को कट करके दिन की शुरुआत की।

गिल ने क्रिस वोक्स पर थर्ड मैन क्षेत्र में दिन की अपनी पहली बाउंड्री लगाई। गिल ने बशीर के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेले। भारतीय कप्तान को यह शॉट खेलते हुए देखना हैरानी भरा था।



शुभमन गिल।

> हां, शुभमन गिल... आपने सिर्फ नेतृत्व ही नहीं किया – आपने राज किया। पंजाब के दिल से लेकर भारतीय क्रिकेट की आत्मा तक। आपने दुनिया को दिखाया है कि मैदान पर राजसीपन कैसा होता है।
>
> – पंजाब क्रिकेट संघ

### भारत पहली पारी

**587/10** (151 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** वोक्स 25-6-81-2, कार्स 24-3-83-1, टंग 28-2-119-2, स्टोक्स 19-0-74-1, बशीर 45-2-167-3, रूट 5-0-20-1, ब्रूक 5-0-31-0



रविंद्र जडेजा।

## गिल के दोहरे शतक पर युवराज ने कहा, बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया

**नई दिल्ली :** शुभमन गिल के स्पष्ट इरादों ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में जबर्दस्त सफलता दिलाई क्योंकि उन्होंने दोहरा शतक जड़ने को पार्क में टहलने जितना आसान बना दिया। एक समय गिल के मेंटर (मार्गदर्शक) रहे युवराज सिंह ने यह बात कही। भारत की दो विश्व कप जीत के नायक रहे 44 वर्षीय युवराज ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मार्गदर्शन किया था जब वे उनके चंडीगढ़ के बंगले में रुके थे। युवराज ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया! शानदार खेला और दोहरे शतक के हकदार थे, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता। हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गिल की कप्तानी की 'शानदार शुरुआत' की सराहना की। अश्विन ने लिखा गिल का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। अब भारत को पूरे दिन बल्लेबाजी करनी चाहिए। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई।

## गिल की रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण : ट्रॉट

**मुंबई :** पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची-समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की शृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है।

## एक नजर



नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से पहले संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कर्नाटक ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के. गोविंदराज व भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा। ● एजेंसी

### नीरज चोपड़ा ने कर्नाटक सरकार के सहयोग को सराहा

**बेंगलुरु :** दो बार के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने नीरज चोपड़ा क्लासिक को लेकर निरंतर सहयोग के लिए कर्नाटक सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ और युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग की प्रशंसा की है – जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय मार्की भाला फेंक प्रतियोगिता है। शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं और इसे विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली है। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स, खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा गोल्ड लेवल का दर्जा भी दिया गया है–जो इसके पैमाने और महत्व को मान्यता देता है। इस आयोजन की तैयारी में, स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड :** लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### ऋषभ पंत डीपीएल सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे

**नयी दिल्ली :** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं जिन्होंने पिछले साल शुरुआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइज़ी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है।

### लोनाटो विश्व कप में भाग लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली :** ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी।

# जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

लंदन, एजेंसी

पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।
हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर व इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट। ● एजेंसी

**समय : रात 11:05 बजे से**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स, डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, इसी वोंग, लिन्सी स्मिथ।

## दीप्ति ने शानदार नतीजों के लिए लंबे ट्रेनिंग सत्र को श्रेय दिया

**लंदन :** आल राउंडर दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय महिला टीम को बेंगलुरु और इंग्लैंड में करीब एक महीने तक चले तैयारी शिविर से काफी फायदा हुआ जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 27 दिन का शिविर लगाया और टीम पांच मैच की टी20 श्रृंखला से आठ दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गई। अभी भारत पांच मैच की टी20 श्रृंखला में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 97 रन और दूसरे मैच में 24 रन से जीत दर्ज की। ओवल में तीसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर दीप्ति ने मीडिया से कहा 'बेंगलुरू में शिविर के दौरान परिस्थितियां कुछ हद तक समान थीं। हवा चल रही थी और हमें इस मौसम के अनुकूल ढलने में मदद मिली। उन्होंने कहा 'हम श्रृंखला से एक या दो हफ्ते पहले यहां आए थे। हर कोई अच्छी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढल गया।



# आधिकारिक सूचना का इंतजार, पर हॉकी के लिए यह अच्छा फैसला : दिलीप टिर्की

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पाकिस्तानी टीम को भारत की मेजबानी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों में खेलने से नहीं रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हॉकी के लिये अच्छा फैसला है।

खेल मंत्रालय के सूत्र के अनुसार मंत्रालय ने अगस्त में बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में होने वाले जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी की अनुमति देने का फैसला किया है। टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा हमारे पास अभी आधिकारिक सूचना नहीं आई है और मैं भी मीडिया से सुन रहा हूं। लेकिन अगर सरकार ने मंजूरी दे दी है तो यह हॉकी के लिये बहुत अच्छी बात है। तीन ओलंपिक खेल चुके इस महान डिफेंडर ने कहा भारत दो महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में और जूनियर विश्व कप चेन्नई और मदुरै में होगा और दोनों में पाकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं। बीजद के राज्यसभा सांसद रह चुके टिर्की ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेल के प्रचार के लिये अच्छे होते हैं क्योंकि लोगों की इसमें काफी रूचि होती है। इससे खेल के लिये अच्छा माहौल बनता है और टूर्नामेंट की सफलता के लिये भी यह अच्छा होगा।

### पाकिस्तान को भारत में जरूर खेलना चाहिए : बट

**नयी दिल्ली :** भारत में होने वाले आगामी अहम टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होने के फैसले को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रेहान बट ने कहा कि भविष्य में भारतीय टीम को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। भारत में अगस्त में बिहार के राजगीर में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप होना है जिसमें पाकिस्तान प्रतिभागी देशों में से है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी। लेकिन खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में होने वाले आगामी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को खेलने से रोका नहीं जायेगा। रेहान ने पाकिस्तान से भाषा से बातचीत में कहा यह फैसला हुआ है तो काफी सकारात्मक है। मुझे नहीं पता कि हमारी सरकार का क्या फैसला रहता है लेकिन मेरी निजी राय है कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिये और पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत जाकर जरूर खेलना चाहिए। तीन ओलंपिक और दो विश्व कप खेल चुके इस दिग्गज फॉरवर्ड ने कहा आखिर किसी को तो पहला कदम उठाना चाहिये था और अगर पाकिस्तानी टीम भारत जाती है तो भविष्य में भारत को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तानी टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा कि भारत और पाकिस्तान का आपस में खेलना एशियाई हॉकी और खेल की लोकप्रियता के लिये बहुत जरूरी है।



# अल्काराज जीते, सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैरी बुजकोवा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ● एजेंसी

लंदन, एजेंसी

दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं।

अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुज़कोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।



महिला एकल मैच के दौरान इटली की जैस्मीन पाओलिनी के साथ खेलते समय रूस की कामिला राखिमोवा की पोनी टेल उनकी आंखों में चली जाती है। ● एजेंसी

### एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

**लंदन :** भारत के एन श्रीराम बालाजी ने बृहस्पतिवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक-एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया।



सर्बिया के नोवाक जोकोविक दूसरे दौर के पुरुष एकल में ब्रिटेन के डेनियल इवांस के खिलाफ एक अंक जीतने के बाद खुशी जताते हुए। ● एजेंसी

# यूक्रेनी सीमा के नजदीक मारा गया रूस का शीर्ष जनरल

- यूक्रेन से संघर्ष के बीच अब तक रूस के 10 जनरल मारे जा चुके

मॉस्को, एजेंसी

रूस का एक शीर्ष जनरल यूक्रेन की सीमा के निकट कुर्स्क क्षेत्र में मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की खबर के मुताबिक, रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत यूक्रेन के सुमी क्षेत्र की सीमा से सटे पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में हुई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जनरल मिखाइल की मौत 'सैन्य अभियान' के दौरान हुई। हालांकि, उसने अभियान के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया। गुडकोव को सर्वोच्च उपाधि 'रूसी संघ के नायक' से सम्मानित किया गया था। वह मार्च में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में पदोन्नति से पहले 'क्रैक 155वीं मरीन ब्रिगेड' के कमांडर थे।

कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर खिन्शतेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जनरल गुडकोव को उस समय मार डाला गया, जब वह अग्रिम मोर्चे पर अपने सैनिकों से मिलने गए थे। हालांकि, उन्होंने घटना के बारे में कोई विवरण नहीं दिया और न ही इस बात का खुलासा गया कि उनकी मौत कब हुई। यूक्रेन में रूस के लगभग साढ़े तीन साल के सैन्य अभियान में, मॉस्को ने 10 जनरल के मारे जाने की पुष्टि की है।

# ईरान के आईएईए के साथ सहयोग रोकने पर यूएन ने चिंता जताई

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन)ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अस्थायी रूप से सहयोग समाप्त करने के ईरान के फैसले पर चिंता व्यक्त की है।

यूएन महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा,हमने आधिकारिक निर्णय देखा है, जो चिंताजनक है। महासचिव ने हमेशा ईरान से आईएईए के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है और परमाणु मुद्दों पर सभी देशों के साथ सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ये निर्णय ईरानी संसद में पारित एक कानून के बाद आया है जिसमें आईएईए के साथ सहयोग को तब तक रोकने का प्रावधान है जब तक उसके परमाणु संयंत्रों और वैज्ञानिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती।

# दुनिया भर में आम हो चुके हैं कृत्रिम वर्षा के प्रयोग

कृत्रिम वर्षा कराने की प्रक्रिया को क्लाउड सीडिंग भी कहते हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की तैयारी की थी लेकिन बारिश के मौसम में ये फैसला करने पर सवाल उठे तो इसे टाल दिया। कृत्रिम वर्षा दरअसल एक वैज्ञानिक विधि है जिसका उपयोग सूखे, जल संकट या वायु प्रदूषण जैसी परिस्थितियों में किया जाता है। इसकी जरूरत तब पड़ती है जब प्राकृतिक वर्षा न हो रही हो या बहुत कम हो रही हो। कृत्रिम वर्षा के लिए बादलों में कुछ रासायनिक तत्व छोड़े जाते हैं जो उन्हें बरसने के लिए प्रेरित करते हैं। इस तरह की बारिश आपात स्थितियों में थोड़ी राहत तो देती है लेकिन प्राकृतिक वर्षा का विकल्प नहीं होती। हालांकि बदलती मौसमी परिस्थितियों के चलते दुनिया भर में इसका प्रयोग आम हो चला है।



### चर्चित प्रयोग

2023 में दिल्ली में प्रदूषण काफी बढ़ गया था। तब आईआईटी कानपुर ने दिल्ली सरकार के साथ एक क्लाउड सीडिंग प्रोग्राम प्रस्तावित किया। हालांकि पर्याप्त बादल न होने पर इसे टालना पड़ा।

### कृत्रिम वर्षा की तकनीक

कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर आयोडाइड या पोटेशियम आयोडाइड के कण, सामान्य नमक जिसका वैज्ञानिक नाम सोडियम क्लोराइड होता है, सूखी बर्फ और अत्यधिक ठंडे तापमान में लिक्विड प्रोपेन जैसे रासायनिक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। इन कणों को को विमान, ड्रोन या जमीन से रॉकेट और तोप से बादलों में छोड़ा जाता है। ये कण बादल की जल वाष्प को संघनित कर बूंदों में बदल देते हैं, जिसका नतीजा वर्षा के रूप में सामने आता है।

### इसलिए पड़ती है जरूरत

सूखे की स्थिति, सूखे जलाशयों का जल स्तर बढ़ाने, वायु प्रदूषण कम करने और आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों जंगलों की आग बुझाने के लिए कृत्रिम वर्षा का सहारा लिया जाता है। चीन ने वर्ष 2008 में बीजिंग में ओलंपिक के दौरान बारिश को नियंत्रित करने के लिए इस तकनीक का उपयोग किया था।

### बादल न हों तो नहीं होती वर्षा

वैज्ञानिकों के अनुसार कृत्रिम वर्षा की सफलता दर 30 से 50 प्रतिशत तक ही होती है। परिणाम काफी हद तक बादलों की उपयुक्तता पर निर्भर करता है। बादल मौजूद न हों तो यह तकनीक काम नहीं करती।

### भारत में इस्तेमाल

भारत में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के सूखा प्रभावित क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा कराई गई है। बेंगलुरु में जल संकट के दौरान यह तकनीक इस्तेमाल की गई। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मानसून में कमी और दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए 2023 में इस्तेमाल किया गया। राजस्थान में भी प्रयोग हो चुका है।

### एक बार में खर्च 15 करोड़

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबित एक राज्य को सीजन के हिसाब से औसतन 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। बादलों में रासायनिक तत्व छोड़ने के लिए प्रति घंटा उड़ान पर ही 5 से 15 लाख तक का खर्च आ सकता है, ये हेलीकॉप्टर या विमान पर भी निर्भर करता है और यह लागत बादलों के घनत्व और क्षेत्र के आकार के अनुसार बदल जाती है।

### कुछ दुष्प्रभाव भी हैं

- पर्यावरणीय असंतुलन हो सकता है। कृत्रिम वर्षा से अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक वर्षा में कमी आ सकती है।
- रासायनिक प्रभाव भी संभावित हैं। सिल्वर आयोडाइड जैसे रसायन पर्यावरण और जलीय जीवों पर प्रभाव डाल सकते हैं।
- एक क्षेत्र को वर्षा देने से दूसरे क्षेत्र में सूखा पड़ सकता है। यह न्यायिक और सरकारी स्तर पर नीति संबंधी विवाद हो सकता है।

## एक नजर

### जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया शुरू

**टोक्यो।** जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया गुरुवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। इस 17-दिवसीय चुनाव प्रकिया से यह तय हो जाएगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन सदन में बहुमत बनाए रखने में सक्षम है या नहीं। इस समय सत्तारुढ़ दल निचले सदन में अल्पमत में है एवं सदन में बहुमत बनाए रखने के लिए उसे 50 और सीटें जीतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि कुल 519 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें 152 महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में मुख्य मुद्दा बढ़ती मंहगाई है।

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से चार की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली जलडमरूमध्य में गुरुवार को एक यात्री जहाज के डूबने से चार लोगों की मौत की हो गयी और 38 लोग लापता हो गए और 23 अन्य बच गए। अधिकारियों के अनुसार लकड़ी का जहाज केएम टुनु प्रतामा जया पूर्वी जावा के बन्युवांगी रीजेंसी में केटापांग बंदरगाह से बाली द्वीप पर जेम्ब्राना रीजेंसी में गिलिमनुक बंदरगाह की ओर जा रहा था। श्री वटेलेहन ने बताया, घटना में 23 लोग बच गए, चार की मौत हो गई और 38 अन्य लापता हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई थी। इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

### शिकागो में हुई गोलीबारी में मारे गए चार लोग

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो शहर में बुधवार रात को एक रेस्तरां के बाहर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। गोलीबारी की यह घटना बुधवार देर रात शिकागो के रिवर नॉर्थ इलाके में एक रेस्तरां के बाहर हुई, जहां एक गायक के एल्बम रिलीज की पार्टी आयोजित की गई थी। पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति ने रेस्तरां के बाहर खड़ी भीड़ पर गोलीबारी की और वाहन से तुरंत फरार हो गया।

### दक्षिणी मंगोलिया में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया

**उलान बटोर।** मंगोलिया के दक्षिणी प्रांत डुंडगोवी में गुरुवार को 5 .0 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर तीन मिनट पर इटके महसूस किए गए। देश के खगोल विज्ञान एवं भूभौतिकी संस्थान ने एक बयान में कहा कि भूकंप का केंद्र डुंडगोवी प्रांत के प्रशासनिक उपखंड से 13 किमी उत्तर में था और शुरुआत में इसका केंद्र 46 .25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 106 .34 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।


# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

## बढ़ेगी भारत की मुश्किल, जयशंकर ने ट्रंप प्रशासन को चिंता से अवगत कराया

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है।

डॉ. जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर चिंता व्यक्त की है।



जयशंकर गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिले।

### भारत के साथ चीन के लिए भी पैदा होगी समस्या

ग्राहम ने दावा किया है कि इस विधेयक को 84 सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। भारत और चीन रूसी तेल के दो प्रमुख खरीदार हैं और अगर यह विधेयक पारित हो जाता है,तो इससे दोनों देशों के लिए समस्याएं पैदा होंगी। भारत का कहना है कि रूस के साथ उसका तेल व्यापार वैध है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह भारतीय उत्पादों खासकर फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल निर्यात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति दे सकता है।

### अमेरिका-वियतनाम व्यापार समझौते पर चीन ने दी चेतावनी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका-वियतनाम के बीच हुए व्यापार समझौते पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि इससे तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद आया है जिसमें अमेरिका में वियतनामी निर्यात पर 20% टैरिफ और वियतनाम होकर भेजे जाने वाले सामान पर 40% टैरिफ शामिल है। समझौते का उद्देश्य वियतनाम में अमेरिकी व्यवसायों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है। यह वियतनाम को अमेरिकी बाजारों तक पूर्ण पहुंच प्रदान करेगा जिससे अमेरिकी उत्पादों को वियतनाम में शून्य टैरिफ पर प्रवेश मिलेगा। चीन इसलिए नाराज है कि समझौते से उस देश के माल पर 40% टैरिफ लगेगा जिसका उद्देश्य तीसरे देशों, विशेष रूप से चीन से आने वाले सामानों को वियतनाम के माध्यम से अमेरिका में निर्यात होने से रोकना है।

# न्यायालय ने ट्रंप के शरण प्रतिबंध पर रोक लगाई

- कहा- कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन

**सैक्रामेंटो।** एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है।

कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि ट्रंप की जनवरी की घोषणा ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को 'आक्रमण' के रूप में ब्रांड किया गया था और एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली बनाने की कोशिश की गई थी।

उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ मौलिक रूप से असंगत पाया।

# इजराइली गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए

- मारे गए लोगों में 45 गाजा शहर में जरूरी राहत हासिल करने की कर रहे थे कोशिश

तेल अवीव, एजेंसी

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों और गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए और इनमें से 45 लोग ऐसे थे जो अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। इजराइल की सेना ने गाजा में हुए इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए तथा गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे 40 अन्य लोग मारे गए। ये फाउंडेशन इजराइल समर्थित नव निर्मित अमेरिकी संगठन है जो गाजा पट्टी में आबादी को भोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गाजा पट्टी पर बुधवार रात और बृहस्पतिवार सुबह हुए हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग मुवासी क्षेत्र में स्थित तंबुओं पर हुए हमलों में मारे गए।

मुवासी क्षेत्र में कई विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इसके अलावा, गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 57,000 से अधिक हो गई है जिनमें वे 223 लापता लोग भी शामिल हैं जिन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। ये मौतें ऐसे समय में हुई हैं जब इजराइल और हमास संभावित संघर्षविराम के करीब पहुंच रहे हैं।

### हिजबुल्लाह ने हथियार छोड़ने से इन्कार किया

**बेरूत।** लेबनान में हिजबुल्लाह समूह ने इजराइल से वास्तविक और रणनीतिक खतरे का हवाला देते हुए हथियार छोड़ने से इन्कार कर दिया है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने फिर से पुष्टि की है कि समूह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। समूह के नेता ने बुधवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में आशूरा परिषद के कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा, हमारे हथियार इजराइल का सामना करने के लिए हैं और हम इस अधिकार को कभी नहीं छोड़ेंगे। हिजबुल्लाह ने कहा है कि संभावित इजराइली आक्रमण के खिलाफ उसके हथियार आवश्यक हैं। कासिम ने अपने भाषण में कहा, इजराइल एक वास्तविक और रणनीतिक खतरा है, न केवल फिलिस्तीन और लेबनान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए।

# दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग के गर्भपात के आदेश के खिलाफ याचिका

- हाईकोर्ट पहुंचा एम्स प्रशासन, कहा- किशोरी के प्रजनन स्वास्थ्य पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने यौन शोषण की नाबालिग पीड़िता को 27 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति देने वाले एक आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 30 जून को एम्स को 16 वर्षीय लड़की का गर्भपात करने का आदेश दिया था।

एम्स ने मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ के समक्ष दलील दी कि गर्भपात कराने से भविष्य में लड़की के प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने नाबालिग लड़की की मां और मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष या सदस्य को दोपहर करीब 2.30 बजे उपस्थित रहने को कहा, जब सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने यह भी कहा कि बलात्कार पीड़िता को गर्भावस्था जारी रखने की सलाह देने से उसमें चिंता पैदा होगी, जिसका उसके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### लापरवाह ड्राइविंग पर मुआवजा देने को बाध्य नहीं बीमा कंपनी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमा कंपनियां उन लोगों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं हैं जिनकी मौत लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हो। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तेज गति से कार चलाते समय मारे गए एक व्यक्ति के परिवार द्वारा मांगे गए 80 लाख रुपये के मुआवजे को देने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के पिछले साल 23 नवंबर के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें मृतक के परिवार की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

# अगले दलाई लामा का फैसला स्थापित संस्था करेगी: रीजीजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा।

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही संस्था के भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था हैं। दलाई लामा को मानने वाले सभी की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापि त परंपरा और दलाई लामा की इ च्छानुसार होना चाहिए। उनके अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है।

## जलप्रपात का नजारा



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में बारिश के बाद इंद्रावती नदी उफान पर है। चित्रकोट जलप्रपात जल प्रपात की ऊंचाई 90 फीट है। इस जलप्रपात की विशेषता यह है कि वर्षा के दिनों में यह रक्त लालिमा लिए हुए होता है, तो गर्मियों की चाँदनी रात में यह बिल्कुल सफ़ेद दिखाई देता है। गुरुवार को भी यहां बेहद सुंदर नजारा दिखाई दिया। एजेंसी

# संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम शिनावात्रा

बैंकॉक, एजेंसी



- शिनावात्रा समेत कई नए कैबिनेट मंत्रियों को दिलाई गई शपथ

थाईलैंड के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण की, जिनमें निलंबित प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनावात्रा भी शामिल थीं। शिनावात्रा एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता से वार्ता में की गई टिप्पणियों को लेकर जांच का सामना कर रही हैं।

पैटोंगटर्न शिनावात्रा को मंगलवार को प्रधानमंत्री पद से निलंबित किया गया था और थाईलैंड नरेश ने उसी दिन नए मंत्रिमंडल की मंजूरी दी, जिसमें शिनावात्रा को संस्कृति मंत्री के रूप में नामित किया गया। शपथ के लिए 'गवर्नमेंट हाउस' पहुंची शिनावात्रा मुस्कराती नजर आईं, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुरिया जुंगरुंगरियांगकित ने नए मंत्रियों का नेतृत्व करते हुए थाईलैंड नरेश महा वजीरालोंगकोर्न से औपचारिक अनुमोदन प्राप्त किया। समझा जाता है कि सुरिया, कार्यवाहक प्रधानमंत्री के दायित्वों को उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री फुमथाम वेचायाचाय को सौंपेंगे, जिन्होंने बृहस्पतिवार को शपथ ली।

शिनावात्रा ने पिछले वर्ष जब पद संभाला था, तब वेचायाचाय ने उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभाई थी। कम्बोडिया के साथ सीमा विवाद को लेकर शिनावात्रा के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। मई में हुई एक झड़प में एक कम्बोडियाई सैनिक की मौत के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

# एअर इंडिया ने दिल्ली वाशिंगटन उड़ान को विएना में रोका

**मुंबई।** दिल्ली से वाशिंगटन के लिए दो जुलाई को उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान विएना में ईंधन भरने के लिए निर्धारित पड़ाव के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सका। इस कारण वाशिंगटन से दिल्ली के लिए निर्धारित इसकी वापसी उड़ान भी रद्द कर दी गई।

एअर इंडिया के बयान के अनुसार, दो जुलाई को दिल्ली से वाशिंगटन डी.सी. जाने वाली उड़ान संख्या एआई103 विएना में ईंधन भरने के लिए पूर्व निर्धारित योजना के तहत रुकी। विमान की नियमित जांच के दौरान, एक विस्तारित रखरखाव कार्य की पहचान की गई, जिसे अगली उड़ान से पहले ठीक करने की आवश्यकता थी और इस प्रकार, इसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी।

## सवालों का घेरा

### अमेरिका के 21 राष्ट्रपतियों की तरह कहीं दूसरे कार्यकाल के श्राप का शिकार तो नहीं होने जा रहे ट्रंप

# दूसरे कार्यकाल के शुरू में ही ट्रंप की लोकप्रियता धराशायी

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने विरोधियों को तीसरे कार्यकाल की संभावना जताकर अक्सर छेड़ते हैं लेकिन उनके सामने भी एक ऐतिहासिक चुनौती है, और वह है : 'दूसरे कार्यकाल का श्राप'। अब तक अमेरिका के 21 राष्ट्रपतियों ने दूसरा कार्यकाल पूरा किया है, लेकिन कोई भी अपने पहले कार्यकाल की सफलता की बराबरी नहीं कर सका। ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट सवाल खड़ा कर रही है कि कहीं वह भी इसी श्राप से गुजरने तो नहीं जा रहे हैं।

दूसरे कार्यकाल के प्रदर्शन आमतौर पर फीके और प्रेरणाहीन रहे हैं। कुछ मामलों में तो विनाशकारी भी। इसके लिए मतदाताओं की असंतुष्टि और निराशा, राष्ट्रपति का थकान महसूस करना और भविष्य की स्पष्ट व स्थायी दूरदृष्टि की कमी जैसे कारण बताए जाते हैं। लेकिन ट्रंप इस परिपाटी में पूरी तरह फिट नहीं बैठते। 19वीं सदी के अंत में ग्रोवर क्लीवलैंड एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे, जिनके दो कार्यकाल के बीच अंतराल था यानी कि पहले और दूसरे कार्यकाल के बीच कोई और राष्ट्रपति बना था।



### सर्वे में ट्रंप को मिली है नकारात्मक रेटिंग

हाल ही में ईरान पर बमबारी और लॉस एंजिलिस में सैनिकों की तैनाती के बाद अमेरिकी जनता की तीव्र प्रतिक्रिया के चलते ट्रंप की लोकप्रियता रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। हाल ही में 'यूगव' के एक सर्वेक्षण में मतदाताओं ने महंगाई, नौकरियों, आप्रवासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को संभालने के ट्रंप के तरीके को नकारात्मक रेटिंग दी है। भले ही उन्होंने कई मोर्चों पर तेजी से कार्रवाई की हो, लेकिन अनिश्चितता का स्तर, अचानक किए गए बड़े बदलाव और बाजार में अस्थिरता शायद उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

इसी वजह से 'ट्रंप 2.0' (ट्रंप के दूसरे कार्यकाल) की, दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति रहे अन्य नेताओं से तुलना करना कठिन हो जाता है। ट्रंप निश्चित रूप से यह चाहेंगे कि इतिहास ग्रोवर क्लीवलैंड के दूसरे कार्यकाल के श्राप को दोहराए नहीं। क्लीवलैंड ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही 50 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगा दिए थे, जिससे 1893 में वैश्विक बाजारों में भारी अस्थिरता फैल गई थी। उस समय यह अमेरिका के इतिहास की सबसे भयानक मंदी मानी गई थी : 19 प्रतिशत बेरोजगारी, अमेरिकी राजकोष से सोने की भारी निकासी, शेयर बाजार का ध्वस्त होना और व्यापक स्तर पर गरीबी फैलना।

एक सदी से भी अधिक समय बाद, ट्रंप अगर तेजी से काम करने का अपना रवैया दूसरे कार्यकाल में भी अपनाते हैं तो यह उन मतदाताओं को आकर्षित कर सकता है जो सबसे पहले कार्रवाई की मांग करते है। अब तक उन्होंने व्यापार युद्ध और सांस्कृतिक युद्ध लड़ते हुए पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तक की स्थिति पर विचार किया है। उनका 'बिग ब्यूटीफुल बिल' राष्ट्रीय ऋण में खरबों डॉलर जोड़ देगा और संभवतः कई गरीब मतदाताओं, जिनमें कई रिपब्लिकन भी शामिल हैं, को 'मेडिकेड' जैसी स्वास्थ्य सेवाओं से बाहर कर सकता है। उनका यह कट्टरपंथी तरीका दूसरे कार्यकाल के 'श्राप' को खत्म करेगा या उसी का शिकार बनेगा, यह अब भी एक सवाल है।